नई दिल्ली

रविवार, 16 मार्च 2025

फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष,
द्वितीया वर्ष : 28, अंक : 335
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

**मौसम**
अधि. 27.0
न्यून. 14.0

haribhoomi.com

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी





## ओलंपियन मनदीप और उदित कौर बंधेंगे शादी के बंधन में

**हिसार (हरिभूमि न्यूज)।** हरियाणा और पंजाब के दो ओलंपियन जालंधर के हॉकी खिलाड़ी मनदीप सिंह और हिसार की उदिता कौर जल्द शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। दोनों की शादी का कार्ड सामने आ गया है। दोनों खिलाड़ियों की 21 मार्च को जालंधर के मॉडल टाउन स्थित गुरुद्वारा सिंह सभा में शादी की रस्में होंगी। मनदीप फिलहाल पंजाब पुलिस में डीएसपी हैं। मनदीप का जन्म पंजाब के जालंधर में मिट्ठापुर एरिया में 25 जनवरी 1995 में हुआ था।

**21 मार्च को जालंधर में होगा हॉकी खिलाड़ियों का विवाह**

**मनदीप पुरुष टीम का हिस्सा :** मनदीप सिंह भारतीय पुरुष राष्ट्रीय हॉकी टीम का हिस्सा हैं। जिन्होंने विश्व कप 2014 और 2018, एशियाई खेल 2018, राष्ट्रमंडल खेल 2018, एशिया कप 2013, हॉकी वर्ल्ड लीग टियर 4 फाइनल 2014 और 2017, हॉकी वर्ल्ड लीग टियर तीन 2013 और 2017 और चैंपियंस ट्रॉफी 2016 और 2018 में प्रदर्शन किया है।

**उदिता महिला टीम की डिफेंडर :** हरियाणा की उदिता कौर का जन्म 14 जनवरी 1998 में हुआ था। उदिता भारतीय महिला हॉकी टीम की डिफेंडर हैं। उदिता ने साल 2017 में सीनियर स्तर पर शुरुआत की थी। 2018 एशियाई खेलों में रजत, 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य और 2023 एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में स्वर्ण पदक जीता था। भारत को 2021 टोक्यो ओलंपिक में चौथे स्थान पर लाने में उदिता का बड़ा हाथ था। 2024 में वह हॉकी इंडिया लीग नीलामी में सबसे अधिक कमाई करने वाली खिलाड़ी बनी थीं।

*स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण पर समिति ने केंद्र को भेजा प्रस्ताव*


# आयुष्मान योजना के लिए नई सिफारिशें आयु सीमा 70 से घटाकर 60 साल करें

*मदद भी 5 लाख से बढ़ाकर 10 लाख रुपये करने का प्रस्ताव*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण पर गठित राज्यसभा सांसद राम गोपाल यादव की अध्यक्षता वाली समिति ने केंद्र सरकार से आयुष्मान योजना के तहत मुफ्त इलाज की उम्र सीमा 60 साल करने की सिफारिश की है। समित ने प्रस्ताव दिया है कि इलाज के लिए मिलने वाली 5 लाख की राशि को भी बढ़ाकर 10 लाख रुपये किया जाए। अभी 70 साल से ऊपर के सभी बुजुर्गों को इसका फायदा मिल रहा है। चाहे वे किसी भी श्रेणी से हों। समिति का कहना है कि यदि केंद्र सरकार इस प्रस्ताव को मानती है तो ने देश के ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस स्वास्थ्य योजना का फायदा मिल सकेगा। इससे उनको आसान और सही इलाज मिलेगा। केंद्र सरकार ने पिछले साल 11 सितंबर को प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबीपीएमजेएवाई) का विस्तार करके एबीपीएमजेएवाई वय वंदना योजना के तहत 4.5 करोड़ परिवारों के 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के 6 करोड़ वरिष्ठ नागरिकों को इस योजना का लाभ दिया था।

### केंद्र ने 2017 में योजना शुरू की



- आयुष्मान भारत दुनिया की सबसे बड़ी बीमा योजना है, जो देश के सबसे गरीब 40 प्रतिशत लोगों को हर साल 5 लाख तक के मुफ्त इलाज की सुविधा देती है।
- केंद्र सरकार ने पिछले साल 29 अक्टूबर को 70 साल और उससे अधिक उम्र के सभी वरिष्ठ नागरिकों को उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति से अलग, हर साल 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज का लाभ प्रदान करने के लिए एबीपीएमजेएवाई का विस्तार किया था।
- इस योजना के तहत देश भर के सिलेक्टेड सरकारी और निजी अस्पतालों में इलाज करवाया जा सकता है। भर्ती होने के 10 दिन पहले और बाद के खर्च का भी इस योजना के तहत भुगतान का प्रावधान है।

### सभी बीमारियां होती हैं कवर

आयुष्मान योजना में पुरानी बीमारियां भी कवर होती हैं। किसी बीमारी में अस्पताल में एडमिट होने से पहले और बाद के खर्च इसमें कवर होते हैं। ट्रांसपोर्ट पर होने वाला खर्च इसमें कवर होता है। सभी मेडिकल जांच, ऑपरेशन, इलाज जैसी चीजें इसमें शामिल हैं। इस योजना के तहत अब तक साढ़े 5 करोड़ से ज्यादा लोग अपना इलाज करा चुके हैं।

### यह कहा समिति ने

संसदीय समिति ने सिफारिश में कहा है कि आयुष्मान योजना कवरेज को व्यापक बनाने के लिए आयुष्मान वय वंदना कार्ड के लिए एज क्राइटेरिया में बदलाव होना चाहिए। आयुष्मान वय वंदना कार्ड के लिए 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के क्राइटेरिया को 60 साल किया जाना चाहिए। समिति ने कहा कि भले ही उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति कुछ भी हो। इससे बुजर्गों को सुभल और आसानी से इलाज मिल सकेगा।

## खबर संक्षेप

### कैग की नियुक्ति मामले पर कल होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की नियुक्ति केवल कार्यपालिका और प्रधानमंत्री द्वारा करने की मौजूदा प्रक्रिया को गैर संवैधानिक घोषित करने का अनुरोध करने वाली जनहित याचिका पर 17 मार्च को सुनवाई करेगा। यह जनहित याचिका एनजीओ सेंटर फॉर पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन ने दाखिल की है। भाषा

### अमेरिका में आए तूफान से पांच लोगों की मौत

**ओक्लाहोमा सिटी।** अमेरिका के ज्यादातर हिस्सों में आए जबरदस्त तूफान में पांच लोगों की मौत हो गई है। मिसौरी के बेकर्सफील्ड क्षेत्र में आए तूफान के कारण दो लोगों की मौत हो गई। मिसौरी प्रांत राजमार्ग गश्ती दल ने सोशल मीडिया पर बताया कि कई लोग घायल हुए हैं। टेक्सास पैनहैंडल की अमरिलो काउंटी में धूल भरी आंधी के दौरान कार दुर्घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई। भाषा

### बेंगलुरु और हनीमाधू द्वीप के बीच दो उड़ानें जल्द शुरू होंगी

**माले।** मालदीव की राष्ट्रीय एयरलाइन 'मालदीवियन' ने भारत के बेंगलुरु और हनीमाधू द्वीप के बीच दो साप्ताहिक सीधी उड़ानों का परिचालन शुरू करने का फैसला किया है। एक खबर में यह जानकारी दी गई है। मालदीव के समाचार पोर्टल 'द एडिशन' की खबर के अनुसार उड़ानें 15 मई से शुरू होंगी, जबकि टिकटों की बुकिंग रविवार से शुरू होगी। 'आइलैंड एविएशन सर्विस' ने कहा कि यह मार्ग उत्तरी एटोल में मालदीव की सेवाओं का और विस्तार करने के लिए शुरू किया जा रहा है। कंपनी ने कहा कि इन उड़ानों के शुरू होने से क्षेत्र में आर्थिक प्रगति भी होगी। भारत से आने वाले पर्यटकों को मालदीव के उत्तरी एटोल में जाने में भी सुविधा मिलेगी। भाषा

*कमिश्नर बोले, हमले में पाक खुफिया एजेंसी आईएसआई के शामिल होने की आशंका*

# अमृतसर में मंदिर के बाहर विस्फोट से दहशत फैली

एजेंसी ▶▶| अमृतसर

अमृतसर के खंडवाला इलाके में स्थित ठाकुरद्वारा मंदिर में धमाका हुआ है। इससे मंदरि की दीवारों को नुकसान पहुंचा है और खिड़कियों के शीशे टूट गए। हमला मोटरसाइकिल सवार दो युवकों ने किया है। बताया जा रहा है कि बाइक सवारों ने बम जैसा विस्फोटक उपकरण मंदिर पर फेंका और फरार हो गए। हमलावर सीसीटीवी वीडियो में साफ दिखाई दे रहे हैं। वहीं, पुलिस कमिश्नर गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने कहा कि ऐसे हमलों के पीछे पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई का हाथ है। हम जल्द आरोपितों को पकड़ लेंगे। पाकिस्तान पंजाब में अशांति फैलाना चाहता है, लेकिन हम उसके नापाक मंसूबों को सफल नहीं होने देंगे। उन्होंने बताया कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन इससे खंडवाला क्षेत्र के निवासियों में दहशत फैल गई है। पिछले 4 महीनों में अमृतसर और गुरदासपुर में पुलिस चौकियों को निशाना बनाकर विस्फोट की कई घटनाएं हुई हैं, लेकिन मंदिर पर इस तरह का यह पहला हमला है।

### पंजाब में अशांति फैलाना चाहता है पाकिस्तान



**बाइक सवार दो युवकों ने विस्फोटक उपकरण मंदिर पर फेंका**

■

**कोई हताहत नहीं, दहशत फैली, सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस**

■

**अमृतसर के कमिश्नर बोले, पाक पंजाब में अशांति फैला रहा**

■

**हम दोषियों को जल्द पकड़ लेंगे और कड़ी कार्रवाई करेंगे**

### भुल्लर ने दी चेतावनी

पुलिस कमिश्नर भुल्लर ने बताया कि सीसीटीवी में दो बाइक सवार दिखे हैं, जिन्हें ट्रेस किया जा रहा है। जल्द उन्हें पकड़ लिया जाएगा। आए दिन पाकिस्तानी एजेंसी हमारे गरीब परिवार के युवाओं को भड़का कर ऐसे काम करवा रहे हैं। बीते सुलझे मामलों में भी साफ हुआ है कि आईएसआई वीकर सेक्शन को टारगेट कर रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी के बहकावे में या पैसों की लालच में ऐसा ना करें। इसका खामियाजा उन्हें भी भुगतना होगा।

### यह बोले सीएम मान

मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि समय-समय पर पंजाब को अशांत करने के कई प्रयास किए गए हैं, लेकिन राज्य पुलिस ने ऐसे तत्वों के खिलाफ समय पर कार्रवाई की है। उन्होंने कहा, कानून एवं व्यवस्था की दृष्टि से पंजाब पूरी तरह सुरक्षित है। राज्य में आपसी भाईचारा और शांति कायम रखी जाएगी।

### मोहाली में आईएसआई आतंकी रिंदा के 3 साथी गिरफ्तार

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** पंजाब पुलिस की स्पेशल सेल ने पाक में बैठे आईएसआई आतंकी हरविंदर सिंह रिंदा का नेटवर्क तोड़ दिया है। यह जानकारी पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने साझा की है। पुलिस ने मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिसमें दो महाराष्ट्र के और एक रोपड़ का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक पंप एक्शन गन और पिस्तौल बरामद की है। डीजीपी ने बताया-एसएसओसी मोहाली ने पाक स्थित बीकेआई आतंकी हरविंदर सिंह उर्फ रिंदा के नेटवर्क के एक बड़े मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जगजीत सिंह उर्फ जग्गी निवासी नांदेड़, महाराष्ट्र, शुभम खेलबुड़े निवासी नांदेड़ (महाराष्ट्र) और गुरदीप सिंह उर्फ दीपा निवासी रायपुर, थाना नूरपुर बेदी (रोपड़) के रूप में हुई है। तीनों अलग-अलग काम करते थे। तीनों की गिरफ्तारी से नेटवर्क की कमर टूट गई।

### स्वर्ण मंदिर में युमनानगर के जुलफान ने किया था हमला, 5 सेवादार घायल

**यमुनानगर।** स्वर्ण मंदिर परिसर में बनी सराय में यमुनानगर के युवक ने लोहे की रॉड से श्रद्धालुओं पर हमला कर दिया। इस दौरान शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) के सेवादारों ने उसे पकड़ने की कोशिश की तो उसने उन्हें भी रॉड से मारा। इसके बाद सेवादारों ने उसे पकड़ लिया। हमले में 5 सेवादार घायल हो गए। घटना शुक्रवार दोपहर 12 बजे के बाद की है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। अमृतसर के पुलिस कमिश्नर गुरप्रीत भुल्लर ने कहा कि आरोपित 3 दिन पहले घर से निकला था। पुलिस के मुताबिक यमुनानगर के जुल्फान यह वारदात की है। शनिवार को जुलफान के पिता जान मोहम्मद व भाई इमरान ने बताया कि जुल्फ़ान बोरिंग का काम करता है। वह तीन दिन पहले घर से काले पीलिया की दवाई लेने मुलाना गया था। वह अमृतसर कैसे पहुंचा इसकी उन्हें जानकारी शुक्रवार को मिली। जुल्फ़ान के दो बच्चे हैं। वह बोरिंग का काम करता है। सदर थाना यमुनानगर के प्रभारी दलबीर सिंह ने बताया कि उसका थाने में कोई अपराधिक रिकॉर्ड नहीं है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**घर दवा लेने गया आरोपित अमृतसर पहुंचा व वारदात की**

*मारा गया आईएसआईएस का कमांडर*

# अमेरिकी सेना ने आईएस चीफ खदीजा को कार समेत उड़ाया

एजेंसी ▶▶| बगदाद

इराक में अमेरिकी सेना ने इस्लामिक स्टेट इन इराक एंड सीरिया (आईएसआईएस) प्रमुख अबू खदीजा को एयरस्ट्राइक कर ढेर कर दिया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को इस पूरे ऑपरेशन के सफल होने का ऐलान किया। ट्रंप ने कहा कि अब्दुल्ला माकी मुस्लेह अल-रिफाई उर्फ अबू खदीजा के साथ एक अन्य आतंकी भी मारा गया है। अमेरिका ने यह सैन्य हवाई ऑपरेशन इराकी और कुर्द बलों के साथ मिलकर किया है। इस तरह अमेरिका ने एक और बड़े आतंकी का खत्मा कर दिया। बताया जा रहा है कि 13 मार्च को अमेरिकी सेना ने इराक के अल-अनबर इलाके में खदीजा को गाड़ी समेत उड़ा दिया। स्ट्राइक के बाद दोनों सेनाओं ने हमले की जगह पर पहुंचकर दोनों आतंकियों के शव बरामद किए। दोनों आतंकी आत्मघाती जैकेट पहने हुए थे, जिनमें विस्फोट नहीं हो पाया था। उनके पास से कई हथियार भी मिले हैं।



**इराक की सेना के साथ मिलकर की एयरस्ट्राइक**

■

**मरते वक्त भी आत्मघाती जैकेट पहने था आतंकी**

### कौन था अबू खदीजा

अबदुल्ला मक्की मुस्लिह अल-रिफई उर्फ अबू खदीजा का जन्म 1991 में हुआ था। 2009 में अल कायदा से जुड़कर वह आतंक के रास्ते पर चल पड़ा था। हालांकि दो साल बाद ही उसे पकड़ लिया और इराक की जेल में डाल दिया। फिर 2011 में वह जेल से भाग निकला। 2014 में वह सीरिया और इराक में आईएसआईएस से जुड़ गया व संगठन के फैलने के साथ ही उसका कद बढ़ता गया। खदीजा के काम को देखते हुए उसे इराक और सीरिया में आईएसआईएस का चीफ बना दिया गया।

### इराक में तैनात हैं 2,500 से अधिक अमेरिकी सैनिक

इराक और अमेरिकी सेनाएं पिछले कई साल से मिलकर आईएसआईएस के खिलाफ ऑपरेशन चला रही हैं। इनके चलते आईएसआईएस को 2017 में इराक में और 2019 में सीरिया में काफी हद तक खत्म कर दिया गया। फिर भी इस संगठन के लड़ाके अब भी दोनों देशों के दूरदराज के इलाकों में सक्रिय हैं। इराक में अब भी लगभग 2,500 अमेरिकी सैनिक तैनात हैं ताकि वे आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन में मदद कर सकें और इराकी सैनिकों को ट्रेनिंग दे सकें।

## न्यायमूर्ति बागची कल सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के रूप में शपथ लेंगे

**नई दिल्ली(भाषा)।** कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची सोमवार को उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में शपथ लेंगे। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना उच्चतम न्यायालय परिसर में एक समारोह में शीर्ष अदालत के अन्य न्यायाधीशों की मौजूदगी में न्यायमूर्ति बागची को पद की शपथ दिलाएंगे। न्यायमूर्ति बागची के शपथ लेने के बाद, उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या 34 के मुकाबले 33 हो जाएंगी। न्यायमूर्ति बागची का शीर्ष अदालत में कार्यकाल छह वर्ष से अधिक का होगा। इस दौरान वह भारत के प्रधान न्यायाधीश के रूप में भी काम करेंगे। न्यायमूर्ति के.वी विश्वनाथन के 25 मई 2031 को सेवानिवृत्त होने पर, न्यायमूर्ति बागची दो अक्टूबर 2031 को अपनी सेवानिवृत्ति तक भारत के प्रधान न्यायाधीश का पद संभालेंगे।



**उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या 33 हो जाएगी**

## मऊगंज में पुलिसवालों पर हमला, एएसआई की मौत

■ **जिस युवक को बचाने गए थे, उसे भी मार डाला, हनुमना तहसीलदार के हाथ-पैर तोड़े**

**मऊगंज (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश के मऊगंज जिले में शाहपुर थाना क्षेत्र के गड़रा गांव में आदिवासी परिवार ने एक युवक को बंधक बनाकर पीटा। सूचना पाते ही उसे बचाने पहुंचे टीआई समेत पुलिस की टीम पर भी आरोपियों ने हमला कर दिया। हमले में एक एएसआई की मौत हो गई है। टीआई संदीप भारती के सिर पर गंभीर चोट आई है। वहीं, हनुमना तहसीलदार कुमारे लाल पनका को भी पीटा गया है, जिसमें उनके हाथ-पैर में फ्रैक्चर है।



### आरोप लगाया था

आदिवासी परिवार ने इसे हादसा न मानते हुए सनी द्विवेदी नाम के युवक पर हत्या का आरोप लगाया था। शनिवार शाम करीब 4 बजे आदिवासी परिवार ने सनी द्विवेदी को पकड़कर एक कमरे में बंद कर दिया और उसकी पिटाई की। मारपीट में सनी की भी मौत हुई है।

### नौ पुलिसकर्मी हमले में घायल

इसके अलावा 9 और पुलिसकर्मी हमले में घायल हुए हैं। कलेक्टर अजय श्रीवास्तव ने बताया कि दो गुटों के बीच विवाद को लेकर गांव वाले इकट्ठा हो गए थे। गांव में एहतियातन धारा 163 (पहले धारा 144 थी) लगा दी गई है। हालात पर नियंत्रण के लिए सीधी और रीवा जिले से भी अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया है। सतना जिले के अफसरों को भी इमरजेंसी हालात के लिए तैयार रहने को कहा गया है। पूरा विवाद दो महीने पहले हुए एक सड़क हादसे से जुड़ा है। हादसे में अशोक कुमार आदिवासी की मौत हो गई थी।

*अंतिम तिथि 31 जुलाई*

## पद्म पुरस्कार 2026 के लिए नामांकन, प्रक्रिया शुरू हुई

**नई दिल्ली (भाषा)।** पद्म पुरस्कार 2026 के लिए नामांकन और सिफारिशें शनिवार को शुरू हुईं। ये पुरस्कार विशिष्ट व्यक्तियों को उनकी असाधारण उपलब्धियों और सेवा के लिए दिए जाते हैं। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, गणतंत्र दिवस 2026 की पूर्व संध्या पर घोषित किए जाने वाले अगले वर्ष के पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन और सिफारिशों की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025 है। पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन और अनुशंसाएं केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर ऑनलाइन प्राप्त की जाएंगी। पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री के रूप में दिये जाने वाले ये पुरस्कार देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कारों में शामिल हैं। इन पुरस्कारों की घोषणा हर वर्ष गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर की जाती है।

**कवायद** गृहमंत्रालय और चुनाव आयोग के बीच बैठक 18 मार्च को

*ईपीआईसी पर भी होगा फैसला, फर्जी वोटर्स के नाम हटेंगे*

# अब वोटर आईडी कार्ड को भी आधार से जोड़ने की तैयारी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने मतदाता सूची के आंकड़ों में हेराफेरी के आरोपों के बीच मतदाता पहचान पत्रों को आधार से जोड़ने के मुद्दे पर चर्चा के लिए केंद्रीय गृह सचिव और विधायी सचिव के साथ बैठक बुलाई है। यह बैठक 18 मार्च को होगी। इस बैठक में केंद्रीय गृह मंत्रालय, कानून मंत्रालय और भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के बड़े अधिकारी शामिल होंगे। आयोग के सूत्रों ने बताया कि यह बैठक आधार को वोटर आईडी कार्ड से जोड़ने के बारे में होगी। 2021 में जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 में संशोधन के बाद, आधार को ईपीआईसी (इलेक्टर्स फोटो आइडेंटिटी कार्ड) जोड़ने की अनुमति मिल गई थी। इसके बाद चुनाव आयोग ने स्वैच्छिक आधार पर मतदाताओं से आधार नंबर लेना शुरू कर दिया। हालांकि, अभी तक दोनों डेटाबेस को लिंक नहीं किया गया है।



### वोटर लिस्ट से फर्जी नाम हटाने पर जोर

इस कदम का मकसद वोटर लिस्ट से फर्जी नाम हटाना और उसे साफ-सुथरा बनाना था। इसके लिए आधार और वोटर कार्ड को जोड़ना जरूरी नहीं था। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार, चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और चुनाव आयुक्त विवेक जोशी 18 मार्च को केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन, विधायी विभाग के सचिव राजीव मणि और यूआईडीएआई के सीईओ भुवनेश कुमार से मिलेंगे।

**ये भी चर्चा :** बैठक में आधार को ईपीआईसी से जोड़ने पर चर्चा होगी। बता दें कि टीएमसी ने पश्चिम बंगाल और अन्य राज्यों में मतदाताओं के एक ही ईपीआईसी नंबर का मुद्दा उठाया है। चुनाव आयोग ने माना है कि कुछ राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों ने ईपीआईसी नंबर जारी करते समय गलत अल्फान्यूमेरिक सीरीज का इस्तेमाल किया था।


**आयोग का प्लान :** आयोग ने फैसला लिया कि वह तीन माह में डुप्लिकेट नंबर वाले मतदाताओं को नए ईपीआईसी नंबर जारी करेगा। डुप्लिकेट नंबर होने का मतलब फर्जी वोटर नहीं है। केवल वही लोग वोट डाल सकते हैं जो किसी विशेष निर्वाचन क्षेत्र में रजिस्टर्ड हैं। आधार को ईपीआईसी से जोड़ने के पीछे उद्देश्य वोटर लिस्ट को साफ-सुथरा बनाना है।

**मंथन** ट्रंप प्रशासन 41 देशों के लिए वीजा बैन पर कर रहा विचार

*अप्रवासियों को बाहर का रास्ता दिखाने पर ट्रंप दृढ़ संकल्प*

# अफगानिस्तान, पाक व रूस के लोगों की यूएस में एंट्री पर रोक की तैयारी

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प 41 देशों के नागरिकों के लिए अमेरिकी वीजा बैन करने पर विचार कर रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि इस सूची में भारत के पड़ोसी देश भूटान, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, म्यांमार व रूस का भी नाम शामिल है। एक अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि यह फाइनल लिस्ट नहीं है, क्योंकि अभी इसे अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियों की तरफ से ग्रीन सिग्नल मिलना बाकी है। इस बैन को तीन कैटेगरी में बंटा गया है। राष्ट्रपति बनने के बाद से ट्रम्प लगातार अप्रवासियों को अमेरिका से बाहर निकालने के लिए आक्रमक रुख दिखा रहे हैं। ट्रम्प ने 20 जनवरी को अपने शपथ ग्रहण के दिन एक एग्जीक्यूटिव ऑर्डर जारी किया था। इस ऑर्डर के तहत सभी कैबिनेट सदस्यों को 21 मार्च तक उन देशों की लिस्ट देने का आदेश दिया है, जहां से आने वाले लोगों के लिए वीजा आंशिक या पूरी तरह बैन करना चाहिए।



### पहले 7 मुस्लिम देशों पर बैन लगाया था

ट्रम्प ने अपने पहले कार्यकाल के दौरान भी 7 इस्लामिक देशों सीरिया, सूडान, सोमालिया, ईरान, इराक, लीबिया और यमन पर बैन लगाया था, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने बरकरार रखा था। इससे कई मुस्लिम देश नाराज हुए थे। बाद में जो बाइडन ने बैन हटा दिया था।

### कैबिनेट 21 तक सौंपेगी सूची

**रेड लिस्ट: पूरी तरह वीजा बैन**

अफगानिस्तान, क्यूबा, ईरान, लीबिया, उत्तर कोरिया, सोमालिया, सूडान, सीरिया, यमन व वेनेजुएला।

**ऑरेंज लिस्ट: आंशिक वीजा बैन**

इरिट्रिया, हैती, लाओस, म्यांमार, दक्षिण सूडान ।

**येलो लिस्ट: यूएस की तरफ से बताए गए मुद्दों पर कार्रवाई न करने पर रोक**

अंगोला, एंटीगुआ, बारबुडा, बेलारूस, बेनिन, भूटान, बुर्किना फासो, काबो वर्डे, कंबोडिया, कैमरून, चाड, कांगो, डोमिनिका, इक्वेटोरियल गिनी, गाम्बिया, लाइबेरिया, मलावी, मॉरिटानिया, पाकिस्तान, रूस, कांगो गणराज्य, सेंट लूसिया, सेंट किट्स और नेविस, सिएरा लियोन, साओ टोम और प्रिंसिपे, तुर्कमेनिस्तान, ईस्ट तिमोर, वानुअतु।

### तीन गिरफ्तार, पांच पिस्टल बरामद

# जेल से संचालित हथियार सप्लाई रैकेट का खुलासा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



स्पेशल सेल ने एक अंतरराज्यीय अवैध हथियार तस्करी गिरोह का पर्दाफाश किया है। यह गिरोह पटियाला की नाभा जेल से संचालित हो रहा था। मध्य प्रदेश और बिहार से दिल्ली-एनसीआर में हथियारों की सप्लाई की जा रही थी। फिलहाल तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इनसे पांच पिस्टल बरामद किये गये। पकड़े गये हथियार सप्लायरों के नाम अनिकेत, सौरव और आनंद कुमार हैं।

पुलिस के अनुसार दिल्ली और आसपास के राज्यों में विभिन्न अपराधों में अवैध हथियारों के लगातार इस्तेमाल को ध्यान में रखते हुए स्पेशल सेल ऐसे असामाजिक तत्वों के नापाक मंसूबों को विफल करने के लिए चौबीसों घंटे काम कर रहा है। दिल्ली एनसीआर में सक्रिय अवैध हथियार के आपूर्तिकर्ताओं और उनके सहयोगियों के बारे में विभिन्न स्रोतों के माध्यम से जानकारी एकत्र की जा रही है और ऐसे तस्करों की गतिविधि पर भी नजर रखी जा रही है, जो पहले भी हथियार तस्करी के मामलों में गिरफ्तार या संलिप्त रहे हैं। ट्रांस यमुना रेंज टीम द्वारा किए गए लगातार प्रयासों से एक हथियार तस्कर अंकित उर्फ गोलू के बारे में जानकारी मिली, जो दिल्ली और पंजाब के कई गैंगस्टरों के सीधे संपर्क में था। वह इंदौर, मध्य प्रदेश से अवैध हथियारों की खेप सप्लाई करने वाला था। टीम तुरंत कार्रवाई में जुट गई और सुलेमान नगर, किराड़ी निवासी अनिकेत उर्फ गोलू को .32 बोर की चार पिस्टल के साथ दबोच लिया। पूछताछ में उसने बताया कि वह पिछले एक साल से अवैध हथियारों की तस्करी में शामिल है। वह झारखंड निवासी सोनू पासवान के संपर्क में आया। सोनू ने उसे बताया कि वह स्थानीय बदमाशों के लिए बिहार और मध्य प्रदेश से दिल्ली, हरियाणा और पंजाब में अवैध हथियारों और गोला-बारूद की तस्करी में शामिल है। सोनू पासवान को करीब 5 महीने पहले पंजाब में अवैध हथियारों और गोला-बारूद की खेप के साथ गिरफ्तार किया गया था। वर्तमान में वह पंजाब के पटियाला की नाभा जेल में बंद है। इसके बाद अनिकेत उर्फ गोलू ने सोनू पासवान के निर्देश पर स्थानीय बदमाशों को हथियार पहुंचाने के लिए बिहार और मध्य प्रदेश से अवैध हथियारों की तस्करी शुरू कर दी। 28 फरवरी को वह इंदौर गया था जहां से उसे चार पिस्टल मिली। वह व्हाट्सएप के जरिए पाकिस्तान स्थित हथियार आपूर्तिकर्ताओं के संपर्क में भी था। उसने यह भी खुलासा किया कि सोनू पासवान जेल से विदेशी रजिस्टर्ड नंबर से अपना व्हाट्सएप इस्तेमाल करता था जबकि वह नेपाल के फोन नंबर से व्हाट्सएप इस्तेमाल करता था। वह 15,000 से 20,000 रुपये में अवैध हथियार खरीदता था और उसे 30,000 से 40,000 रुपये में बेचता था। गोलू की निशानदेही पर गिरोह के अन्य सदस्यों सौरव उर्फ सोनू और आनंद उर्फ मोनू को भी गिरफ्तार किया गया। इनसे एक पिस्टल और बरामद हुआ।

# रोडरेज में बाइक सवारों ने युवक का गला काटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



पूर्वी जिले के कल्याणपुरी थाना इलाके में होली पर रोडरेज की घटना में एक युवक का मर्डर हो गया। कांच की बोतल से बाइक सवारों ने दूसरे बाइक सवार का गला काट दिया। हत्या का यह केस पुलिस ने कुछ ही घंटों में सुलझाया भी लिया। मुख्य आरोपी समेत दो को गिरफ्तार किया गया है। इनसे अपराध में इस्तेमाल वाहन भी बरामद हो गया है।

डीसीपी अभिषेक धानिया के अनुसार शुक्रवार को एक पीसीआर कॉल मिली कि दो बाइक सवार लड़के आए और बोतल से हमला कर गला काट दिया। पल्सर बाइक सवार आरोपी वारदात के बाद राज नगर, गाजियाबाद की ओर भाग गए। यह सूचना कल्याणपुरी पुलिस स्टेशन में मिलते ही स्थानीय पुलिस तुरंत मैक्स अस्पताल पहुंची। तब तक डॉक्टर घायल आशीष को मृत घोषित कर चुके थे। कॉल करने वाला विकास जोकि प्रत्यक्षदर्शी था अस्पताल में मौजूद था। उसने बताया कि वह और आशीष होली खेलने के बाद खोड़ा अपने घर जा रहे थे। जब वे एनएच-24 कट पार कर रहे थे, तो मंडावली की ओर से आ रहे दो बाइक सवार लड़कों ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वे सड़क पर गिर पड़े। उनके बीच बहस शुरू हो गई। मोटर साइकिल चला रहे लड़के ने अपनी जेब से एक क्वार्टर बोतल निकाली और आशीष के सिर पर मार दी। बोतल टूट गई और युवक ने टूटे हुए कांच के टुकड़े से आशीष की गर्दन पर वार कर दिया। आशीष गंभीर रूप से घायल हो गया था। दोनों आरोपी युवक मौके से भाग गए। प्रत्यक्षदर्शी विकास के बयान पर हत्या का केस दर्ज किया गया। होली के अवसर पर हुई घटना की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों की पहचान करने और उन्हें गिरफ्तार करने के लिए तुरंत कई टीमें गठित की गई। गठित टीमों के लगातार प्रयासों के परिणामस्वरूप कुछ ही घंटों के भीतर दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपियों के नाम पंकज कुमार सिन्हा (30) निवासी गली नंबर 4, रॉयल गार्डन कॉलोनी, अमरपाली स्कूल के पास, कन्नौनी गांव, इंदिरापुरम और जीतू (27) निवासी मंडावली बताये गये हैं। आरोपी पंकज कॉफी कंपनी में सेल्समैन था और वह एक अन्य मामले में पहले शामिल रहा है। जबकि दूसरे आरोपी की भी एक पिछली संलिप्तता रही है। वह ई-रिक्शा चलाता था।

# 50 हजार के लिए किशोर को अगवा करने वाले तीन दबोचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



साउथ दिल्ली के महरौली इलाके में 50 हजार की फिरौती के लिए 17 साल के लड़के के किडनैप का मामला पुलिस ने सुलझा लिया है। तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लड़के को सकुशल बरामद कर लिया गया। बेटे को जान से मारने की धमकी मिलने से परिवार वाले दहशत में थे, क्योंकि उनके पास फिरौती की रकम देने के पैसे नहीं थे। अगवा जीशान सैफी महरौली इलाके में ही रहता है और उसे जंगल में आधी रात छापा मारकर छुड़ाया गया।

पुलिस के अनुसार मामले में एक महिला ने शिकायत दी थी। उसने बताया कि तीन दिन पहले उसके पास फोन आया था कि बेटा किडनैप हो गया है। 50 हजार का इंतजाम करके लाओ, नहीं तो बेटे को मार दूंगा। मां को जैसे ही पता चला वह तुरंत महरौली थाने पहुंची

- आधी रात जंगल में छापा मारकर करवाया रिहा

और पूरी बात पुलिस को बताई। पुलिस ने तत्काल ही मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पता चला कि महिला के पास कई बार 50 हजार के लिए कॉल आई थी। एडिशनल डीसीपी अचिन गर्ग के अनुसार किडनैपर का मोबाइल ऑफ चल रहा था। टैक्नीकल सर्विलांस से पता चला कि किशोर को तुगलकाबाद के जंगल में रखा गया है। पुलिस ने देर रात 2 बजे जंगल में छापा मार लड़के को बरामद कर लिया। आरोपियों से पूछताछ जारी है। पता चला कि इंस्टाग्राम पर एक लड़की से हुई दोस्ती के बाद पीड़ित किशोर उससे मिलने के लिए साकेत मेट्रो स्टेशन के पास गया था। वहीं पर उसे किडनैप कर लिया गया था। पुलिस ने आरोपियों के नाम का खुलासा नहीं किया है। उसका कहना है कि आरोपियों की उम्र का सत्यापन किया जा रहा है।

# लगातार दूसरे दिन हल्की बूंदाबांदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- होली पर इस साल का सबसे अधिक पारा 36 डिग्री हुआ दर्ज

दिल्ली लगातार दूसरे दिन शनिवार को कई जगह हल्की बूंदाबांदी देखने को मिली। जबकि होली के दिन शुक्रवार इस साल में अब तक का सबसे अधिक तापमान 36.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 7.6 डिग्री ज्यादा रहा। जबकि इससे पहले 11 मार्च को सबसे अधिक तापमान 34.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) की भविष्यवाणी के अनुसार रविवार को भी हल्की बारिश, आसमान पर बादल व तेज हवाएं देखने को मिल सकती है। होली के दूसरे दिन मौसम ने करवट ली और अधिकतम तापमान 36.2 डिग्री सेल्सियस से घटकर 32 डिग्री रह गया। आईएमडी की माने तों एनसीआर के इलाकों में रविवार को भी आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। इस दौरान बहुत हल्की बारिश या बूंदाबांदी की संभावना है। इस दौरान 25 से 35 किलोमीटर प्रति घंटा की स्पीड से तेज हवाएं चलने की संभावना है। वहीं 16 मार्च को दिल्ली में अधिकतम तापमान 31 से 33 डिग्री, जबकि न्यूनतम तापमान 16 से 18 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, 17 मार्च को दिल्ली में अधिकतम तापमान 30 से 32 डिग्री जबकि न्यूनतम तापमान 16 से 18 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। जबकि 17 मार्च को दिल्ली में हवा की स्पीड 25 से 35 किलोमीटर प्रति घंटा देखी जा सकती है। हालांकि इस दिन बारिश नहीं होगी, 18 मार्च को अधिकतम तापमान 31 से 33, जबकि न्यूनतम तापमान 15 से 17 डिग्री सेल्सियस के आसपास रिकॉर्ड किया जा सकता है। मौसम विभाग का कहना है कि 19 मार्च को हल्के बादल नजर आ सकते है। इस दिन अधिकतम तापमान 33 से 35 डिग्री जबकि न्यूनतम तापमान 17 से 19 डिग्री सेल्सियस के आसपास रिकॉर्ड किया जा सकता है। इसके बाद 20 और 21 मार्च को अधिकतम तापमान 35 से 37 डिग्री जबकि न्यूनतम तापमान 17 से 20 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया जा सकता है। दोनों ही दिन छिटपुट हल्के बादलों की आवाजाही देखी जा सकती है। आईएमडी का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में 16 मार्च तक व्यापक रूप से बारिश या बर्फबारी के साथ कुछ स्थानों पर भारी बारिश की संभावना है। वहीं 16 मार्च तक उत्तर-पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों में भी कुछ जगहों पर छिटपुट बारिश देखी जा सकती है। अगले 24 घंटे के दौरान हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में तेज हवाओं के साथ ओले भी पड़ सकते हैं। 16 मार्च को हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में बारिश या बर्फबारी हो सकती है।

# राजधानी की जहरीली हवा में हुआ सुधार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- एक्यूआई मध्यम हुआ दर्ज

होली के दूसरे दिन शनिवार को राजधानी दिल्ली में लंबे समय बाद जहरीली हवा में कमी देखने को मिली। यानी वायु प्रदूषण का आंकड़ा गिरने से लोगों ने काफी राहत मिली है। इस बारे में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने बताया कि दिल्ली में शनिवार सुबह 6:30 बजे तक औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 122 अंक दर्ज किया गया, जो मध्यम श्रेणी में माना जाता है। सीपीसीबी के अनुसार दिल्ली के 8 क्षेत्रों में एक्यूआई 50 से ऊपर और 100 के बीच में दर्ज हुआ। इनमें आया नगर में 97, मथुरा रोड में 97, डॉ करणी सिंह शूटिंग रेंज में 88, दिलशाद गार्डन में 90, एनएसआईटी द्वारका में 92, पूसा में 99, सोनिया विहार में 92, श्री अरविंदो मार्ग में 98 एक्यूआई दर्ज हुआ। हालांकि बाद में इन क्षेत्रों में भी एक्यूआई में मामूली बढ़त देखने को मिली। सीपीसीबी ने बताया कि दिल्ली के अधिकांश इलाकों में एक्यूआई लेवल 100 से ऊपर और 200 के बीच के अंकों में दर्ज किया गया। इनमें अलीपुर में 143, आनंद विहार में 143,अशोक विहार में 150, बवाना में 152, बुराड़ी क्रॉसिंग में 114, चांदनी चौक में 130, द्वारका सेक्टर 8 में 128, डीटीयू में 142, आईजीआई एयरपोर्ट 109, आईटीओ में 114, जहांगीरपुरी में 169, जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 143, लोधी रोड में 109, मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में 122, मंदिर मार्ग में 136, मुंडका में 155 नरेला में 141 नेहरू नगर में 110, नॉर्थ कैंपस डीयू में 115, ओखला फेस 2 में 157, पंजाबी बाग में 143, पटपड़गंज में 125, आरके पुरम 122, रोहिणी में 150, शादीपुर में 116, सिरी फोर्ट में 125, विवेक विहार में 128 वजीरपुर में 154 दर्ज हुआ। सीपीसीबी के अनुसार होली के दिन बारिश व हवा तथा शनिवार को भी हवाएं चलने से प्रदूषण का ग्राफ नीचे गिरा है। अनुमान है कि रविवार को भी मौसम ऐसा ही रहने से एक्यूआई में मध्यम श्रेणी के आस पास ही बना रह सकता है।

# 20 लाख की हेरोइन के साथ महिला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच की साइबर सेल ने ड्रग तस्करी में शामिल एक महिला को गिरफ्तार किया है। इसके पास से 100 ग्राम उच्च गुणवत्ता वाली हेरोइन बरामद हुई, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 20 लाख रुपये से अधिक है। पुलिस के अनुसार वंदना उर्फ पूजा नामक महिला द्वारा ड्रग्स तस्करी की सूचना मिली थी। महिला वर्तमान में सी-75 डीएलएफ, भोपुरा, यूपी में रह रही थी। वह पहले पकड़े जा चुके एक आरोपी सचिन से हेरोइन लेती थी और सुंदर नगरी, नंद नगरी और डीएलएफ भोपुरा के इलाके में पुड़िया बनाकर बेचती थी। गुप्त सूचना को तकनीकी रूप से विकसित और सत्यापित किया गया। इसके बाद वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर भोपुरा में छापा मारकर वंदना को 100 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया गया।

# दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी ने नए साल का नानकशाही कैलेंडर रिलीज किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (डीएसजीएमसी) ने सिखों के नव वर्ष का नानकशाही कैलेंडर रिलीज कर दिया है। गुरुद्वारा बंगला साहिब में आयोजित विशेष कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कमेटी के महासचिव सरदार जगदीप सिंह काहलो और धर्म प्रचार समिति के चेयरमैन सरदार जसप्रीत सिंह कर्मसर ने नानकशाही कैलेंडर जारी किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि दिल्ली कमेटी हमेशा सिखी परंपराओं के अनुरूप अपने विरसे के प्रचार और प्रसार के लिए प्रतिबद्ध रही है। उन्होंने यह भी कहा कि हम गुरु साहिबान के बताए अनुसार अपने धर्म के प्रचार के लिए काम कर रहे हैं और करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि आगामी गुरु तेग बहादुर साहिब के 350वें शहीदी दिवस पर कमेटी द्वारा कई बड़े आयोजन किए जाएंगे। गुरसिखी जीवन दर्शन की शिक्षा देना प्रचार करना जारी रहेगा। कमेटी का लक्ष्य बच्चों को हमेशा अपने प्राचीन विरसे से जोड़ना रहा है और इस दिशा में काम करते रहेंगे।

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राहुल** पुत्र धर्म पाल निवासी मकान नं. ई–46, नियर जैन मन्दिर, न्यू सीमापुरी, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 295/18 धारा 392/397 भा.द.स., थाना करावल नगर, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **राहुल** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **राहुल** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 295/18 धारा 392/397 भा.द.स., थाना करावल नगर, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **राहुल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **21.04.2025** को हाजिर हो।

**आदेशानुसारः श्री पुनीत पाहवा,**
**विशेष न्यायधीश (एन.डी.पी.एस.)**
**अतिरिक्त सत्र न्यायधीश, (उत्तर–पूर्व)**
**कमरा नं. 63, चौथा तल,**
**कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

**DP/3211/NE/2025**

### दर्जनभर सड़क हादसों में चार की जान गई

# होली पर जमकर उड़ी यातायात नियमों की धज्जियां, 72 हजार चालान कटे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



होली के दौरान यातायात नियमों के उल्लंघन में 100 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई है। इस बढ़ोत्तरी से यातायात पुलिस के अधिकारी भी चिंचित है। पुलिस के अनुसार इस वर्ष होली पर कुल 7,230 वाहनों के चालान जारी किए गए, जबकि वर्ष 2024 में यह संख्या 3,589 थी। इसके साथ ही अलग अलग इलाकों में दर्जनभर सड़क हादसे सामने आये। इनमें चार लोगों की जान गई।

दिल्ली पुलिस के अनुसार, शराब पीकर वाहन चलाने के मामलों में भी वृद्धि दर्ज हुई। इस बार 1,213 लोगों को पकड़ा गया, जबकि पिछले साल यह संख्या 824 थी। हेलमेट न पहनने के मामले 56 प्रतिशत बढ़े हैं। 2024 में 1,524 चालान हुए थे, जोकि इस साल 2,376 तक पहुंच गए। अन्य यातायात नियमों के उल्लंघन में भी बढ़ोतरी देखी गई। मोटरसाइकिल पर तीन लोगों द्वारा सवारी करने (ट्रिपल राइडिंग) और बिना सीट बेल्ट के गाड़ी चलाने के मामलों में भी इजाफा देखने को मिला। पुलिस ने 'ट्रिपल राइडिंग' के लिए 573 चालान जारी किए। 2024 में होली के दिन 1,241 अन्य चालान किये गये थे, जबकि इस बार यह संख्या 139 प्रतिशत बढ़कर 2,971 हो गई। दिल्ली यातायात पुलिस के अतिरिक्त आयुक्त दिनेश कुमार गुप्ता के मुताबिक होली के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशेष इंतजाम किए गए थे। उन्होंने बताया कि नशे में गाड़ी चलाने, ट्रिपल राइडिंग, नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने और दोपहिया वाहनों पर स्टंट प्रदर्शन जैसी घटनाओं को रोकने के लिए कड़े कदम उठाए गए थे। पुलिस ने शराब पीकर वाहन चलाने वालो की जांच के लिए 84 विशेष टीमों को अल्कोमीटर (शराब पीने की जांच करने वाला यंत्र) के साथ तैनात किया था। इसके अलावा 40 ज्वाइंट चैकिंग टीमें बनाई गई थी, जिनमें यातायात पुलिस और स्थानीय पुलिस के अधिकारी शामिल थे। ये टीमें सुबह आठ बजे से लेकर आधी रात तक महत्वपूर्ण चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर यातायात उल्लंघन की निगरानी के लिए तैनात रही।

### सड़क हादसों में गई चार की जान

पुलिस के अनुसार 2023 में 24 सड़क हादसे सामने आये थे। इनमें 10 लोगों की मौत हुई थी। 14 सिंपल एक्सीडेंट थे। 2024 में 27 हादसे सामने आये थे जिनमें 14 की जान गई थी। 13 सिंपल एक्सीडेंट थे। इस बार 12 एक्सीडेंट में चार लोगों की जान गई। आठ सिंपल एक्सीडेंट की श्रेणी में शामिल किये गये हैं।

# होली पर दो गुटों में हुई मारपीट

**नई दिल्ली।** नजफगढ़ इलाके में होली पर रंग डालने को लेकर दो गुटों में जमकर मारपीट हो गई। पुलिस मामले में कार्रवाई कर रही है। एक पक्ष के बयान भी दर्ज कर लिये गये हैं। डीसीपी अंकित सिंह के अनुसार शुक्रवार को गोयला डेयरी में मारपीट व कार में तोड़फोड़ की सूचना मिली थी। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची जहां पता चला कि राजू कुमार (35) पुत्र रमेश साहू निवासी ई-65 कुतुब विहार फेस 1 गोयला डेयरी अपने दोस्त राजेश से मिलने अपनी टैक्सी में छठ घाट पार्क गोयला डेयरी गया था। वहां पर होली खेलते समय एक लड़के पर रंग पड़ गया जिस पर गरमागरम बहस हुई। राजू कुमार ने उस लड़के की पिटाई कर दी। कुछ देर बाद उस लड़के ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर राजू और उसके दोस्त के साथ मारपीट की और कार के शीशे भी तोड़ दिए। मौके पर बीट स्टाफ पहुंचा और कॉलर को मेडिकल के लिये अस्पताल भिजवाया गया। शुक्रवार को कॉलर ने अपना बयान नहीं दिया था। शनिवार को कॉलर थाने में पेश हुआ। उसका बयान दर्ज कर लिया गया है और कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 (2) (ii) Cr. P.C. देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **संजीत उर्फ काली पुत्र कामेश्वर प्रसाद, निवासी** म. नं. ई–6/12, शाहबाद डेयरी, दिल्ली ने **FIR No. 249/2015 U/S 457/380/34 IPC थानाः मॉडल टाउन, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **संजीत उर्फ काली** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **संजीत उर्फ काली** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 249/2015 U/S 457/380/34 IPC थानाः मॉडल टाउन, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **संजीत उर्फ काली** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **27.05.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**हिमांशु सेहलोथ, एलडी. जेएमएफसी–03,**
**कोर्ट कमरा नं. 213, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/3189/NW/2025**
**(Court matter)**

## डूसू की अध्यक्ष बनने पर साहिब सिंह वर्मा ने खुद उन्हें बधाई दी थी

# हम मिलकर पूर्व मुख्यमंत्री साहिब सिंह वर्मा के सपनों की दिल्ली बनाने के लिए प्रतिबद्ध : गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय साहिब सिंह वर्मा को याद करते हुए कहा कि आज उनकी बेटी दिल्ली की मुख्यमंत्री है और बेटा (प्रवेश वर्मा) मंत्री हैं। यह उलटा भी हो सकता था, लेकिन हमारे संस्कारों में बड़ी बहन को प्राथमिकता दी जाती है। हम मिलकर पूर्व मुख्यमंत्री साहिब सिंह वर्मा के सपनों की दिल्ली बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। बता दें कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और केबिनेट मंत्री प्रवेश वर्मा ने शनिवार को पूर्व मुख्यमंत्री साहिब सिंह वर्मा की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पुरानी यादें साझा करते हुए साहिब सिंह वर्मा के प्रति अपनी भावनाएं व्यक्त कीं और उनके योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि मैं खुद को सौभाग्यशाली मानती हूं कि मुझे उनके शुरू किए गए कार्यों को आगे बढ़ाने का अवसर मिला है। हमारी जिम्मेदारी है कि हम दिल्ली को विकास की राह पर और आगे लेकर जाएं। रेखा गुप्ता ने अपने छात्र जीवन की एक याद साझा करते हुए बताया कि जब वे दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) की अध्यक्ष बनी थीं, तब साहिब सिंह वर्मा ने खुद उन्हें बधाई दी थी।

दिल्ली सरकार में मंत्री प्रवेश वर्मा ने इस अवसर पर अपने पिता के अधूरे सपनों को पूरा करने का संकल्प लिया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दिल्ली के विकास को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि मेरे पिता ने अपना पूरा जीवन दिल्ली की सेवा में लगा दिया। अब उनकी अधूरी योजनाओं को पूरा करने की जिम्मेदारी मेरी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम उनके सपनों को साकार करेंगे और दिल्ली को आगे लेकर जाएंगे। गौरतलब है कि प्रवेश वर्मा ने हाल ही में नई दिल्ली विधानसभा सीट से आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 4,000 से अधिक मतों से हराकर 'जायंट स्लेयर' के रूप में पहचान बनाई है।



### पूर्व मुख्यमंत्री का राजनीतिक सफर

प्राप्त जानकारी के अनुसार बता दें कि 15 मार्च 1943 को दिल्ली के मुंडका गांव में एक किसान परिवार में जन्मे साहिब सिंह वर्मा ने अपने राजनीतिक सफर की शुरुआत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से की थी। 1977 में जनता पार्टी के टिकट पर वे पहली बार दिल्ली नगर निगम के सदस्य चुने गए और बाद में 1996 में दिल्ली के मुख्यमंत्री बने। उन्होंने दो साल से अधिक समय तक मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी संभाली।




### भाजपा के मंत्री और कई वरिष्ठ नेता रहें मौजूद

इस अवसर पर एक प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जहां प्रवेश वर्मा ने अपने पिता की स्मृति में हवन किया। कार्यक्रम में दिल्ली भाजपा के मंत्री और कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे, जिनमें मनजिंदर सिंह सिरसा, कपिल मिश्रा, मोहन सिंह बिष्ट, रवींद्र इंद्राज सिंह, आशीष सूद, विधायक अजय महावर, मनोज शौकीन और गजेंद्र दराल भी शामिल हुए। सभी ने साहिब सिंह वर्मा के योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी।

## एमसीडी ने पूर्व मुख्यमंत्री को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम ने शनिवार को दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. साहिब सिंह वर्मा को उनकी जयंती पर याद किया और दिल्ली के नागरिकों की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित की। दिल्ली नगर निगम के समुदाय सेवा विभाग द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में गणमान्य लोगों ने नजफगढ़ जोन के ककरौला पार्क में स्थापित उनकी प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर स्थानीय पार्षद सुदेश कुमार और निगम के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। निगम से प्राप्त जानकारी के अनुसार डॉ. साहिब सिंह वर्मा का जन्म 15 मार्च 1943 को दिल्ली के मुंडका गांव में एक किसान परिवार में हुआ था। उन्होंने अपना राजनीतिक जीवन आरएसएस कार्यकर्ता के रूप में शुरू किया था। वर्ष 1993 में विधानसभा चुनाव जीतने के बाद डॉ. साहिब सिंह को दिल्ली सरकार में शिक्षा एवं विकास मंत्री बनाया गया। वे 1996 में दिल्ली के मुख्यमंत्री बने और ढाई साल से अधिक समय तक इस पद पर बने रहे। उन्होंने केंद्रीय श्रम मंत्री और सांसद के रूप में भी कार्य किया।

दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने शहर के बुनियादी ढांचे और शासन को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई। दिल्ली के शासन, ग्रामीण विकास और शिक्षा सुधारों में उनके महत्वपूर्ण योगदान रहा। डॉ. वर्मा ने दिल्ली और बाद में राष्ट्रीय राजनीति में भाजपा के प्रभाव को मजबूत करने में विशेष भूमिका निभाई।

## सीएम गुप्ता सहित नेताओं ने मनाई होली, दी शुभकामनाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने होली के पावन पर्व पर राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री जे पी नड्डा और प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा के सानिध्य में कार्यकर्ता बंधुओं के संग हर्ष और उल्लास से रंगों का उत्सव मनाया। इस दौरान रेखा गुप्ता ने सभी को होली की मंगलमय शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आपसी प्रेम, सौहार्द और एकता के रंगों में सराबोर करने वाला यह त्योहार हमारे जीवन में समरसता और सद्भाव के रंग घोलता है। वहीं, प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जे पी नड्डा के आवास पर पहुंचकर प्रदेशवासियों व समस्त कार्यकर्ताओं की ओर से उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की। सचदेवा ने कहा कि होली केवल रंगों का नहीं, बल्कि प्रेम, उल्लास, सौहार्द और सामाजिक समरसता का पर्व है। आइए, हम सभी मिलकर समाज में भाईचारे और सद्भावना के रंग भरें। उन्होंने सभी को रंगों के महापर्व की अनंत शुभकामनाएं दी। इसके साथ ही दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने दिल्लीवासियों संग रंगों के उत्सव में डूबकर होली का आनंद लिया।

## आर्य परिवार ने होली मंगल-मिलन समारोह किया आयोजित



**नई दिल्ली।** दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा की ओर से कनॉट प्लेस स्थित रघु मल आर्य कन्या विद्यालय में आर्य परिवार होली मंगल मिलन समारोह आयोजित किया। इस अवसर पर सभी ने नशे से दूर रहने व पारिवारिक रिश्ते मजबूत करने का संकल्प लिया। इसमें आर्य समाजों, आर्य परिवारों के हर आयु वर्ग के आर्यजनों ने हिस्सा लिया। यहां महामंत्री विनय आर्य ने देश में लगातार कमजोर हो रहे पारिवारिक रिश्तों और नशे की शिकार हो रही युवा पीढ़ी को लेकर विशेष चिंतन व चिंता व्यक्त की गई। हर्ष उल्लास के इस अवसर पर नव नवसंयेष्टि यज्ञ, मधुर भजन, बच्चों द्वारा सांस्कृतिक, योग कार्यक्रम, आर्य समाज के गौरवशाली इतिहास पर आधारित समाज के गरीब और वंचित वर्ग को सहयोग देकर खुशहाल बनाने की प्रेरक नाटिकाओं का मंचन किया गया। सभा प्रधान धर्मपाल आर्य ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की तथा स्वामी प्रणवानंद सरस्वती की देखरेख में वैदिक विद्वान धनंजय शास्त्री, आर्य समाज सागरपुर दिल्ली की मांती जैन (106 वर्ष) को सम्मानित किया गया। देव महाजन (अमेरिका) डीएवी के डायरेक्टर वीर सिंह, अजय सहगल, विधायक करनैल सिंह व गणमान्य सज्जन भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में आर्य केंद्रीय सभा, अखिल भारतीय दयानंद सेवाश्रम संघ, प्रांतीय आर्य महिला सभा, दिल्ली के सभी वेद प्रचार मंडल के सदस्य, व अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्या मित्र ठुकराल, सुरेंद्र रैली, जोगिंदर खट्टर, सतीश चड्ढा, अरुण वर्मा, संजय कुमार अधिकारियों का योगदान रहा।

## प्रभात फेरी में समाज कल्याण मंत्री हुए शामिल



- केमिकल फ्री और मेक इन इंडिया होली मनाने का किया आग्रह

**नई दिल्ली।** होली के अवसर पर समाज कल्याण, एससी/एसटी कल्याण, चुनाव और सहकारिता मंत्री रविन्द्र इंद्राज सिंह ने अपनी विधानसभा बवाना में आयोजित प्रभात फेरी में सहभागिता की। प्रभात फेरी के दौरान लोगों से मिलकर उन्हें होली की शुभकामनाएं दीं। मंत्री रविंद्र ने लोगों से केमिकल फ्री और मेक इन इंडिया उत्पादों को बढ़ावा देने की अपील की। समाज कल्याण मंत्री ने कृष्ण विहार और रोहिणी सेक्टर 22 में आयोजित होली मिलन समारोह में भी सहभागिता की। उन्होंने क्षेत्र की जनता और कार्यकर्ताओं से मिले स्नेह और आशीर्वाद के लिए उनका अभिनंदन किया। मंत्री ने कहा कि होली सिर्फ रंगों का त्योहार नहीं, प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का प्रतीक भी है। इस त्योहार में बसी भारतीयता की खुशबू ने इसे वैश्विक बना दिया है। इस रंग-बिरंगे और मिठास से भरे पर्व को पूरी दुनिया मना रही है। समाज कल्याण मंत्री ने होली के बाद लोगों से स्वच्छ दिल्ली बनाने में सहयोग की भी अपील की।

## जनता की सहभागिता के बिना शहर को नहीं बना सकते स्वच्छ : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

जब तक आम नागरिक सफाई को लेकर जागरूक नहीं होंगे, तब तक शहर को पूरी तरह स्वच्छ बनाना संभव नहीं होगा। स्वच्छता अभियान को सफल बनाने के लिए सभी नागरिकों की भागीदारी जरूरी है। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के दक्षिणी जोन के उपायुक्त बादल कुमार ने शनिवार को दक्षिणी जोन में एक नई और अनोखी पहल की शुरुआत की करते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अगर हर व्यक्ति अपने घर, मोहल्ले और सार्वजनिक स्थानों को साफ रखने का संकल्प ले, तो हमारा शहर स्वच्छ और सुंदर बन सकता है। यह अभियान केवल एक दिन की सफाई तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि यह नागरिकों को सफाई के प्रति जागरूक करने का प्रयास है। बता दें कि स्वच्छता को जन आंदोलन बनाने के लिए के दक्षिणी जोन ने एक नई और अनोखी पहल की शुरुआत की है। इस अभियान के तहत, प्रत्येक शनिवार को नगर निगम के एक वार्ड में व्यापक स्तर पर सफाई अभियान चलाया जाएगा, जिसमें स्थानीय नागरिकों और सफाई कर्मियों की भागीदारी को सुनिश्चित किया जाएगा।

उपायुक्त बादल कुमार ने बताया कि इस अभियान की शुरुआत छतरपुर विधानसभा के भाटी वार्ड से की गई, जहां शनिवार को नगर निगम अधिकारियों, स्थानीय पार्षदों और सफाई कर्मियों ने मिलकर सफाई अभियान चलाया। इस दौरान भाजपा पार्षद सुंदर सिंह तंवर, दक्षिणी जोन के उपायुक्त बादल कुमार और सफाई कर्मियों ने एक साथ झाड़ू लगाकर वार्ड को स्वच्छ बनाने का संदेश दिया। इस अभियान का उद्देश्य न केवल सफाई व्यवस्था को मजबूत करना है, बल्कि जनता को भी इस मुहिम में सक्रिय भागीदार बनाना है। वहीं, स्थानीय पार्षद सुंदर सिंह तंवर ने कहा कि स्वच्छता सिर्फ सरकार की जिम्मेदारी नहीं है। जब तक आम लोग खुद इसमें भाग नहीं लेंगे, तब तक यह संभव नहीं होगा। हम चाहते हैं कि यह अभियान पूरे जोन में जन आंदोलन बने।



- एमसीडी की नई पहल हर शनिवार सफाई, हर दिन स्वच्छता
- छतरपुर के भाटी वार्ड से हुई अनोखी मुहिम की शुरुआत

## मुख्यमंत्री ने बजट सत्र से पहले किसानों से बात की

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को भाजपा सरकार के 25 मार्च को पेश होने वाले बजट से पहले दिल्ली के किसानों से प्रतिक्रिया जानी और उनकी सभी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। दिल्ली सचिवालय में आयोजित बातचीत में किसानों ने तत्काल प्रभाव से भूमि सर्वेक्षण नीति लागू करने, खाद-बीज पर सब्सिडी देने और मानसून के मौसम में नालों के उफान पर आने से विभिन्न गांवों में खड़ी फसलों को जलमग्न होने से बचाने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि किसानों के डीजल से चलने वाले ट्रैक्टर 10 साल पूरे होने के बाद जब्त कर लिए गए। उन्होंने सरकार से मांग की कि खेती के लिए ट्रैक्टरों के इस्तेमाल की अनुमति 20 साल तक दी जाए। इस बातचीत में मुख्यमंत्री के अलावा लोक निर्माण मंत्री प्रवेश वर्मा भी मौजूद थे।

गुप्ता ने कहा कि पिछली सरकारों ने किसानों के लिए कुछ नहीं किया और उनकी जरूरतों को नजरअंदाज किया, लेकिन भाजपा की डबल इंजन सरकार किसानों की हर समस्या का समाधान करेगी। उन्होंने कहा, "किसानों से प्राप्त प्रत्येक सुझाव पर गौर किया जाएगा तथा सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा।" उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार केंद्र की मदद से दिल्ली के ग्रामीण इलाकों और गांवों में संपत्ति सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करेगी।

### नरेश बाल्यान के खिलाफ मकोका मामला

## दो अप्रैल तक आरोपपत्र दाखिल करने का निर्देश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने दिल्ली पुलिस को आम आदमी पार्टी नेता नरेश बाल्यान के खिलाफ मकोका के तहत दर्ज मामले में दो अप्रैल तक पूरक आरोपपत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने 12 मार्च को विशेष लोक अभियोजक अखंड प्रताप सिंह की याचिका पर पुलिस को 20 दिन की हिरासत प्रदान की। न्यायाधीश ने कहा, ɺराज्य के विशेष पीपी (सरकारी अभियोजक) ने कहा है कि अभियोजन पक्ष सह-आरोपी विजय गहलोत और साहिल के खिलाफ शीघ्र ही पूरक आरोपपत्र दाखिल करेगा और इसके लिए कुछ समय मांगा है। अनुरोध पर मामले को आगे की कार्यवाही के लिए दो अप्रैल को सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया जाता है। उक्त तिथि को आरोपी को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से पेश किया जाए। अदालत ने हाल ही में एक अन्य सह-आरोपी रितिक उर्फ पीटर के खिलाफ पूरक आरोपपत्र पर संज्ञान लिया।

आप नेता को कथित संगठित अपराध मामले में चार दिसंबर को गिरफ्तार किया गया था, लेकिन जबरन वसूली के एक मामले में उन्हें पहले ही जमानत मिल गई थी।

## महिलाओं को उनकी फर्जी तस्वीरों से ब्लैकमेल करने वाला युवक पकड़ा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने शनिवार को 23 वर्षीय युवक को महिलाओं की तस्वीरों से छेड़छाड़ कर उन्हें सोशल मीडिया पर ब्लैकमेल करने के आरोप में गिरफ्तार किया। दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। आरोपी की पहचान अमृतसर निवासी माधव सिंह के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने एक महिला से पांच लाख रुपये की मांग की और धमकी दी कि अगर वह भुगतान नहीं करती है तो वह उसकी संपादित तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल कर देगा। पुलिस ने आरोपी को दिल्ली के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र से गिरफ्तार किया और उसके फोन से संपादित तस्वीरें बरामद की। पूछताछ के दौरान माधव ने अपना अपराध कबूल करते हुए कहा कि वह अपने मनोरंजन के लिए महिलाओं को ब्लैकमेल करता था। उत्तर-पश्चिमी जिले के उपायुक्त (डीसीपी) भीषम सिंह ने बताया कि एक महिला ने साइबर ब्लैकमेलिंग और रंगदारी की शिकायत दर्ज कराई थी।

## नकदी एकत्रित करने वाले कर्मचारी पर चाकू से हमला करने के आरोप में चार गिरफ्तार

**एजेंसी, नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के द्वारका इलाके में एक डिलीवरी कंपनी के नकदी एकत्रित करने वाले कर्मचारी पर लूटपाट के प्रयास में चाकू से हमला करने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि आरोपियों की पहचान भागीरथ (22), सुमित (22), विवेक मेहरा (21) और विक्की वर्मा (24) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने सोशल मीडिया रीलों से प्रभावित होकर अपराध को अंजाम दिया है। पुलिस उपायुक्त (द्वारका) अंकित सिंह ने कहा, ɺपीड़ित अभिमन्यु कुमार आठ मार्च को अपने कार्यालय जा रहा थे, उस दौरान ही मोटरसाइकिल सवार दो हमलावरों ने उसे एक सुनसान जगह पर रोक लिया। जब उसने लूट के प्रयास का विरोध किया, तो आरोपियों में से एक ने चाकू निकाला और घटनास्थल से भागने से पहले उनकी गर्दन और पेट पर कई बार वार किया।

### पीडब्ल्यूडी मंत्री ने किया रोहतक रोड का निरीक्षण

# सड़क और नालों का कार्य समय पर हो पूरा : प्रवेश वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

रोहतक रोड की सड़कों और नालियों का कार्य समय पर पूरा किया जाए। दिल्ली सरकार में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंत्री प्रवेश वर्मा ने शनिवार को रोहतक रोड के निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को यह निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि यह सड़क हरियाणा को दिल्ली से जोड़ती है। इस सड़क पर फरवरी से नालों, नालियों के निर्माण कार्य चल रहा है, लेकिन सड़क की हालत भी बेहद खराब है। स्थानीय लोगों की शिकायतों के बाद मंत्री ने इस सड़क निर्माण कार्य को लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) से लेकर राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) को ट्रांसफर कर दिया है। उन्होंने कहा कि 18 किलोमीटर लंबा यह हिस्सा पीरागढ़ी चौक से टिकरी बॉर्डर तक बनेगा। ड्रेनेज निर्माण कार्य पर करीब 115 करोड़ रुपये की लागत आएगी और इसे 14 महीने में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। मंत्री ने आगे कहा कि खराब सड़कों के कारण प्रदूषण भी बढ़ता है, इसलिए सरकार उच्च गुणवत्ता वाली सड़कें बनवाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने स्थानीय लोगों को आश्वासन दिया कि सड़क और ड्रेनेज का यह कार्य तय समय सीमा में पूरा किया जाएगा, जिससे दिल्ली और हरियाणा के बीच आवागमन सुगम हो सकेगा।

- 18 किलोमीटर लंबा यह हिस्सा पीरागढ़ी चौक से टिकरी बॉर्डर तक बनेगा



### जल्द से जल्द सभी जरूरी अनुमति की जाए प्राप्त

मंत्री प्रवेश वर्मा ने कहा कि इस परियोजना के तहत आईजीएल और दिल्ली मेट्रो के तीन स्टेशन भी आते हैं, जिनसे अनुमति लेना आवश्यक है। मंत्री प्रवेश वर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जल्द से जल्द सभी जरूरी अनुमति प्राप्त की जाए, ताकि किसी भी प्रकार की देरी न हो। उन्होंने कहा कि अनुमति में देरी होने से प्रोजेक्ट की लागत बढ़ जाती है, इसलिए इसे प्राथमिकता से पूरा किया जाए। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने कहा कि रोहतक रोड की हालत बहुत खराब थी और लोगों की शिकायत थी कि कोई जनप्रतिनिधि यहां आता ही नहीं। अब ड्रेनेज का काम शुरू हो चुका है, और पूरी सड़क को एनएचएआई को ट्रांसफर कर दिया गया है। पीडब्ल्यूडी और फ्लड कंट्रोल विभाग मिलकर इस निर्माण कार्य को पूरा कर रहे हैं।

### निर्माण कार्य की गुणवत्ता से न किया जाए समझौता

मंत्री प्रवेश वर्मा ने सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर विशेष जोर दिया और ठेकेदारों को सख्त निर्देश दिए कि किसी भी हाल में निर्माण कार्य की गुणवत्ता से समझौता न किया जाए। उन्होंने कहा कि हम ऐसी सड़कें और नालियां बना रहे हैं, जो वर्षों तक टिकेंगी। यदि निर्माण में लापरवाही हुई, तो ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट किया जाएगा और संबंधित अधिकारियों को निलंबित कर दिया जाएगा।

## तेलंगाना की तरह दिल्ली सरकार भी महिलाओं के लिए ब्याज मुक्त कर्ज की योजना लागू करें: यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की तेलंगाना सरकार ने जिस प्रकार महिला उद्यमियों के लिए 25000 करोड़ ब्याज मुक्त घोषणा की है, उसी तर्ज पर दिल्ली की भाजपा सरकार को भी ऐसी योजना लागू करनी चाहिए। यादव ने कहा कि दिल्ली की रेखा गुप्ता सरकार से हमारी मांग है कि आगामी बजट में तेलंगाना की तर्ज पर राजधानी की महिलाओं के लिए ब्याज मुक्त कर्ज का प्रावधान करें। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार महीने भर से बैठके करके दिल्ली वालों को भ्रमित करने के अलावा कुछ नहीं किया, वादों को पूरा करने और जनहित में अभी तक कोई कदम नही उठाया है। जबकि कांग्रेस पार्टी हमेशा से महिलाओं के विकास, समृद्धि और उनको सम्मान देने के लिए प्रतिबद्ध है। यही कारण है कि जहां जहां कांग्रेस की सरकारें हैं वहां चुनाव के दौरान किए गए सभी वादों को समय पर पूरा करके जनता को सशक्त और मजबूत बनाने का कार्य कर रहीं हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की तेलंगाना सरकार ने महिला उद्यमियों को सशक्त बनाने के लिए 25 हजार करोड़ ब्याज मुक्त देने की घोषणा की है। देश भर में भाजपा शासित राज्यों में चुनावी घोषणाओं को या तो लागू नही किया गया, अगर किया है नाम मात्र ही किया है। यही स्थिति दिल्ली की है कि चुनाव से पहले मोदी की गारंटियों की घोषणा तो की थी परंतु उनको लागू करने की दिशा में जनहित में कोई कदम नही उठाया है। यादव ने कहा कि कांग्रेस की तेलंगाना सरकार ने महिला उद्यमियों को सशक्त बनाने के लिए 25000 करोड़ ब्याज मुक्त देने की घोषणा करके साबित कर दिया है कि कांग्रेस जो कहती है उसे पूरा करती है। जबकि भाजपा ने अपने शासित राज्यों में जनता से किए गए वादों को पूरा नहीं किया है। जबकि कांग्रेस शासित राज्य कर्नाटक, तेलंगाना, हिमाचल प्रदेश में जो भी वादे महिलाओं, बुजुर्गों, किसानों, युवाओं के लिए किए थे उन्हें पूरा किया है। यादव ने कहा कि 8 फरवरी को दिल्ली में बहुमत मिलने के बाद से आज तक चुनाव में जनता से किए वादों पर सरकार कोई आदेश जारी नहीं किया है।

## खबर संक्षेप



### होली पर जमकर उड़े रंग और गुलाल

**गाजियाबाद।** जिले में होली का पर्व हर्सोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान लोगों ने एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी। साथ ही जमकर रंग और गुलाल के साथ होली खेली।। कई समूह में लोग अलग-अलग स्थान पर इकट्ठा हुए और एक दूसरे को गले मिलकर होली की बधाई दी। क्या बच्चे, क्या बड़े सभी में होली का अलग ही उत्साह दिखाई दिया और जिले में जमकर रंग और गुलाल उड़े। इस दौरान पुलिस भी काफी मस्टर्ड दिखाई दी और पुलिस ने नियमों का उल्लंघन करने शराब पीकर हंगामा करने वाले लोगों को गिरफ्तार किया। शुक्रवार को जहां आम नागरिकों ने होली और पुलिस उनकी सुरक्षा में सड़कों पर रही। वही शनिवार को पुलिस की होली जिले धूम साहब के साथ मनाई गई पुलिस कार्यालय थाना आदि में पुलिस फोर्स के अधिकारियों व आरक्षणों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी इस दौरान दौरान पुलिस में खूब उत्साह दिखाई दिया।

### जुआ खेलने वाले दो आरोपियों को किया काबू

**फरीदाबाद।** होली पर्व पर जुआ खेलने के आरोप में पुलिस ने हरीश व राजेश को काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि 14 मार्च को पुलिस थाना एनआईटी की टीम गस्त पर थी। गस्त के दौरान टीम को गुप्त सुत्रों से भगत सिंह कालोनी नजदीक सरकारी ट्यूबवैल के पास जुआ खेलने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने आरोपी हरीश व राजेश वासी एनआईटी फरीदाबाद को भगत सिंह कालोनी नजदीक सरकारी ट्यूबवैल से काबू किया है। आरोपियों से मौके पर 54890 रूपए व ताश के पत्ते बरामद हुए है। हरीश ऑटो ड्राइवर है तथा राजेश प्राइवेट गाड़ी पर ड्राइवरी करता है। आरोपियों से पूछताछ के बाद नियमानुसार कार्यवाही की गई।

### दम्पति की कार में तेज रफ्तार दो गाड़ियों ने मारी टक्कर

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के सेक्टर-4 पुलिस चौकी क्षेत्र में राधा-कृष्ण मंदिर के सामने से रॉंग साइड से तेज भगाकर एक ब्रेजा व एक स्विफ्ट कार ने टक्कर मार दी, जिससे कार में सवार दम्पत्ति को काफी चोटें आई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सेक्टर-5 निवासी सुनील ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गत 14 मार्च को शाम करीब 4.15 बजे जब अपनी गाड़ी से सेक्टर-4 स्थिति राधा-कृष्ण मंदिर गए थे। वह अपनी पत्नी को मंदिर छोड़ने के लिए गया था। जब सुनील अपनी पत्नी को मंदिर के सामने उतारने ही वाला था तो रॉंग साइड से एक ब्रेजा कार व एक स्विफ्ट कार तेजी से आई और उसकी गाड़ी से टक्कर मार दी। जिससे सुनील व उसकी पत्नी को गंभीर चोटें आई। वहीं पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### बस में मिला युवक का शव

**फरीदाबाद।** सेक्टर-37 बाईपास इलाके में एक बस में 25 वर्षीय युवक का शव मिला है। राहगीर ने बस में लहूलुहान हालत में युवक का शव देखा। राहगीर ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक मृतक की पहचान दिल्ली मोडबंद के रहने वाले दीपक उर्फ वाडरा के रूप में हुई है। शव को बादशाह खान सिविल अस्पताल में पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस जांच में मृतक के शरीर पर करीब 20 बार चाकू से हमले के निशान मिले हैं। मृतक के दोस्त के अनुसार बीती रात करीब 12 बजे दीपक चिक्की, सोनी, ओम और नेपाली थापा के साथ था। थाना सराय के प्रभारी वेद प्रकाश ने बताया कि एक राहगीर को खाटू श्याम ट्रैवल्स की खड़ी बस में शव दिखा। उसने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

---

### पड़ोसी के झगड़े में बीच-बचाव कर रहा था

# तीन युवकों ने शख्स को पीट पीटकर कर उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



मुजेसर थाना क्षेत्र की संजय कॉलोनी में रहने वाले युवक की तीन लोगों ने पीटकर हत्या कर दी। युवक अपने पड़ोसी के झगड़े में बीच-बचाव करने के लिए लिए गया था। पुलिस ने परिजन की शिकायत पर हत्या का मामला दर्ज करके आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपितों को कोर्ट में पेश करके पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया जाएगा।

संजय कालोनी में रहने वाले सदानन्द ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने रिश्तेदार के यहां किराए पर रहते हैं। उनका लडक़ा सूरज निजी फैक्ट्री में नौकरी करता है। शुक्रवार को सूरज अपने घर के सामने ही होली खेल रहा था। उसने देखा कि पास में ही कुछ युवक पड़ोस में रहने वाले बिट्टू से झगड़ा कर रहे हैं। जिसके बाद सूरज बिट्टू बीच बचाव करने के लिए वहां पर चला गया। सूरज की अस्पताल ले जाते वक्त हो गई मौत आरोप है कि झगड़ा करने वाले आरोपित कुलदीप, ऋषभ और अंकित ने बिट्टू को छोडक़र सूरज के साथ मारपीट शुरू कर दिया। तीनों ने मिलकर सूरज को जमीन पर गिरा दिया। इसके बाद पेट पर लात मारनी शुरू कर दी। मारपीट की जानकारी पाकर सूरज के चचेरे भाई सभाजीत मौके पर पहुंचे। आरोपी सभाजीत को देखकर भागते हुए बोले की आगे से हमारे बीच में कभी मत पडऩा। इलाज के लिए अस्पताल ले जाते समय सूरज की रास्ते में ही मौत हो गई। मृतक के भाई सिकंदर के अनुसार उनके भाई का आरोपियों से कभी झगड़ा नहीं हुआ था। वह तो उनको ठीक तरह से जानते भी नहीं थे। मुजेसर थाना प्रभारी समेर सिंह के अनुसार तीनों आरोपियों को पकड़ लिया गया है। झगड़ा किस बात को लेकर हुआ था। इसको लेकर पूछताछ की जाएगी।

---

## बच्चे का अपहरण कर हत्या के मामले में आरोपियों को भेजा जेल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

बालक का अपहरण कर हत्या करने के आरोपियों से रिमाण्ड के दौरान वारदात में प्रयोग हथौड़ा, मोबाइल फोन व सिम, स्कूटी व मृतक बच्चे की चप्पल को बरामद किया है। आरोपियों को अदालत में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया है।

गौरतलब है कि इंद्रा एनक्लेव निवासी विनय उम्र 9 वर्ष की फिरौती के लिए अपहरण करने व उसकी हत्या कर देने के मामले में फरीदाबाद पुलिस अपराध शाखा एनआईटी की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपी अजीत व सहदाब को गिरफ्तार कर 3 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया था।

पुलिस प्रवक्ता ने बतलाया कि आरोपी अजीत व सहदाब को 11 मार्च को ही गिरफ्तार कर पूछताछ व बरामदगी के लिए 3 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया था। रिमांड के दौरान आरोपी अजीत कि निशानदेही पर वारदात में प्रयोग हथोड़ा, मोबाइल फोन व सिम तथा मृतक की चप्पल बरामद की गई है वहीं आरोपी सहदाब से अपराध में प्रयोग की गई स्कूटी को बरामद किया गया है, इस स्कूटी पर आरोपी अजीत मृतक बच्चे की लाश को रखकर फरीदाबाद गुडग़ांव रोड पर फेंक कर आया था। दोनों आरोपियों को पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया है।

---

### पत्नी का गला घोंटकर उतारा मौत के घाट आरोपी गिरफ्तार

**गाजियाबाद ।** टीला मोड़ थाना क्षेत्र में एक पति ने अपनी पत्नी को पहले डिफेंस ग्राउंड में बुलाया और उसकी गला दबाकर हत्या कर दी। इसके बाद आरोपी फरार हो गया। बाद में पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। पुलिस की प्राथमिक जांच में पता चला है कि डिफेंस ग्राउंड में जब दोनों पति-पत्नी मिले तो किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। इसी विवाद के चलते पति ने पत्नी को गला दबाकर मार डाला। एसीपी सलोनी अग्रवाल ने बताया कि मरने वाली महिला का नाम रेनू शर्मा है।जो अनिल शर्मा की पत्नी है । रेनू शर्मा थाना टीला मोर के अंतर्गत डिफेंस कॉलोनी में किराए के मकान में रहती है ।उन्होंने बताया कि।14 मार्च की रात्रि में अनिल ने अपनी पत्नी रेनू को मिलने के लिए डिफेंस ग्राउंड में बुलाया गया था।उसी दौरान वहां पर दोनों में कुछ बातों को लेकर आपस में वाद-विवाद और झगड़ा हुआ और झगड़ा बढ़ने के कारण अनिल ने रेनू का गला दबाकर हत्या कर दी और फरार हो गये। सुबह को रेनू की लाश डिफेंस ग्राउंड में पड़ी मिली।सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अनिल को गिरफ्तार कर लिया गया है और उससे गहराई से पूछताछ की जा रही है।फील्ड यूनिट को मौके पर बुलाया गया है।

---

# गाजियाबाद नमो भारत स्टेशन पर जल्द खुलेंगे को-वर्किंग स्पेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद



नमो भारत के जरिए यात्रियों के लिए गुड न्यूज़ है। एनसीआरटीसी अब गाजियाबाद नमो भारत स्टेशन पर को-वर्किंग स्पेस 'मेट्रोडेस्क'(सह कार्य स्थान) खोलने की योजना बना रहा है। यानी योजना के परवान चढ़ने के बाद भारत के जरिए यात्रियों के लिए को-वर्किंग स्पेस की सुविधा उपलब्ध होगी।

एनसीआरटीसी के प्रवक्ता पुनीत वत्स ने बताया कि नमो भारत के जरिए यात्रियों के लिए बेहतर कनेक्टिविटी और सुविधा प्रदान करना एनसीआरटीसी की प्राथमिकता रही है और इसी दिशा में कई पहलें भी की गई हैं। इसी क्रम में एक और कदम बढ़ाते हुए, एनसीआरटीसी अब गाजियाबाद नमो भारत स्टेशन पर को-वर्किंग स्पेस 'मेट्रोडेस्क' खोलने की योजना बना रहा है। यह पहल शहरी ट्रांजिट स्पेस को व्यवसायिक हब में बदलने की दिशा में एक नया कदम है, जो नमो भारत नेटवर्क के अंतर्गत अपनी तरह का पहला को-वर्किंग मॉडल होगा। यह अत्याधुनिक कार्यक्षेत्र गाजियाबाद और आसपास के पेशेवरों, उद्यमियों और छोटे व्यवसायों के लिए उपयुक्त रूप से डिजाइन किया गया है।

उन्होंने बताया कि स्टेशन के कॉनकोर्स लेवल पर स्थित इस को-वर्किंग स्पेस में 42 ओपन वर्कस्टेशन, 11 निजी केबिन और 2 मीटिंग रूम होंगे, जिसमें एक समय में लगभग 42 व्यक्ति और 11 कंपनियां कार्य कर सकेंगी। इस सेटअप में हाई-स्पीड इंटरनेट और प्लग-एंड-प्ले वर्कस्टेशन जैसी सुविधाएं होंगी, जो निर्बाध उत्पादकता और सुविधा सुनिश्चित करेंगी। स्टेशन के अंदर स्थित होने के कारण यह पेशेवरों के यात्रा समय को कम करेगा और उनकी कार्यक्षमता को बढ़ाएगा।

गाजियाबाद नमो भारत स्टेशन की व्यस्ततम लोकेशन इसे पेशेवरों के लिए एक आदर्श स्थान बनाती है। गाजियाबाद-मेरठ मार्ग पर स्थित यह स्टेशन, विशेष रूप से मेरठ तिराहा मोड़ और दिल्ली मेट्रो के शहीद स्थल नया बस अड्डा स्टेशन के पास होने के कारण भारी संख्या में यात्रियों को आकर्षित करता है।

---

### देसी कट्टे सहित क्राइम ब्रांच की टीम ने किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर-56 की टीम ने आरोपी इरफान को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि क्राइम ब्रांच सेक्टर.56 की टीम ने इरफान वासी खतोपट्टी मोहल्ला गांव तिगांव को सेक्टर-24 मुजेसर एरिया फरीदाबाद से काबू किया है, जिससे देसी कट्टा बरामद किया गया है। आरोपी के खिलाफ थाना मुजेसर में अवैध हथियार रखने की धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

आरोपी इरफान से पूछताछ में सामने आया कि वह 6000 रूपए में देसी कट्टे को राजीव कॉलोनी में रहने वाले एक व्यक्ति से खरीद कर लाया था। आरोपी आटो चलाता है। अपराधिक रिकॉर्ड अनुसार आरोपी पर पूर्व मे हत्या, स्नैचिंग व चोरी सहित कुल 5 मामले दर्ज है। जिसको पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया है।

---

## नौ महीने बाद फिर शराब बेचते पकड़ा युवक, 12 लीटर कच्ची शराब व 50 लीटर लाहण बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

**गत वर्ष 11 जून को छापेमारी कर पकड़े थे कई आरोपी**

गत वर्ष 11 जून को भी रिठौज गांव के नजदीक अरावली की पहड़ियों में कच्ची शराब बनाते कई आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इन आरोपियों में गिरफ्तार आरोपी प्रदीप का चाचा सच्चे भी शामिल रहा था। वहीं कई अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया था। पुलिस प्रवक्ता का कहना है कि आरोपी प्रदीप गांव में कच्ची शराब बेचते गिरफ्तार किया गया है।

सोहना ब्लॉक के गांव रिठौज की अरावली की पहाड़ियों में नौ महीने बाद एक बार फिर उसी परिवार का युवक शराब बेचते हुए पकड़ा गया। आरोपी युवक से जब कड़ी पूछताछ की गई तो आरोपी ने अरावली की पहाड़ियों में कच्ची शराब बनाने की भट्ठी तक पुलिस को जानकारी दी। इसके बाद पुलिस ने 12 लीटर कच्ची शराब व कच्ची माल (लाहण) 50 लीटर बरामद किया। वहीं शराब बना रहे चार अन्य आरोपी फरार हो गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इससे पहले गत वर्ष जून महीने में पकड़े गए आरोपी का चाचा गिरफ्तार किया था और कई महीने बाद जेल से बाहर आया। इसके बाद भी आरोपी फिर से शराब बनाने लगा।

गत 13 मार्च को मारुति कुंज चौकी पुलिस को सूचना मिली कि रिठौज गांव से लगती अरावली की पहाड़यिों में अवैध रूप से भट्ठी लगाकर कच्ची शराब बनाई जा रही है और इसके बाद रिठौज गांव में बेची जा रही है। इस सूचना के बाद पुलिस ने गांव रिठौज से एक युवक को अवैध कच्ची शराब समेत गिरफ्तार कर लिया। वहीं युवक से जब पूछताछ की तो उसने कच्ची शराब बनाने की भट्ठी की जानकारी। जिस पर पुलिस ने कच्ची शराब बनाने की भठ्ठी पर छापेमारी की, लेकिन भठ्ठी पर शराब बनाने का काम करने वाले अन्य आरोपी फरार हो गए। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी की पहचान प्रदीप निवासी गांव रिठौज के रूप में की है।

पुलिस प्रवक्ता संदीप ने बताया कि पुलिस ने छापेमारी के दौरान गिरफ्तार आरोपी प्रदीप निवासी रिठौज से कोल्ड ड्रिंक की छह बोतलों में भरी 12 लीटर शराब बरामद हुई। इसके बाद अरावली की पहाड़यिों में बनी शराब बनाने की भट्ठी पर पुलिस पहुंची तो वहां से 50 लीटर लाहण बरामद हुआ। जो शराब बनाने में इस्तेमाल होता है। वहीं पुलिस को देख आरोपी फरार हो गए। वहीं पुलिस ने मौके से चलती भट्ठी में लोहे का ड्रम एक व आस पास मे प्लास्टिक के 3 ड्रम 200-200 लीटर, 3 प्लास्टिक कैन खाली व एक प्लास्टिक डिब्बा भरा बरामद किया।

---

# गंदे नाले में डूबने से युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

बीती रात एक बड़ा हादसा हो गया। जिसमें 30 वर्षीय युवक की गंदे पानी के नाले में डूबने से मौत हो गई। वह स्कूटी से जाते समय नाले में गिर गया। करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद उसको बाहर निकाला जा सका। शव का आज बीके नागरिक अस्पताल में पोस्टमॉर्टम होगा। पुलिस हादसे को लेकर छानबीन कर रही है।

जानकारी के अनुसार संजय कालोनी का रहने वाला शाहरुख अपनी स्कूटी लेकर घर के पास ही खड़ा था। उसने स्कूटी स्टार्ट कर दी। एक्सीलेटर तेज खींचने के कारण स्कूटी का संतुलन बिगड़ गया और वह सीधे एक लकड़ी के खोखे से टकरा गया और पास से गुजर रहे गंदे पानी के नाले में जा गिरा। शाहरुख को बचाने के लिए उसका एक दोस्त भी नाले में कूदा, लेकिन गंदगी ज्यादा होने की वजह से उसे बचाने में असमर्थ रहा।

मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। डॉयल-112 पुलिस को भी हादसे की सूचना दी गई। करीब डेढ़ घंटे तक स्थानीय लोगों ने युवक की तलाश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। घटना की सूचना मिलते ही सारन थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस अधिकारी रामकुमार ने बताया कि सबसे पहले डायल 112 पर कॉल कर घटना की सूचना दी गई थी, जिसके बाद पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची।

मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई थी। स्थानीय लोगों और जेसीबी की मदद से करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद शाहरुख का शव नाले से बाहर निकाला गया। शव को तत्काल सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के लिए शव को मोर्चरी में भेज दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और परिवार से भी घटना को लेकर जानकारी जुटाई जा रही है।

---

# कांग्रेस में घमासान: कांग्रेस प्रवक्ता ने प्रदेशाध्यक्ष को बीजेपी का एजेन्ट बताया

बिजेन्द्र शर्मा ▶▶ फरीदाबाद

**क्या कहते है प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष**



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान ने का कहना है कि पार्टी विरोधी गतिविधियों के चलते विजय कौशिक को कांग्रेस से निष्कासित किया गया है तथा विजय कौशिक का इतना कद नहीं है कि उस पर कोई प्रतिक्रिया दी जाए।

**क्या कहते पार्टी प्रवक्ता**



पार्टी प्रवक्ता विजय कौशिक का कहना है कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने पार्टी की मजबूती के लिए उदयभान को प्रदेशाध्यक्ष बनवाया था तथा उदयभान भाजपा के साथ मिलीभगत कर टिकटें बेचते रहे तथा भाजपा के एजेन्ट के रूप में काम करते है।

एक के बाद एक लगातार मिल रही हारों के बाद कांग्रेस में घमासान शुरू हो गया है। कांग्रेस जन अब एक-दूसरे पर संगीन आरोप लगा रहे है। पार्टी प्रवक्ता विजय कौशिक ने प्रदेशाध्यक्ष उदयभान पर भाजपा का एजेन्ट होने का आरोप लगा दिया है।

काबिलगौर यह है कि पहले लोकसभा, हरियाणा विधानसभा, फिर दिल्ली विधानसभा और अब नगर निगम फरीदाबाद के चुनाव में मिली करारी हार के बाद कांग्रेस जन आपा खोते जा रहे है। कांग्रेस जन अब इन हारों के लिए एक-दूसरे को दोषी करार दे रहे है तथा एक-दूसरे पर सत्तारूढ़ दल भाजपा के साथ मिलीभगत करने व उनके एजेन्ट के रूप में काम करने का आरोप मढ़ रहे है।

जैसा कि लोकसभा चुनाव के दौरान देखने को मिला था कि कुछ कांग्रेस लीड पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी महेन्द्र प्रताप सिंह की बजाय भाजपा के प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर के लिए काम कर रहे थे। लोकसभा चुनाव में हार के बाद कांग्रेस प्रत्याशी महेन्द्र प्रताप सिंह ने ऐसे 17 लोगों की सूची कांग्रेस आला कमान को सौंपी थी जिन्होंने उनकी खिलाफत की व भाजपा उम्मीदवार का साथ दिया। महेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा सौंपी गई सूची पर एक्शन करते हुए कांग्रेस आला कमान ने शारदा राठौर, ललित नागर के टिकट काट दिए थे।

ठीक लोकसभा की तरह ही विधानसभा चुनाव में भी भाजपा इशारे पर टिकट वितरण के आरोप लगाते रहे तथा कुछ कांग्रेस नेता भाजपा उम्मीदवारों की मदद करते देखे गए।

निगम चुनाव में भी भाजपा के इशारे पर टिकट वितरण के आरोप लगे। एक के बाद एक लगातार चार हार मिलने के बाद अब कांग्रेस जन आपा खोते से जा रहे है तथा एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप मढ़ रहे है। लगातार तीन बार विधानसभा चुनाव हार चुके लखन कुमार सिंगला की शिकायत पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान ने पार्टी प्रत्याशी विजय कौशिक को कांग्रेस से निष्कासित कर दिया।

---

## चुनावी रंजिश में पटौदी में दो चचेरे भाईयों को गोली मारी, कई अन्य लोग भी घायल, चार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम



पटौदी के वार्ड-1 एक में चुनावी रंजिश के चलते एक परिवार ने दूसरे परिवार के लोगों पर कहासुनी के बाद फायरिंग कर दी। इस दौरान दो चचेरे भाईयों को गोली लग गई। इसके अलावा लाठी-डंडों से दो अन्य लोग भी घायल हो गए। एक युवक के सिर में गोली लगी है, जबकि दूसरे युवक को पेट में गोली लगी है। दोनों को प्राइवेट अस्पताल में एडमिट कराया गया है। वहीं मौहल्ले में रंजिश के चलते हुए झगड़े के बाद एहतियात के तौर पर पुलिस तैनात कर दी गई है। इस संबंध में पुलिस ने केस दर्ज कर शनिवार को चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। बृजमोहन निवासी वार्ड-1 ने बताया कि पटौदी-जाटौली नगरपरिषद में उनके वार्ड से भाजपा टिकट पर रवि चौहान पार्षद चुने गए हैं। जबकि निर्दलीय भारत नंबरदार दूसरे स्थान पर रहे हैं। बृजमोहन का कहना है कि वे रवि चौहान के समर्थक हैं और उनके चुनाव में उनके साथ रहे। लेकिन उनके पड़ोसी विकास उर्फ मोती भारत नंबरदार के साथ थे और रवि चौहान की जीत से नाखुश थे और चुनाव परिणाम के बाद काफी रंजिश में थे। गत 13 मार्च की रात करीब 9.30 बजे जब वे होलिका दहन के लिए बृजमोहन व उसका भांजा नरेंद्र निवासी जाटौली के साथ अपने घर के पास पहुंचा तो धीरेंद्र उर्फ पुट्टी ने कहा कि तुम बहुत अकड़ते हो और इतना कहकर धीरेंद्र उर्फ पुट्टी, उसका भाई उदयबीर, विकास उर्फ मोती, मुकुल व संजय भी गली में आ गए और धक्का मुक्की करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इसके करीब 10 मिनट बाद ही विकास उर्फ मोती पिस्टल लेकर अपनी बैठक के दरवाजे में खड़ा हो गया और धीरेंद्र उर्फ पुट्टी ने होली चौक पर आने के लिए कहा और विकास उर्फ मोती ने उसके बेटे अंकित पर गोली चला दी। जिससे उसके सिर में गोली लग गई। इसके बाद विकास उर्फ मोती ने दूसरी गोली उसके भतीजे अखिलेश पर चला दी, जो उसके पेट में लगी। इसके बाद भी विरोधी गुट शांत नहीं हुआ और घर से बाहर निकली शिकायतकर्ता के घर महिलाओं पर भी लाठी डंडों से हमला कर दिया, जिससे राधा पत्नी ललित व ललित के चेहरे पर भी चोट लगी। वहीं पुलिस ने इस संबंध में कार्रवाई करते हुए घायलों को अस्पताल में एडमिट कराया। वहीं पुलिस ने केस दर्ज कर रंजिश में हुए झगड़े के बाद मोहल्ले में पुलिस बल तैनात किया गया है।

---

# भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने 'ओपीडी आन व्हील' का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने दिल्ली के वरिष्ठ कार्यकर्ता पूर्व विधायक ओ. पी. बब्बर का 90वें जन्मदिन पर अभिनंदन किया और उनके परिजनों द्वारा बनवाई विशेष "ओ.पी.डी. आन व्हील" मेडिकल वैन का लोकार्पण किया। ओ.पी. बब्बर के 90वें जन्मदिन पर "एक काम देश के नाम" संस्था द्वारा आयोजित अभिनंदन समारोह में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के साथ राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी.एल. संतोष, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत जय पांडा, दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा, संगठन महामंत्री पवन राणा एवं अनेक पदाधिकारी, केन्द्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, सांसद मनोज तिवारी, रामवीर सिंह बिधूड़ी, कमलजीत सहरावत, प्रवीन खंडेलवाल एवं बांसुरी स्वराज, दिल्ली सरकार के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, मनजिंदर सिंह सिरसा, आशीष सूद, कपिल मिश्रा, पंकज सिंह एवं रविन्द्र इंद्राज सिंह, एनडीएमसी उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल आदि उपस्थित रहे।

इस अवसर पर जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि ओ.पी. बब्बर के परिजनों द्वारा समाज की सेवा में संलग्न सफाई कर्मियों के स्वास्थ्य की चिंता करते हुए मेडिकल वैन का समर्पण यह बब्बर के दिए संस्कारों का परिणाम है। प्रदेश अध्यक्ष सचदेवा ने कहा कि बब्बर ने दिल्ली में विभिन्न संगठनात्मक दायित्वों पर रहते हुए भाजपा संगठन के विस्तार के लिए तन मन धन समर्पित कर कार्य किया और उनका कार्य आज भी हमारे लिए प्रेरणास्त्रोत है।

---

### डीटीसी की पुरानी बसें बनेगी रेस्टोरेंट, डीडीए के बागवानी विभाग का पायलट प्रोजेक्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

बहुत जल्द ही आपको डीटीसी की बसों में बैठकर खाना, पानी, चाय नाश्ता आदि करने को मौका मिलेगा। इसके लिए बकायदा डीटीसी की पुरानी बसों को एक छोटे रेस्टोरेंट की शक्ल दी जाएगी और उसमें बैठकर आप खाने पीने का नया आनंद ले सकते हो। ऐसे रेस्टोरेंट यमुना किनारे यमुना वाटिका में बनाए जाएगें। यह पहल दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) कर रहा है जिसके लिए विशेषज्ञ ठेकेदारों और सलाहकारों से प्रस्ताव मंगाए गए है। इस योजना पर डीडीए का उद्यान विभाग कार्य कर रहा है और जल्द ही ऐसे रेस्टोरेंट यमुना किनारे होंगे। खबर है कि इस योजना को बतौर पायलट प्रोजेक्ट के रूप में सबसे पहले कश्मीरी गेट बस अड्डे के पास स्थित यमुना वाटिका में खोले जाने की तैयारी है। डीडीए अधिकारियों के अनुसार फिलहाल जिन बसों को रेस्तरां में बदलने का प्लान बनाया है उनमें टाटा मार्कोपोलो की एसी सीएनजी लो फ्लोर बस चुनी गई है। यह दिल्ली में हुए राष्ट्रमंडल खेल 2010 वाली यानी 2010 मॉडल बसें होंगी। बस रेस्टोरेंट में एक बार में कम से कम 32-36 लोग बैठ सकेगें।

---

### कार ने मारी बाइक में टक्कर एक की मौत

**गुरुग्राम।** दिल्ली के छत्तरपुर से गुरुग्राम में बाइक पर खाना खाने आ रहे दो युवकों को रॉंग साइड से एक बीएमडब्ल्यू कार ने टक्कर मार दी। इस हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया जबकि घायल को एक प्राइवेट अस्पताल में एडमिट कराया गया है। पुलिस ने आरोपी बीएमडब्ल्यू कार के चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दीपक निवासी जगीराबाद जिला बुलंदशहर यूपी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह छतरपुर भाटी माइंस दिल्ली में किराए पर रहता है और वह एक इवेंट में काम करता है। उसके साथ विक्की कुमार निवासी गांव सुहाना निवाड़ी गांव गाजियाबाद यूपी भी इवेंट का काम करता है। गत 12 मार्च की रात करीब 11 बजे यमाहा की बाइक एफजेड5 से गुरुग्राम खाना खाने आ रहे थे। जब ग्वालहाड़ी के नजदीक अडानी कंपनी के पास पहुंचे तो रॉंग साइड से एक बीएमडब्ल्यू कार तेजी से आई और उनकी बाइक में टक्कर मार दी। इस हादसे में दीपक व उसका साथी विक्की भी घायल हो गया।

## खबर संक्षेप

### नवीनतम तकनीकों को अपनाएं किसान : राणा

**चंडीगढ़।** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि किसानों को कृषि में नवीनतम तकनीकों को अपनाना चाहिए।वे यमुनानगर जिला के कृषि विज्ञान केन्द्र दामला एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद - राष्ट्रीय पादप आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो (आईसीएआर-एनबीपीजीआर), नई दिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। यह कार्यक्रम अनुसूचित जाति उप योजना के तहत पादप आनुवंशिक संसाधनों के प्रबंधन पर आयोजित किया गया था। इस अवसर पर विधायक घनश्यामदास अरोड़ा ,कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कुलपति बी.आर. कंबोज, विस्तार शिक्षा के निदेशक डॉ. बलवान सिंह भी उपस्थित थे।

### गुप्ता ने कार्यकर्ताओं के साथ मनाया त्योहार



**पंचकूला।** भाजपा जिला प्रधान दीपक शर्मा पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओ के साथ पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता के आवास पर पहुंच कर होली पर्व की बधाई दी। ज्ञान चंद गुप्ता ने सभी कार्यकर्ताओ को अबीर गुलाल लगा कर मुंह मीठा कराया। इस मौके पर जिला महामंत्री वीरेंद्र राणा, उपाध्यक्ष हरेंद्र मलिक, मंडल अध्यक्ष प्रमोद वत्स, धर्मेंद्र संधू, पार्षद सुरेश वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष मौजूद रहे।

---

### मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में राज्य सूखा राहत एवं बाढ़ नियंत्रण बोर्ड की 56वीं बैठक

# बाढ़ प्रबंधन योजनाओं में देरी व कमी मिलने पर विभाग के अधिकारी नपेंगे

**बाढ़ नियंत्रण के लिए 657.99 करोड़ की 352 रुपये योजनाएं हुई स्वीकृत**

■ मानसून से पहले नालों और नहरों की सफाई सुनिश्चित करें ■ यमुना में न डाला जाए सीवरेज का पानी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आगामी मानसून के मौसम में राज्य में जलभराव रोकने के लिए सभी उपायुक्तों को निर्देश दिया हैं कि वे अपने क्षेत्रों में नालों की सफाई और नहरों की डिसिल्टिंग कराना सुनिश्चित करें। इसके अलावा, उपायुक्त बाढ़ नियंत्रण के लिए चल रही परियोजनाओं की निरंतर समीक्षा करें और समयबद्ध तरीके से उन परियोजनाओं को पूरा कराना सुनिश्चित करें। यदि किसी परियोजना में कोई कमी पाई जाती है या परियोजना में किसी प्रकार की देरी होती है, तो उपायुक्त संबंधित अधिकारियों की जिम्मेवारी तय करते हुए उसके खिलाफ कार्रवाई करें।

मुख्यमंत्री यहां हरियाणा राज्य सूखा राहत एवं बाढ़ नियंत्रण बोर्ड की 56वीं बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में बाढ़ नियंत्रण के लिए 657.99 करोड़ रुपये की 352 योजनाएं स्वीकृत बैठक में सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी भी उपस्थित रही। नायब सिंह सैनी ने राज्यभर में स्टोन स्टड, स्टोन स्टीनिंग, नालों की रीमॉडलिंग, स्थायी पंप हाउसों के निर्माण, निचले इलाकों में पाइपलाइन बिछाने और बाढ़ के पानी को नालों में गिराने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि नदी के जो तटबंध गांवों की तरफ लगते हैं, उन तटबंधों की मजबूती पुख्ता की जाए। इसके अलावा, भूमि कटाव को रोकने के लिए पत्थर के स्टड बनाएं जाएं। उन्होंने बाढ़ नियंत्रण के लिए बड़ी संख्या में बनाए गए स्टोन स्टड की समीक्षा करने के आदेश दिए ताकि जरूरत के अनुसार समय पर मरम्मत की जा सके। उन्होंने कहा कि इसके लिए एक ऑनलाइन पोर्टल बनाया जाना चाहिए और संबंधित उपायुक्तों को अपने-अपने जिलों में सभी स्टड का सर्वेक्षण करना चाहिए और यदि कोई लापरवाही पाई जाती है, तो दोषी ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने सहित सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।



### यमुना को स्थायी रूप से साफ करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध

मुख्यमंत्री ने उपायुक्तों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि यमुना नदी में सीवेज का पानी या प्रदूषित नाला नहीं गिरना चाहिए क्योंकि यमुना को साफ करना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि हमें सीवेज के पानी के बहाव के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करने की जरूरत है। उन्होंने विशेष रूप से पानीपत, सोनीपत, पलवल और यमुनानगर जिलों के उपायुक्तों को निर्देश दिए कि वे अपने जिलों में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) स्थापित करें ताकि प्रदूषित पानी को यमुना में जाने से रोका जा सके। मुख्यमंत्री ने यमुना नदी को स्थायी रूप से साफ करने के लिए हरियाणा की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने अधिकारियों को रेवाड़ी के मसानी बैराज में 6 एसटीपी के कामकाज की निगरानी करने और उनके रखरखाव को सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

### सिंचाई जल का समान वितरण सुनिश्चित करें

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश में सिंचाई के लिए उपलब्ध पानी का समान व समुचित वितरण सुनिश्चित किया जाए ताकि किसानों को किसी प्रकार की कोई कठिनाई न आए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सभी स्त्रोतों से उपलब्ध जल का प्रबंधन सही ढंग से करते हुए प्रदेश के हर इलाके में पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने राज्य की सभी बड़ी नहरों की सफाई और पुरानी नहरों की मरम्मत करने व रिमॉडलिंग करने के भी निर्देश दिए। ऐसी परियोजनाओं की प्राथमिकता सूची बनाई जाए और सभी लंबित कार्यों को जल्द से जल्द पूरा किया जाए। नहरों का सफाई अभियान वार्षिक आधार चलाए जाएं।

### फसल विविधीकरण के लिए किसानों को करें जागरूक

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को जागरूक करने के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाएं और उन्हें धान जैसी पानी की अधिक खपत वाली फसलों की खेती करने की बजाय अन्य वैकल्पिक फसलों की खेती के लिए प्रोत्साहित करें।इस अवसर पर मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं वित्तायुक्त, राजस्व डॉ सुमिता मिश्रा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरूण कुमार गुप्ता, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### पंपों की खरीद को भी तुरंत शुरू किया जाएं

हरियाणा राज्य सूखा राहत एवं बाढ़ नियंत्रण बोर्ड की बैठक में राज्य में बाढ़ नियंत्रण के लिए 657.99 करोड़ रुपये (स्टेट हेड + एचडब्ल्यूआरए फंड) की 352 योजनाओं को मंजूरी दी गई। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि अल्पावधि योजनाओं के साथ-साथ पंपों की खरीद को भी तुरंत शुरू किया जाए और 30 जून से पहले उन्हें समय पर पूरा करना सुनिश्चित किया जाए। सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग द्वारा प्रस्तावित मध्यम एवं दीर्घकालिक योजनाओं को इस वर्ष मई में होने वाली बाढ़ पूर्व समीक्षा बैठक के बाद शुरू किया जाएगा। बैठक में बताया गया कि बाढ़ नियंत्रण के लिए 619 योजनाएं पूरी हो चुकी हैं, जबकि 302 योजनाओं पर काम चल रहा है। बैठक में हाई-सबसर्फेस वाटर लेवल (एसएसडब्ल्यूएल) वाले स्थायी जलभराव वाले क्षेत्रों में बाढ़ के पानी की निकासी के लिए विभिन्न प्रकार के पंप, मोटर, पैनल आदि की खरीद और पाइपलाइन बिछाने की भी समीक्षा की गई। बैठक के दौरान, मुख्यमंत्री ने बाढ़ नियंत्रण के लिए अल्पकालिक, मध्यम अवधि और दीर्घकालिक परियोजनाओं के संबंध में सभी उपायुक्तों से जिलावार रिपोर्ट भी ली। उन्होंने कहा कि अधिकारी कुशलता से काम करें।

---

## बढ़ते अपराधों से प्रदेश में डर का माहौल : सैलजा



**चंडीगढ़।** सांसद सैलजा ने कहा कि भाजपा ने पिछले 10 वर्षों में हरियाणा को अपराधियों का अड्डे के साथ-साथ अपराध के मामले में देश में नंबर वन राज्य बना दिया है। हर दिन व्यापारियों से रंगदारी मांगी जाती है, हत्याएं हो रही है। अपराधी बेखौफ हो गए हैं। हर दिन हत्या, बलात्कार, लूटपाट, डकैती, अपहरण की घटनाएं हो रही हैं, ऐसे में लोगों में दहशत व्याप्त है और कोई भी स्वयं को सुरक्षित महसूस नहीं कर रहा है। सांसद सैलजा ने कहा कि सत्ता के नशे में चूर भाजपा सरकार की आदत है कि वह चुनाव में जनता से किए गए वायदों को जल्द भूल जाती है बाद में भाजपा तानाशाह के रूप में राज करती है, तुगलकी फरमान सुना-सुनाकर जनता को परेशान किया जाता है। आज हालात ये है कि प्रदेश में जंगलराज कायम है कोई भी स्वयं को सुरक्षित महसूस नहीं कर रहा है महिलाएं, बच्चियां और व्यापारी वर्ग न तो घर में सुरक्षित है और न ही घर के बाहर, पुलिस चौकी और थाना के आसपास अपराधी वारदात को अंजाम दे रहे है इससे साफ हो जाता है कि अपराधियों के प्रदेश में हौंसले कितने बुलंद है।

### निजीकरण व मांगों की अनदेखी से बिजली कर्मचारी नाराज

**चंडीगढ़।** बिजली कर्मचारियों के प्रमुख संगठन इलेक्ट्रिसिटी एम्पलाइज फेडरेशन ऑफ इंडिया (ईईएफआई) के 10वां राष्ट्रीय सम्मेलन में केन्द्र एवं राज्यों द्वारा बिजली क्षेत्र को निजी हाथों में सौंपने पर घोर निन्दा की। सम्मेलन में पावर यूटीलिटीज के निजीकरण के खिलाफ और पूरानी पेंशन बहाली, ठेका आउटसोर्स संविदा कर्मियों को नियमित करने,लेबर कोड्स को वापस लेने आदि मांगों को लेकर 26 जून को राष्ट्रव्यापी हड़ताल करने का फैसला लिया गया। सम्मेलन में उप्र, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना व महाराष्ट्र सरकारों से निजीकरण करने के तमाम प्रयासों पर तूरंत रोक लगाने की मांग की गई। हड़ताल को सफल बनाने के लिए नेशनल कोआर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी एम्पलाइज एंड इंजीनियर (एनसीसीओईईई) के आह्वान पर 26 जून की राष्ट्रव्यापी हड़ताल को सफल बनाने के लिए 16 मार्च को चेन्नई,17 मार्च को मुंबई,21 मार्च को कोलकाता,22 मार्च को गुवहाटी व 25 मार्च को देहरादून में मीटिंग आयोजित की जाएगी।

---

## पवन की पत्नी बिहार के काराकाट विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगी

एजेंसी ▶▶ सासाराम

भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह की पत्नी ज्योति सिंह ने शनिवार को कहा कि वह इस साल के आखिर में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव में काराकाट सीट से किस्मत आजमाएंगी। रोहतास जिले में आयोजित होली मिलन समारोह में शामिल होने के लिए पहुंची ज्योति ने चुनाव लड़ने की संभावनाओं के बारे में पूछे जाने पर कहा, "देखिए चुनाव तो कोई भी लड़ सकता है और पवन सिंह जी तो लोकसभा चुनाव भी लड़ चुके हैं। मुझे बहुत खुशी है कि इस बार हम दोनों चुनाव लड़ने जा रहे हैं।" यह पूछे जाने पर कि क्या दोनों पति-पत्नी एक ही पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ेंगे,



ज्योति ने कहा, "जी बिल्कुल। अगर हमें मौका मिलता है, तो यह हमारे लिए बड़ी खुशी की बात होगी।" पवन सिंह के लिए चुनाव प्रचार करने की संभावनाओं के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, "रिश्ते में समय निकालना पड़ता है। मुझसे जितना हो पाएगा, मैं करूंगी। मैंने पहले भी किया है और आगे भी करूंगी। अगर वह विधानसभा चुनाव लड़ते हैं, तो मैं हर कदम पर उनके साथ खड़ी रहूंगी।"

## झारखंड के गिरिडीह में होली के जुलूस के दौरान झड़प, 22 आरोपी गिरफ्तार

### कई लोग घायल हुए थे, कई दुकानों और वाहनों को लगाई आग

**रांची (भाषा)।** झारखंड के गिरिडीह जिले में होली जुलूस के दौरान हुई झड़प में कथित रूप से संलिप्त 22 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। गिरिडीह के घोड़थंबा इलाके में शुक्रवार को जुलूस के दौरान दो समूहों के बीच झड़प में कई लोग घायल हो गए और कई दुकानों और वाहनों को आग लगा दी गई। खोरीमहुआ अनुमंडलीय पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) राजेंद्र प्रसाद ने बताया, ''मामले के संबंध में दोनों पक्षों के कुल 22 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।" उन्होंने बताया कि झड़प के दौरान चार अस्थायी दुकानें, पांच मोटरसाइकिलें और दो चार पहिया वाहन आग के हवाले कर दिए गए। इससे पहले गिरिडीह के पुलिस अधीक्षक (एसपी) बिमल कुमार ने कहा था कि झड़प में शामिल लोगों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया है। उन्होंने कहा, ''स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। घटना में शामिल लोगों की पहचान की जा रही है और उन्हें पकड़ने के लिए तलाश जारी है। उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।" कुमार ने बताया कि क्षेत्र में शांति बनाए रखने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस कर्मियों को भी तैनात किया गया है। इस बीच, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की झारखंड इकाई के अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने इस घटना के लिए राज्य सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''गिरिडीह के घोड़थंबा में होली जुलूस पर पथराव और आगजनी की दुखद घटना हेमंत सरकार के तुष्टिकरण की राजनीति और प्रशासनिक तंत्र की विफलता का परिणाम है।

### गाजियाबाद से मादक पदार्थ तस्करी के मामले में महिला गिरफ्तार

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली पुलिस ने उत्तर प्रदेश की 50 वर्षीय एक महिला को गिरफ्तार किया है और उसके पास से हेरोइन बरामद की है जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 20 लाख रुपये है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि आरोपी महिला की पहचान वंदना के रूप में की गई है और उसे उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि इससे पहले पुलिस ने 20 फरवरी को नंद नगरी से मादक पदार्थ की आपूर्ति करने में कथित तौर पर संलिप्त सचिन को गिरफ्तार किया था और उसके पास से 601 ग्राम हेरोइन बरामद की थी। अधिकारी ने बताया कि सचिन से पूछताछ के बाद जांचकर्ता वंदना तक पहुंचे, जिसने कथित तौर पर मादक पदार्थ आपूर्तिकर्ता से हेरोइन खरीदी और वितरण के लिए छोटे पैकेट बनाकर उसे सुंदर नगरी, नंद नगरी और गाजियाबाद में बेचा।

## उत्तर प्रदेश : पति ने 48 वर्षीय पत्नी की गला घोंटकर हत्या की

एजेंसी ▶▶ गाजियाबाद

उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले में 48 वर्षीय महिला की उसके पति ने गला घोंटकर हत्या कर दी। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि घटना टीला मोड़ क्षेत्र स्थित डिफेंस कॉलोनी में हुई। सहायक पुलिस आयुक्त (शालीमार गार्डन) सलोनी अग्रवाल ने बताया कि शुक्रवार पूर्वाह्न करीब साढ़े 10 बजे पुलिस को एक सुनसान खेत में एक महिला का शव मिलने की सूचना मिली थी। उन्होंने बताया कि मृतका की पहचान रेणु के रूप में हुई। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने इस मामले में रेणु के परिजन की शिकायत पर उसके पति अनिल शर्मा को पकड़ कर




उससे पूछताछ की तो उसने अपनी पत्नी की हत्या का अपराध कबूल कर लिया। अधिकारी के मुताबिक, आरोपी पति बेटी की शादी दूसरी जाति के व्यक्ति से तय करने के अपनी पत्नी के फैसले से नाराज था। उन्होंने बताया कि इसी बात को लेकर दोनों के बीच 13 मार्च को झगड़ा हो गया और इस दौरान गुस्से में जाकर आरोपी ने अपनी पत्नी की गला घोंट कर हत्या कर दी और उसके शव को एक खेत में फेंक दिया।

---

## जमीन कब्जामुक्त कराएं, दबंगों को सबक सिखाएं : योगी



**गोरखपुर (भाषा)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को अधिकारियों को निर्देश दिया कि अगर गरीबों की जमीन पर किसी ने कब्जा किया है, तो उस जमीन को तत्काल कब्जा मुक्त कराने के साथ दबंगों को सबक सिखाया जाए। योगी ने कहा कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले लोगों को बख्शा न जाए और उनके खिलाफ कानून के हिसाब से कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि सरकार किसी के साथ अन्याय नहीं होने देने और हर व्यक्ति के जीवन में खुशहाली लाने को संकल्पित है। गोरखपुर में होली मनाने के बाद योगी शनिवार सुबह गोरक्षनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुनने पहुंचे। इस दौरान करीब 200 लोगों से मुलाकात कर उन्होंने भरोसा दिलाया कि उनके रहते किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। जनता दर्शन में एक व्यक्ति ने दबंगों द्वारा उसकी जमीन पर कब्जा किए जाने की शिकायत की। इस पर मुख्यमंत्री ने पास में मौजूद अधिकारियों को शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

### प्रयागराज की कपड़ा फाड़ होली में शामिल हुए जिलाधिकारी

**प्रयागराज (भाषा)।** उत्तर प्रदेश में अपनी तरह की अनोखी कपड़ा फाड़ होली का शनिवार को जिलाधिकारी रवींद्र कुमार मांदड़ और पुलिस उपायुक्त (नगर) अभिषेक भारती ने भी आनंद उठाया। नगर के प्रसिद्ध लोकनाथ चौराहे के पास स्थित कोतवाली के बाहर डीसीपी (नगर) अभिषेक भारती के साथ कपड़ा फाड़ होली देखने आए मांदड़ ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, "मैंने पहली बार ऐसी होली देखी, जिसमें हर कोई मस्ती के रंग में सराबोर होकर एक-दूसरे के कपड़े फाड़ता है।" उन्होंने बताया कि इस होली में खास बात देखने को मिली कि कपड़े फाड़े जाने से कोई भी आहत नहीं होता और हर कोई रंग और पानी की बौछार में नाचता-गाता है। लोकनाथ चौराहे पर आभूषण की दुकान चलाने वाले कुलदीप यादव ने बताया कि दो दिन तक चलने वाली कपड़ा फाड़ होली में चौक ही नहीं, पूरे शहर से लोग शामिल होने आते हैं और होली खेलने के बाद अर्धनग्न स्थिति में वापस घर जाते हैं। उन्होंने बताया कि होली खत्म होने के बाद हर तरफ बिजली के तारों पर आपको कपड़े टंगे दिखेंगे और कपड़ों की संख्या बताती है कि लोगों ने कितनी जमकर होली खेली है। इस आयोजन के लिए चौक के युवा और व्यापारी हफ्तों से तैयारी करते हैं। वरिष्ठ समाजसेवी अभय अवस्थी बताते हैं कि चौक की कपड़ा फाड़ होली की परंपरा 1957 में शहर के दक्षिणी क्षेत्र से विधायक छुन्नन गुरु के समय शुरू हुई। कहा जाता है कि कांग्रेस नेता सुनीत व्यासजी एक बार धोती-कुर्ता पहनकर छुन्नन गुरु से होली मिलने आए।

---

**मुलाकात** | होली मिलन समारोह में केंद्रीय मंत्री व प्रदेश के मंत्री की मुलाकात

# मनोहरलाल का ट्वीट- ये दोस्ती हम नहीं तोड़ेंगे जवाब में अनिल विज ने कहा- मैं भी दोस्तों का दोस्त

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

आखिरकार केंद्रीय मंत्री व हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहरलाल होली के खास मौके पर हरियाणा भाजपा के दिग्गज नेता और ऊर्जा, श्रम व परिवहन मंत्री अनिल विज से मिलने पहुंचे। दोनों नेताओं की लंबी गुफ्तगू चली साथ ही लंबी मुलाकात में विस्तार से चर्चा के बाद चल रहीं चर्चाओं पर भी विराम लग गया है। मुलाकात के बाद में जहां एक ओर केंद्रीय मंत्री और *पूर्व सीएम मनोहरलाल ने ट्वीट किया-ये दोस्ती हम नहीं तोड़ेंगे, वहीं इसके जवाब में अनिल विज ने भी कहा- मैं भी दोस्तों का दोस्त, सब जानते हैं, दोस्ती ता उम्र निभाता हूं..*। शुक्रवार को होली के दिन केंद्रीय मंत्री और पूर्व सीएम मनोहरलाल पार्टी कार्यालय अंबाला छावनी पहुंचे। जहां पर होली मिलन कार्यक्रम रखा गया था। छावनी के अलावा केंद्रीय मंत्री अंबाला शहर भी गए और पार्टी पदाधिकारियों, नेताओं से मुलाकात की। अनिल विज से मुलाकात के बाद में मनोहरलाल ने ट्विीट किया-जिसमें



उन्होंने बहुत ही कम शब्दों में शोले फिल्म के गीत की लाइन-ये दोस्ती हम नहीं तोड़ेंगे लिखा है। इसके लंबे और गहरे अर्थ हैं। एक घंटे से ज्यादा की मुलाकात और वार्ता के दौरान इशारों ही इशारों में सब कुछ समझा गए केंद्रीय मंत्री। उधर, वरिष्ठ नेता और मंत्री अनिल विज ने भी तमाम सियासी मुद्दों पर खुलकर अपनी बात रखी निकाय, चुनाव, विधानसभा चुनावों व उसके पहले सभी बातों पर खुलकर अपनी बात रखी। विज ने भी ट्विीट का जवाब ट्विीट से दिया और लिखा-मैं भी दोस्तों का दोस्त हूं, सब जानते हैं, सब जानते हैं दोस्ती ता उम्र निभाता हूं। कुल मिलाकर दोनों नेताओं की मुलाकात के कईं तरह के अर्थ निकाले जा रहे हैं।

### चर्चा में रही थी अनिल विज की बयानबाजी

यहां पर उल्लेखनीय है कि गत दिनों मंत्री अनिल विज द्वारा नाराजगी जाहिर करते हुए अफसरों की मनमानी, अफसरों के तबादले उनके कहने के बाद भी नहीं होने, कुछ लोगों द्वारा चुनाव में उनकी खिलाफत करने के बावजूद पार्टी हाईकमान द्वारा उन पर कार्रवाई नहीं करने को लेकर आपत्ति की थी। इसके अलावा मुख्यमंत्री द्वारा एक्शन नहीं लिए जाने और व्यस्त कार्यक्रमों को लेकर बातों ही बातों में उड़नखटोले में उड़ने को लेकर बयान दिया था। दूसरी ओर उन्होंने पार्टी प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बडौली और लोक गायक राकी मित्तल पर कसौली में महिला द्वारा कथित केस दर्ज कराए जाने के बाद मामले में क्लीन चिट मिलने तक पार्टी हित में बडौली के इस्तीफे की मांग कर दी थी। जिसके बाद में बयानबाजी किए जाने का हवाला देते हुए भारतीय जनता पार्टी प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बडौली ने लिखित में नोटिस जारी करते हुए स्पष्टीकरण मांगा था। कारण बताओ नोटिस का जवाब भी मंत्री और वरिष्ठ नेता अनिल विज ने दे दिया है।

## हुड़दंग मचाने से रोकने पर पुलिस टीम पर पथराव, वाहन को किया क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

■ पुलिस ने दो युवकों को किया काबू, आधा दर्जन हुए फरार

■ पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ दर्ज किया मामला, पूछताछ जारी

नरवाना बस अड्डे के निकट जींद-पटियाला नेशनल हाइवे पर शराब पीकर हुड़दंग मचा रहे युवकों को रोकने पहुंचे पुलिसकर्मियों पर आरोपितों ने पथराव कर दिया। जिसमें पुलिस की गाड़ी का शीशा तथा तथा बत्ती टूट गई और एक पुलिसकर्मी को चोट भी आई। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो युवकों को काबू कर लिया। जबकि आधा दर्जन युवक फरार होने में कामयाब हो गए। शहर थाना नरवाना पुलिस ने सब इंस्पेक्टर की शिकायत पर दो युवकों को नामजद कर छह अन्य के खिलाफ तोडफ़ोड़ करने, रास्ता बाधित करने, सरकारी कार्य में बाधा डालने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शहर थाना नरवाना पुलिस को सूचना मिली थी कि बस अड्डा के निकट जींद-पटियाला नेशनल हाइवे पर कुछ युवक शराब पीकर हुड़दंग मचा रहे हैं। जिसके चलते वहां से आने जाने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सूचना के आधार पर सब इंस्पेक्टर चंद्रपाल के नेतृत्व में पुलिस पार्टी मौके पर पहुंच गई और हुड़दंग मचा रहे युवकों को रोकने की कोशिश की। जिस पर आरोपितों ने पुलिस पार्टी पर पथराव कर दिया। जिससे सरकारी गाड़ी का पिछला शीशा तथा लाल बत्ती टूट गई। गाड़ी में बैठे पुलिसकर्मी अनिल कुमार को हाथ पर चोटें आई। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो युवकों को काबू कर लिया। जबकि आधा दर्जन युवक फरार होने में कामयाब हो गई। पकड़े गए युवाओं की पहचान धर्म सिंह कॉलोनी निवासी अंकित तथा चोपड़ापत्ती निवासी लक्ष्य के रूप में हुई। शहर थाना नरवाना पुलिस ने शिकायत पर केस दर्ज कर लिया है।




### राहगीरों को परेशान कर रहे थे हुड़दंगी : जांच अधिकारी

शहर थाना नरवाना की जांच अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि राहगीरों को परेशान करने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। आरोपीतों ने पुलिस की गाड़ी पर पथराव कर शीशे तोड़ डाले। दो आरोपितों को काबू कर लिया गया है। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।



आज के दौर में अकसर देखा जाता है कि अधिकतर युवा आपस में बातचीत के दौरान भाषा की मर्यादा का ध्यान नहीं रखते हैं। वे अपनी पर्सनालिटी को बिंदास दिखाने के लिए प्रायः ऐसा करते हैं। सच्चाई यह है कि इससे न केवल उनकी सोशल इमेज बिगड़ती है, वर्कप्लेस पर आगे बढ़ने की राह में भी ऐसी भाषा रुकावटें पैदा करती है। इसलिए संवाद के दौरान सजग रहना जरूरी है।

# आपसी संवाद की भाषा हो मर्यादित-सकारात्मक-मधुर

कवर स्टोरी
डॉ. मोनिका शर्मा

वर्चुअल दुनिया में परोसे गए कंटेंट की अमर्यादित भाषा को लेकर चल रही बहस के बीच हर किसी के लिए सभ्य शब्दों का महत्व समझना आवश्यक है। आभासी संसार से कहीं ज्यादा, असली दुनिया में सधी संतुलित अभिव्यक्ति जरूरी है। खासकर कूल बनने और कमाल का व्यक्तित्व हो जाने की भूल-भुलैया के इस दौर में युवाओं को यह बात समझनी ही होगी। जरूरी है कि अपने वर्कप्लेस पर भी शब्दों की सभ्यता का दामन थामे रहें। सधी छवि और सफल भविष्य के लिए वर्कप्लेस पर सभ्य भाषा बहुत मायने रखती है।



## शब्दों से जुड़ा सम्मान

काम-काजी संसार में किसी भी तरह के लिखित या मौखिक बातचीत में असभ्य शब्दों का इस्तेमाल करने से बचें। किसी भी परिस्थिति में न तो असभ्य शब्द लिखें और न ही बोलें। ध्यान रहे कि आपके शब्दों से स्वयं का सम्मान भी जुड़ा है। यह न भूलें कि दूसरों के मन और मान को ठेस पहुंचाने वाले शब्द इस्तेमाल करने वाले खुद भी किसी से इज्जत नहीं पाते हैं। बावजूद इसके ऑफिस में भी ड्राइवर के नाम पर किसी सहकर्मी या सहायक स्टाफ की हंसी उड़ाने की गलती बहुत से लोग करते हैं। इस तरह के असामान्य और कुंठाग्रस्त व्यवहार के घेरे में आने से बचने के लिए पहले ही कदम पर सजगता जरूरी है। वरना जाने-अनजाने कुछ भी कह-सुना देने की आदत बनती जाती है। बिना सोचे-समझे मुंह से अभद्र शब्द निकलने लगते हैं। करियर को नुकसान पहुंचाने वाली यह आदत खुद आपको भी एक कुंठित व्यक्तित्व ही देती है। जोश भरे युवाओं को हर पल याद रखना चाहिए कि काम-काजी दुनिया में अनुशासित रहना बहुत आवश्यक है। अच्छी भाषा, इसी अनुशासन का हिस्सा है। अनुशासन के दायरे में रहते हुए सदा सकारात्मक ढंग से बातचीत करने की राह चुनने में ही समझदारी है। किसी के साथ भी असभ्य संवाद करने से पहले याद रखिए कि ये शब्द स्वयं आपके सम्मान से भी जुड़े हैं।

## इमेज पर पड़े बुरा प्रभाव

बातचीत में इस्तेमाल होने वाले अभद्र शब्द, इंसान की बॉडी लैंग्वेज भी बिगाड़ देते हैं। बोलने वाले के हाव-भाव को भी नेगेटिव रंगत में ढाल देते हैं। शब्दों पर कंट्रोल न करना, इंसान की बॉडी लैंग्वेज को अजीबो-गरीब बना देता है। समझना मुश्किल नहीं कि ऐसी सभी बातें व्यक्तित्व को गहराई से प्रभावित करती हैं। जो सीधे-सीधे वर्कप्लेस पर आपकी इमेज बिगाड़ने वाली साबित होती हैं। वहीं सोच-समझकर बोलना, न केवल आपका फर्स्ट इंप्रेशन पॉजिटिव बनाता है बल्कि आगे भी आपकी सकारात्मक छवि को कायम रखता है। सोशल लाइफ हो या प्रोफेशनल, सोशल एटिकेट्स हमेशा मायने रखते हैं। आपको यह समझना चाहिए कि बातचीत में गलत शब्दों का चुनाव, आपको असहयोगी और अकड़ू व्यक्ति का तमगा दिलाने वाला बर्ताव साबित हो सकता है।

## बेहतरी के लिए सही भाषा जरूरी

काम-काजी दुनिया में आपसे जुड़े सीनियर हों या जूनियर, सही सोच और अच्छे मैनर्स से सबका दिल जीता जा सकता है। स्पष्ट है कि इससे करियर में आगे बढ़ने में भी मदद मिलती है। बेहतर प्रोजेक्ट्स आपके हिस्से आते हैं। इतना ही नहीं सभ्य भाषा और सधा बर्ताव कई बार आपको किसी तकलीफ में फंसने से भी बचा लेता है। सहकर्मियों के साथ किया गया मीनिंगफुल और माइंडफुल संवाद काम-काज के लिए पॉजिटिव परिवेश बनाता है, जिसके चलते लोगों का दिल जीतने के साथ-साथ कामयाबी भी आपके हिस्से आती है। मन जीतने के इन सभी मोर्चों पर अच्छी भाषा सबसे ज्यादा मायने रखती है। असल में देखा जाए तो सकारात्मक शब्दों और सभ्य बोलचाल के प्रभाव का यह सिलसिला इंटरव्यू से ही शुरू हो जाता है। बावजूद इसके युवाओं की अजीबो-गरीब भाषा शैली आज चिंता का विषय बन गई है। मनोवैज्ञानिक विश्लेषणों में भी सामने आया है कि आमतौर पर युवा बेझिझक अपशब्दों का इस्तेमाल करते हैं। इस बर्ताव के पीछे मौजूद साइकोलॉजिकल कारण बताते हैं कि आज की युवा पीढ़ी बोलने या करने से पहले कुछ नहीं सोचती। साथ ही वे इस बात से भी प्रभावित नहीं होते कि कोई उनके बारे में क्या सोचेगा? या उनके बोले शब्दों का किसी पर क्या प्रभाव पड़ेगा? सच्चाई यह है कि जीवन का कोई पक्ष, अशिष्ट शब्दों के नकारात्मक असर से नहीं बच पाता है। जरूरी है कि युवा आज के दौर में बढ़ती शाब्दिक अभद्रता की संस्कृति से बचें। दफ्तर में भावों, विचारों और सूचनाओं का आदान-प्रदान करते हुए संयत और सभ्य शब्दों का चुनाव करें। सधे व्यक्तित्व की सौगात देने वाला यह व्यवहार आपके लिए सदा ही बेहतरी के मार्ग खोलने वाला साबित होगा। *




### संवाद से जुड़ा कारगर फॉर्मूला

प्रसिद्ध शोधकर्ता अल्बर्ट मेहराबियन द्वारा दिए गए 55-38-7 का फॉर्मूला बताता है कि कम्युनिकेशन 55 फीसदी नॉन वर्बल (शारीरिक भाषा यानी हाव-भाव) और 38 प्रतिशत वोकल (स्वर के द्वारा) होता है। संवाद में सिर्फ 7 फीसदी हिस्सा ही वर्बल यानी शब्दों से प्रकट होता है कि आप वास्तव में क्या कहते हैं? ऐसे में मजाक हो या प्रतिक्रिया देना, गलत शब्दों का इस्तेमाल आपकी अभिव्यक्ति की पूरी श्रृंखला ही बिगाड़ सकता है। इसलिए हर किसी को संवाद के दौरान अपने शब्दों के इस्तेमाल को लेकर पूरी तरह सजग रहना चाहिए।

इन दिनों आप अकसर बातचीत के दौरान अलग-अलग पीढ़ियों के लिए कुछ खास नाम सुनते होंगे, जैसे जेन एक्स, मिलेनियल, जेन जेड, बेबी बूमर्स आदि। आपके मन में सवाल उठता होगा कि आखिर ये नाम कैसे रखे जाते हैं? इनकी क्या विशेषताएं हैं? आइए, इन सभी सवालों के जवाब जानते हैं।

# एक-दूसरे से अलग-अनोखी है हर जेनरेशन की कहानी




सोशल ट्रेंड
शिखर चंद जैन

एक समय तक आम चलन में नई और पुरानी पीढ़ी का ही जिक्र किया जाता रहा है। लेकिन अब अलग-अलग पीढ़ी को अलग नामों से भी जाना जाता है। इनका चलन हाल के सालों में तेजी से बढ़ा है।

**कैसे तय होता है पीढ़ियों का नाम:** पीढ़ियों का नाम तय करना, श्रमसाध्य, विचारपरक और कई चीजों पर आधारित एक जटिल प्रक्रिया है। यह एकेडमिक अनुसंधान, मीडिया के प्रभाव और सांस्कृतिक प्रभाव पर निर्भर करता है। जनसांख्यिक और समाजशास्त्री जनसंख्या सर्वेक्षणों, जन्म दरों और सामाजिक परिवर्तनों की पहचान के आधार पर ये नामकरण करते हैं। हां, इसे लोकप्रिय और प्रचलित करने का काम मीडिया का होता है।

**नया ट्रेंड है पीढ़ियों का नामकरण:** पीढ़ियों के नामकरण और श्रेणीबद्ध करने की परंपरा बहुत पुरानी नहीं है। 20वीं सदी की शुरुआत में इसका चलन शुरू हुआ है। इस वक्त जनसांख्यिकों और समाजशास्त्रियों ने जनसंख्या का विश्लेषण और सामाजिक बदलाव को दर्ज करना शुरू कर दिया था। पीढ़ियों के नाम महत्वपूर्ण सामाजिक, सांस्कृतिक घटनाओं, विभिन्न आयु वर्ग की आदतों और समय विशेष पर आधारित होने लगे। अब आपको बताते हैं, अब तक की अलग-अलग पीढ़ियों के नामकरण के बारे में।



**बेबी बूमर्स:** वर्ष 1946 से 1964 के बीच जन्मे बच्चों को बेबी बूमर्स कहा गया। दरअसल, द्वितीय विश्व युद्ध के बाद एक बेबी बूम आया था, जब दुनिया में जन्म दर में उल्लेखनीय वृद्धि हुई थी। इस पीढ़ी ने 60 के दशक के बड़े सामाजिक परिवर्तन देखे। इसी दौरान कार्पोरेट जगत का उदय हुआ और और लोगों की जीवनशैली पर इस संस्कृति का खासा प्रभाव पड़ा। उस दौर के लोग आज सीनियर सिटिजन हो चुके हैं।

**जेनरेशन एक्स:** 1965 से 1980 के बीच जन्मे बच्चे, जेनरेशन एक्स कहलाते हैं। इस दरमियान समाज में कोई उल्लेखनीय और व्यापक परिवर्तन नहीं हुए। यद्यपि उस पीढ़ी के बच्चों ने पर्सनल कंप्यूटर का उद्भव होते देखा है। उस दौर के लोग अब मिड एज क्रॉस कर ओल्ड एज की ओर बढ़ रहे हैं।

**मिलेनियल/जेन वाई:** 1981 से 1996 के बीच जन्मे बच्चों को मिलेनियल कहा जाता है। उस पीढ़ी के लोगों ने 'मी जेनरेशन' या 'ईको बूमर्स' भी कहा जाता है। उस पीढ़ी को अपने में ही डूबे रहने, एकलवाद, डिजिटल टेक्नोलॉजी की जानकार और आर्थिक रूप से संपन्न माना गया। ये पीढ़ी मैटीरियल पजेजन से ज्यादा एक्सपीरियंस को महत्व देती थी।

**जेनरेशन जेड:** 1990 के मध्य से 2010 तक के दशक की शुरुआत तक जन्मी पीढ़ी को जेन जेड कहा जाता है। इस पीढ़ी को इसकी ग्लोबल कनेक्टिविटी और एंटरप्रेन्योरल स्पिरिट के लिए जाना जाता है। इन्हें कहीं-कहीं आई जेनरेशन और डिजिटल नेटिव्स भी कहा जाता है। इस पीढ़ी के बच्चे स्मार्टफोन, सोशल मीडिया और सूचनाओं के त्वरित ग्रहण और उसे दूसरों तक प्रसारित करने के लिए जाने जाते हैं। ये पीढ़ी अभी युवावस्था से गुजर रही है।

**जेनरेशन अल्फा:** 2010 से 2024 के बीच जन्मे बच्चे जेनरेशन अल्फा के बच्चे कहलाते हैं। अल्फा 21वीं सदी की पहली पीढ़ी कही जा सकती है। यह पीढ़ी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ऑगमेंटेड रियलिटी और स्मार्ट टेक्नोलॉजी के साए में जन्मी, पली और बड़ी हुई है। उनकी शिक्षा, खेलकूद, एंटरटेनमेंट सब कुछ टेक्नोलॉजी से अत्यधिक प्रभावित है। यह पीढ़ी अभी टीनएज से गुजर रही है। इसके बाद इसी साल एक जनवरी 2025 के बाद से जन्म लेने वाली पीढ़ी को जेन बीटा का मेंबर माना जा रहा है। इनके जीवन के हर पक्ष में तकनीक का जबर्दस्त प्रभाव दिखेगा।

### क्या है सैंडविच पीढ़ी

**सैंडविच पीढ़ी** का अर्थ मध्यम आयु वर्ग यानी 45 से 55 वर्ष के इर्द-गिर्द के व्यक्तियों से है। इन पर अपने बुर्जुग माता-पिता और युवा बच्चों दोनों का भरण-पोषण करने की जिम्मेदारी है। सैंडविच पीढ़ी का नाम इसलिए रखा गया है, क्योंकि वे अपने बूढ़े माता-पिता की देखभाल करने के दायित्व और किशोरावस्था से युवा होते बच्चों की नई-नई फरमाइशों और चाहतों के बीच 'सैंडविच' जैसी स्थिति में होते हैं। ये कम ऊर्जावान, थके-थके से या बीमारियों से जूझने वाले हो सकते हैं। विभिन्न कार्य करने में असमर्थ हो सकते हैं या इनका वित्तीय रुप से अकसर हाथ तंग हो सकता है। इन्हें इस उलझन से गुजरना पड़ता है कि मां-बाप के लिए दवा और तीर्थाटन की व्यवस्था करें या बच्चों को महंगे गैजेट्स और ब्रांडेड कपड़े खरीदकर दें।

**एक पीढ़ी के गुणों में समानता:** यह एक जटिल प्रश्न है कि क्या दुनिया भर में जन्मे एक पीढ़ी के लोगों में समानता होती है? यह काफी कुछ दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में घटने वाली घटनाओं, सांस्कृतिक पृष्ठभूमि, वातावरण एवं सामाजिक ढांचे पर निर्भर करता है। लेकिन इसमें कोई संदेह नहीं कि इंटरनेट युग में जन्मी ग्लोबल युवा पीढ़ी के बहुत सारे गुण और आदतें लगभग एक समान होते हैं। *

गजल
अब्दुल कलाम

## हम अमर होते

सुबह शाम उनकी नजर होते
आइना काश हम अगर होते

तुरबतें अपनी भी बाकमाल होती
हम जो मीर, गालिब या जफर होते

खत में पता ही गलत था वरना
गए हम भी उनके शहर होते

बैठ जाते घनी छांव में थक कर
हमारे जीवन का जो तुम शजर होते


तुम्हारी याद में जीते और याद में
मर कर भी हम अमर होते

तुमने देखा ही नहीं उस रोज का अखबार
वरना हमारे हाल से तुम बाखबर होते

छोटी कहानी
सुनील कुमार महला

# शर्मिंदा

ऑटो रिक्शा में अनिल के बगल में आकर वह व्यक्ति जैसे ही बैठा, उसने अपना एक हाथ अनिल के बैग पर रख दिया। अनिल ने उसे ऐसा करने से मना किया। लेकिन उस आदमी ने हाथ रखने की जो वजह बताई, अनिल खुद पर शर्मिंदा हो गया।




रेलवे स्टेशन के बाहर खड़ा अनिल, बस स्टैंड जाने के लिए ऑटो रिक्शा का इंतजार कर रहा था। तभी एक ऑटो रिक्शा वाला तीस रुपए में बस स्टैंड जाने के लिए तैयार हो गया। अनिल ने अपने दो भारी-भरकम बैग ऑटो रिक्शा में रखे और स्वयं भी उसमें सवार हो गया। ऑटो रिक्शा में अनिल अकेला ही बैठा था। जब कोई अन्य सवारी ऑटो में बैठने नहीं आई तो उसने अपने एक बैग को ऑटो रिक्शा की सीट पर ही रख दिया, ताकि पैरों के पास सामान रखने से उसे ऑटो रिक्शा में बैठने में कोई दिक्कत-परेशानी न हो। शाम का समय था, ठंडी हवाएं चल रही थीं, इसलिए अनिल ने अपने चेहरे को मफलर से ढंक रखा था। ऑटो रिक्शा वाला अभी एक अन्य सवारी के इंतजार में था। थोड़ी देर में एक लंबा व्यक्ति, जो कंबल ओढ़े हुआ था, बस स्टैंड जाने के लिए उसी ऑटो रिक्शा के पास आया। ऑटो रिक्शा वाले ने उस व्यक्ति को भी ऑटो में बिठाया। वह लंबा व्यक्ति ऑटो रिक्शा में उस साइड में बैठ गया, जिधर सीट पर अनिल का सामान से भरा हुआ भारी-भरकम बैग रखा हुआ था। ऑटो रिक्शा में सवार होते ही कंबल ओढ़े हुए उस व्यक्ति ने अपना दायां हाथ बैग के ऊपर रख दिया और संभल कर बैठ गया। ऑटो रिक्शा वाला गंतव्य की ओर चल पड़ा। तभी अनिल ने ऑटो रिक्शा में बैठे उस व्यक्ति की ओर देखते हुए थोड़ा गुस्से में कहा, 'भाई साहब! जरा ध्यान से बैठें और हां, बैग को इतना दबाव देते हुए न पकड़ें। दरअसल, बैग में बच्चों के लिए कुछ टूटने वाला कीमती सामान रखा हुआ है और आपके हाथ के दबाव से इसमें रखा सामान टूट सकता है।'

कंबल ओढ़े हुए वह व्यक्ति अनिल की बात सुनकर एकदम से सकपका गया, उसने अनिल से कहा, 'अरे भाई साहब मुझसे गलती हो गई! मुझे नहीं पता था कि इसमें आपका कुछ टूटने वाला कीमती सामान रखा हुआ है। दरअसल, वो क्या है कि मेरा एक ही हाथ है न! ऑटो रिक्शा जब ऊबड़-खाबड़ सड़क पर तेजी से चलता है, तब एकदम से ऑटो रिक्शा में अपना बैलेंस बनाना मुश्किल होता है इसलिए, थोड़ा सहारा लेने के लिए, भूलवश मैंने आपके सामान से भरे बैग पर अपना हाथ रख दिया। इसके लिए मुझे माफ कर दीजिए, मैं बहुत शर्मिंदा हूं।' उस व्यक्ति की ये बातें सुनकर अनिल उसे एकटक देखता ही रह गया। दरअसल, अनिल ने कंबल ओढ़े व्यक्ति को ऑटो रिक्शा में बैठते समय एकबारगी देखा जरूर था, लेकिन उस व्यक्ति के कंबल ओढ़े रहने के कारण सुनील को इस बात का अहसास ही नहीं हुआ था कि जो व्यक्ति ऑटो में उसके साथ बैठा था, उसके एक ही हाथ है। अनिल अब अपने रूखे बर्ताव पर मन ही मन शर्मिंदा महसूस कर रहा था। *

लघुकथा
गोविंद भारद्वाज

# बदलते हुए मायने



अपने बेटे के लिए सोनाक्षी को देखने आईं सावित्री ने कहा, 'आपकी बेटी सोनाक्षी हमें बहुत पसंद है, बस अब आपकी हां की जरूरत है।'

'हमारी तो हां है बहन जी... इसलिए तो आपको लड़की दिखाने के लिए बुलाया है।' पार्वती ने खुश होकर जवाब दिया।

'तो देर किस बात की है... मुंह मीठा कराइए...' सावित्री ने तपाक से कहा।

इस पर पार्वती ने विनम्रता से कहा, 'बहनजी रिश्ता पक्का करने से पहले दान-दहेज की भी खुल के बात कर लें तो ठीक रहेगा... ताकि आगे चलकर संबंधों में कोई खटास न आए।'

'बात तो आप ठीक कह रही हैं। इस बारे में मेरी राय यह है कि दहेज से तो हमें सख्त नफरत है... हां रही दान की बात, आप जितना भी देंगे अपनी इकलौती बिटिया को देंगे... इससे हमें कोई ऐतराज नहीं होगा।' सावित्री ने अपने मन की बात कही।

इस पर सोनाक्षी के पिताजी ने अपनी धर्मपत्नी पार्वती को दूसरे कमरे में बुलाया और उनसे धीरे से कहा, 'देखा पार्वती... कितनी चालाक हैं ये... दहेज से नफरत है और दान से नहीं... बातों-बातों में शब्दों के हेर-फेर से दहेज लेने की बात भी कह दी।'

पार्वती बोली, 'तुम ठीक कह रहे हो सोनाक्षी के पापा... मायने में तो दान और दहेज कोई अलग-अलग शब्द नहीं हैं।'

'क्या बातचीत हो रही है हमारे समधी-समधन में...' सावित्री ने उन्हें फुसफुसाते देखकर बाहर वाले कमरे से पूछा।

'कुछ नहीं बस, हम दुनिया के बदलते हुए मायने पर विचार कर रहे थे।' पार्वती ने जवाब दिया। *

पुस्तक चर्चा / विज्ञान भूषण

# मोहब्बत की दास्तानें

सारी दुनिया में मोहब्बत पर अब तक असंख्य कहानियां लिखी जा चुकी हैं। लेकिन यह ऐसा एहसास है, जिसे हर कोई अपनी तरह से महसूसता है, उसे बयां करता है। यह एहसास, वरिष्ठ कथाकार गोविंद उपाध्याय द्वारा लिखी गई पंद्रह प्रेम कहानियों के संकलन 'मितऊ' की कहानियों से गुजरते हुए और पुख्ता होता है। इन कहानियों में अलग-अलग उम्र और परिवेश के पुरुष और स्त्री के बीच पनपे प्यार के जज्बातों को पूरी संजीदगी से व्यक्त किया गया है। संग्रह की 'विकल्प' कहानी को अगर छोड़ दिया जाए तो अधिकतर में प्यार अपने अंजाम तक नहीं पहुंच पाता है। या कहें, सभी में अलग-अलग भावभूमि और जीवन-परिस्थितियों के आगे विवश, प्रेमी युगल विरह की टीस के साथ एक-दूसरे से अलग हो जाते हैं। इन कहानियों की विशेषता यह भी है कि इनके नायक-नायिकाओं में कहीं भी देहासक्ति नजर नहीं आती है, प्रेम की पवित्र भावना की गरिमा बनाए रखना उनके लिए सबसे बड़ी प्राथमिकता है। इसे कई कहानियों में देख सकते हैं। फिर वो चाहे 'मेज नंबर सात' का लाइब्रेरियन हो या 'चौथे पहर का विरह गीत' का पत्रकार, प्रेम की मर्यादा को कभी नहीं लांघते हैं। यही इन कहानियों की खूबसूरती भी है, जो इन्हें बेहद पठनीय बना देती है। *




**पुस्तक:** मितऊ (कहानी संग्रह), **लेखक:** गोविंद उपाध्याय, **मूल्य:** 250 रुपए, **प्रकाशक:** न्यू वर्ल्ड पब्लिकेशन, नई दिल्ली

# इंडसइंड बैंक की गड़बड़ी के बारे में टॉप मैनेजमेंट को पहले से पता था, बेच लिए थे करोड़ों के शेयर

■ बैंक के माइक्रोफाइनेंस लोन में भी दिक्कतें आ रही हैं। 11 मार्च को इंडसइंड बैंक के शेयरों में 27% की गिरावट आई।




भाषा ▸▸ नई दिल्ली

इंडसइंड बैंक सुर्खियों में है। बैंक के शेयरों में भारी गिरावट देखी गई है। 11 मार्च को एक ही दिन में शेयर की कीमत 27% तक भरभरा गई। इस गिरावट की मुख्य वजह अकाउंटिंग में हुई गड़बड़ी है। इसके चलते छोटे निवेशकों को करोड़ों का नुकसान हुआ है। मैनेजमेंट पर भी कई सवाल उठ रहे हैं। बैंक के माइक्रोफाइनेंस लोन में भी दिक्कतें आ रही हैं। 11 मार्च को इंडसइंड बैंक के शेयरों में अचानक 27% की गिरावट आई। पिछले कुछ दिनों में शेयर 35% तक गिर चुका है। बैंक की वैल्यू 20,000 करोड़ रुपये से ज्यादा घट गई है। अब इसकी मार्केट कैप लगभग 51,000 करोड़ रुपये है जो यस बैंक के बराबर है। अगर शेयर की कीमत और गिरती है तो इसकी मार्केट कैप छोटे फाइनेंस बैंकों जितनी हो जाएगी। इंडसइंड बैंक भारत का पांचवां सबसे बड़ा प्राइवेट सेक्टर बैंक है। 20,000 करोड़ रुपये का नुकसान कोई छोटी बात नहीं है। 10 मार्च को बैंक ने एक नोटिस जारी किया। इसमें बताया गया कि आरबीआई के निर्देशों के अनुसार इंटरनल ऑडिट में कुछ अकाउंटिंग गलतियां पाई गईं। आरबीआई मास्टर डायरेक्शन के हिसाब से बैंक ने इंटरनल ऑडिट किया तब उसे पता चलता कि कुछ अकाउंटिंग गलतियां हैं। इस नोटिस में कई टेक्निकल शब्दों का इस्तेमाल किया गया है। इसे आसान भाषा में समझें तो इन गलतियों की वजह से बैंक को 2100 करोड़ रुपये का नुकसान होगा।

### व्हिसलब्लोअर ने लगाए थे गंभीर आरोप

पिछले क्वार्टर में बैंक का प्रॉफिट 39% गिरकर 1402 करोड़ रुपये रह गया था। इसकी वजह माइक्रोफाइनेंस लोन में बढ़ता हुआ डिफॉल्ट है। खासकर बिहार, झारखंड और महाराष्ट्र में। बैंक का माइक्रोफाइनेंस लोन बुक 39,000 करोड़ रुपये का है। यह बहुत बड़ा है। माइक्रोफाइनेंस सेक्टर में कई कंपनियां मुश्किल में हैं। लेकिन इंडसइंड बैंक के मामले में कुछ और भी है। कुछ साल पहले एक व्हिसलब्लोअर ने इंडसइंड बैंक पर गंभीर आरोप लगाए थे। उसने बताया था कि बैंक की सब्सिडियरी भारत फाइनेंशियल इंक्लूजन ऐसे लोगों को लोन दे रही है, जिन्होंने पहले ही लोन डिफॉल्ट कर दिया है। ऐसा इसलिए किया जा रहा था, ताकि लोन बुक बढ़ सके और ग्रोथ अच्छी दिखे। बैंक ने इस पर सफाई दी थी। लेकिन आज जो हो रहा है, वह व्हिसलब्लोअर के आरोपों से मिलता-जुलता है। बैंक मैनेजमेंट का कहना है कि अगले वित्त वर्ष की पहली तिमाही से हालात सुधरने लगेंगे। लेकिन अभी कई सवाल हैं। माइक्रोफाइनेंस लोन का प्रेशर, अकाउंटिंग गलती का मामला, एक्सटर्नल ऑडिट के नतीजे, सीईओ का सिर्फ 1 साल का एक्सटेंशन, सीएफओ का इस्तीफा।

### हेजिंग का क्या होता है मतलब

हर बैंक विदेशी मुद्रा में लेनदेन करता है। विदेशी मुद्रा की कीमतें घटती-बढ़ती रहती हैं। इससे होने वाले नुकसान से बचने के लिए बैंक हेजिंग करते हैं। हेजिंग में डेरिवेटिव्स, फ्यूचर्स और ऑप्शंस का इस्तेमाल होता है। हेजिंग में कई तरह के चार्ज लगते हैं। इंडसइंड बैंक का ट्रेजरी डिपार्टमेंट हेजिंग का काम देखता है। यह डिपार्टमेंट दो टीमों में बंटा है - इंटरनल और एक्सटर्नल। दोनों टीमें अलग-अलग तरीके से काम करती थीं। लेकिन, इंटरनल टीम के मेथड से सही तस्वीर नहीं मिल पा रही थी। कई बार करेंसी ट्रेड पहले ही कर लिए जाते थे। इससे इंटरनल टीम को लगता था कि बैंक को फायदा हो रहा है।

### निवेशकों का भरोसा चकनाचूर

*सितंबर 2023 में आरबीआई ने एक सर्कुलर जारी किया। इसके बाद इंडसइंड बैंक ने इंटरनल ट्रेड बंद कर दिए। सिर्फ एक्सटर्नल ट्रेड जारी रहे। लेकिन, तब तक नुकसान हो चुका था। क्या बैंक को इस गलती के बारे में पता नहीं था? बैंक के इंटरनल ऑडिट के मुताबिक, पिछले कुछ सालों में बैंक का प्रॉफिट 2100 करोड़ रुपये ज्यादा दिखाया गया। नेट प्रॉफिट लगभग 1500 करोड़ रुपये ज्यादा दिखाया गया। यानी हर साल लगभग 220 करोड़ रुपये का फायदा गलत दिखाया गया। बैंक को 2100 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है।*

# भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 15.26 अरब डॉलर उछलकर 653.96 अरब डॉलर हुआ

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार सात मार्च को समाप्त सप्ताह के दौरान दो वर्षों में सबसे तेज उछाल के साथ 15.26 अरब डॉलर बढ़कर 653.96 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने यह जानकारी दी। पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.78 अरब डॉलर घटकर 638.69 अरब डॉलर रह गया था। रुपये में उतार-चढ़ाव को कम करने में मदद के लिए आरबीआई द्वारा विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप के साथ-साथ पुनर्मूल्यांकन के कारण हाल ही में भंडार में गिरावट का रुख रहा है। सितंबर, 2024 के अंत में विदेशी मुद्रा भंडार 704.88 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान तीव्र वृद्धि का श्रेय 28 फरवरी को केंद्रीय बैंक द्वारा किए गए 10 अरब डॉलर के विदेशी मुद्रा विनिमय को दिया जा रहा है, जब उसने प्रणाली में तरलता बढ़ाने के लिए रुपए के मुकाबले डॉलर खरीदा था।

## रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

## होली उपरान्त विशेष रेलगाड़ियाँ–2025

होली पर्व के उपरांत रेल यात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों को संचालित करने का निर्णय लिया गया है। इन त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों का दिल्ली क्षेत्र के स्टेशनों से तिथिवार संचालन निम्नानुसार है:–

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| **दिनांक 16.03.2025 (रविवार) को दिल्ली क्षेत्र से प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | |
| 04020 | आनन्द विहार (ट.) | 19:30 | बरौनी जं. | 18:00 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ जं., रायबरेली जं. एवं मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., वाराणसी, औंड़िहार जं., गाजीपुर सिटी, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा एवं हाजीपुर जं. स्टेशन |
| 04062 | दिल्ली जं. | 23:55 | पटना जं. | 16:40 | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा एवं दानापुर स्टेशन |
| 04068 | आनन्द विहार (ट.) | 14:00 | भागलपुर | 13:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पटना जं., बख्तियारपुर जं., मोकामा, हाथीदा जं., लक्खीसराय जं., किऊल जं., अभयपुर, जमालपुर जं. एवं सुलतानगंज स्टेशन |
| 02436 | नई दिल्ली (वन्दे भारत विशेष) | 08:30 | पटना जं. (वन्दे भारत विशेष) | 20:10 | गाजियाबाद, अलीगढ़, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा स्टेशन |
| 05578 | आनन्द विहार (ट.) | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., गोण्डा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., बगहा, नरकटियागंज जं., रक्सौल जं., बैरगनिया, सीतामढ़ी, जनकपुर रोड, दरभंगा जं., सकरी जं., झंझारपुर, घोघरडीहा, निर्मली, सरायगढ़, सुपौल एवं गढ़ बरुआरी स्टेशन |
| 05220 | आनन्द विहार (ट.) | 08:00 | मुज़फ्फरपुर जं. | 00:45 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर जं. एवं हाजीपुर जं. स्टेशन |
| 02982 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 06:00 | सोगरिया | 13:10 | मथुरा जं., भरतपुर जं., बयाना जं., हिण्डौन सिटी, गंगापुर सिटी एवं सवाई माधोपुर स्टेशन |
| 09726 | शकूरबस्ती | 15:50 | ढेहर का बालाजी | 22:50 | बहादुरगढ़, अस्थल बोहर, झज्जर, रेवाड़ी जं., कुंड, अटेली, नारनौल, निज़ामपुर, डाबला, मांवडा, नीम का थाना, कांवट, श्री माधोपुर, रींगस जं., गोविंदगढ़ मलिकपुर, चौमूं सामोद और नींदर बेनाड स्टेशन |
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया जं. | 00:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड |
| 02526 | आनन्द विहार (ट.) | 17:20 | कामाख्या जं. | 03:40 | अलीगढ जं., टूंडला जं., गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, हाजीपुर जं., बरौनी जं., बेगुसराय, खगड़िया जं., नौगछिया, कटिहार जं., बारसोई जं., किशनगंज, न्यू जलपाईगुड़ी, न्यू कूच बिहार, तूफानगंज, गोलकगंज जं., गौरीपुर, बिलासीपारा, अभयपुरी असम एवं गोवालपाड़ा जं. स्टेशन |
| 03414 | दिल्ली जं. | 13:35 | मालदा टाउन | 17:30 | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., पटना साहेब, फतुहा, खुसरोपुर, बख्तियारपुर जं., बाढ़, मोकामा, हाथीदा जं., बड़हिया, लक्खीसराय जं., किउल जं., कजरा, अभयपुर, धरहरा, जमालपुर जं., बरियारपुर, सुल्तानगंज, भागलपुर, कहलगांव, साहिबगंज जं., बड़हरवा जं. एवं न्यू फरक्का जं. स्टेशन |
| 02982 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 06:00 | सोगरिया | 13:10 | मथुरा जं., भरतपुर जं., बयाना जं., हिण्डौन सिटी, गंगापुर सिटी एवं सवाई माधोपुर स्टेशन |
| 01708 | आनन्द विहार (ट.) | 18:05 | जबलपुर जं. | 10:00 | गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज जं., शंकरगढ़, मानिकपुर जं., सतना, मैहर एवं कटनी स्टेशन |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | राजेन्द्र नगर | 07:45 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर एवं पटना जं. स्टेशन |
| **दिनांक 17.03.2025 (सोमवार) को दिल्ली क्षेत्र से प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | |
| 04081 | नई दिल्ली | 23:45 | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | 11:40 | सोनीपत, पानीपत जं., करनाल, कुरुक्षेत्र जं., अम्बाला छावनी जं., ढंडारी कलां, जलंधर कैंट, पठानकोट कैंट, जम्मू तवी एवं शहीद कप्तान तुषार महाजन स्टेशन |
| 04208 | दिल्ली जं. | 20:20 | लखनऊ जं. | 06:00 | गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर एवं हरदोई स्टेशन |
| 04024 | दिल्ली जं. | 19:30 | वाराणसी जं. | 09:45 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, लखनऊ, रायबरेली जं. एवं मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. स्टेशन |
| 04064 | नई दिल्ली | 09:30 | गया जं. | 01:50 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं.दीनदयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम एवं डेहरी–ऑन–सोन स्टेशन |
| 04062 | दिल्ली जं. | 23:55 | पटना जं. | 16:40 | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा एवं दानापुर स्टेशन |
| 04066 | नई दिल्ली | 21:35 | सहरसा जं. | 22:00 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र जं., सोनपुर, हाजीपुर जं., मुजफ्फरपुर, जं., समस्तीपुर जं., दलसिंहसराय, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं. एवं मानसी जं. स्टेशन |
| 04010 | आनन्द विहार (ट.) | 23:55 | जोगबनी | 03:00 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., नवगछिया, कटिहार जं., अररिया जं., एवं फारबिसगंज जं. स्टेशन |
| 04014 | आनन्द विहार (ट.) | 05:00 | जयनगर | 12:00 | मुरादाबाद जं., बरेली जं., लखनऊ, रायबरेली जं., अमेठी, मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., वाराणसी जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर पाटलिपुत्र, हाजीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं., समस्तीपुर ज., दरभंगा जं. एवं मधुबनी स्टेशन |
| 03256 | आनन्द विहार (ट.) | 23:30 | पटना जं. | 18:35 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा एवं दानापुर स्टेशन |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | राजेन्द्र नगर | 07:45 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर एवं पटना जं. स्टेशन |
| 02398 | आनन्द विहार (ट.) | 08:20 | गया | 00:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑनसोन एवं अनुग्रह नारायण रोड |
| 03258 | आनन्द विहार (ट.) | 05:00 | दानापुर | 20:45 | कानपुर सेन्ट्रल, प्रयागराज जं., पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा स्टेशन |
| 03012 | आनन्द विहार (ट.) | 00:30 | हावड़ा | 03:00 | टूण्डला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया, कोडरमा, धनबाद, आसनसोल, दुर्गापुर, बर्द्धमान एवं बैण्डेल जं. स्टेशन |
| 06074 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 04:10 | तिरुवनन्तपुरम उत्तर | 14:15 | मथुरा जं., आगरा कैंट जं., ग्वालियर जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी जं., बीना जं., रानी कमलापति, नागपुर जं., बल्हारशाह, वरंगल, विजयवाड़ा जं., नेल्लूर, गूडूर जं., रेणिगुंटा जं., तिरूपति, चित्तूर, काटपाडी जं., जोलारपेट्टै जं., सेलम जं., इरोड जं., तिरुप्पुर, पोत्तनूर जं., पालक्काड़ जं., तृश्शूर, आलुवा, एरणाकुलम टाउन, कोट्टयम, तिरुवल्ला, चेंगन्नूर, मावेलिक्करा, कायमकुलम जंक्शन एवं कोल्लम जं. |
| **दिनांक 18.03.2025 (मंगलवार) को दिल्ली क्षेत्र से प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | |
| 04070 | आनन्द विहार (ट.) | 00:20 | राजगीर | 19:50 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., बख्तियारपुर जं. एवं बिहार शरीफ जं. |
| 04030 | आनन्द विहार (ट.) | 09:00 | मुज़फ्फरपुर जं. | 06:00 | मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., गोण्डा जं., गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., नरकटियागंज जं., सगौली जं. एवं बापूधाम मोतिहारी स्टेशन |
| 04016 | आनन्द विहार (ट.) | 11:40 | सीतामढ़ी | 15:45 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ जं., रायबरेली, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., वाराणसी, औंड़िहार जं., गाजीपुर सिटी, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं. एवं मुजफ्फरपुर जं. स्टेशन |
| 02436 | नई दिल्ली | 08:30 | पटना जं. | 20:10 | गाजियाबाद, अलीगढ़, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा स्टेशन |
| 05578 | आनन्द विहार (ट.) | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., गोण्डा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., बगहा, नरकटियागंज जं., रक्सौल जं., बैरगनिया, सीतामढी, जनकपुर रोड, दरभंगा जं., सकरी जं., झंझारपुर, घोघरडीहा, निर्मली, सरायगढ़, सुपौल एवं गढ़ बरुआरी स्टेशन |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | राजेन्द्र नगर | 07:45 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर एवं पटना जं. स्टेशन |
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया जं. | 00:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन |
| 03010 | आनन्द विहार (ट.) | 00:30 | हावड़ा जं. | 03:00 | टूण्डला जं., इटावा जं., गोविन्दपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया जं., कोडरमा, धनबाद जं., आसनसोल जं., दुर्गापुर, बर्द्धमान एवं बैण्डेल जं. स्टेशन |
| 03436 | आनन्द विहार (ट.) | 15:45 | मालदा टाउन | 23:30 | गोविन्दपुरी, प्रयागराज जं., पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., बख्तियारपुर जं., मोकामा, किऊल जं., अभयपुर, जमालपुर जं., सुलतानगंज, भागलपुर, कहलगांव, पीरपैंती, साहिबगंज जं., बड़हरवा जं. एवं न्यू फरक्का जं. स्टेशन |
| 04146 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदार गंज | 19:40 | अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा, गोविंदपुरी एवं फ़तेहपुर स्टेशन |
| 05204 | आनन्द विहार (ट.) | 09:20 | मुज़फ्फरपुर जं. | 05:00 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर जं. एवं हाजीपुर जं. स्टेशन |
| 07708 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 03:15 | चर्लपल्ली | 09:30 | आगरा कैंट, वीरांगना लक्ष्मीबाई (झांसी), बीना जं., रानी कमलापति (भोपाल), नागपुर, चंद्रपुर, बल्हारशाह, सिरपुर कागजनगर, मंचिर्याल, रामागुंडम एवं काजीपेट जं. स्टेशन |
| 04012 | दिल्ली जं. | 19:30 | दरभंगा | 16:30 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, गोण्डा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., नरकटियागंज, रक्सौल, बैरगनिया, सीतामढ़ी एवं जनकपुर रोड स्टेशन |
| **दिनांक 19.03.2025 (बुधवार) को दिल्ली क्षेत्र से प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | |
| 04068 | आनन्द विहार (ट.) | 14:00 | भागलपुर | 13:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पटना जं., बख्तियारपुर जं., मोकामा, हाथीदा जं., लक्खीसराय जं., किऊल जं., अभयपुर, जमालपुर जं. एवं सुलतानगंज स्टेशन |
| 02436 | नई दिल्ली | 08:30 | पटना जं. | 20:10 | गाजियाबाद, अलीगढ़, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा स्टेशन |
| 05578 | आनन्द विहार (ट.) | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., गोण्डा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., बगहा, नरकटियागंज जं., रक्सौल जं., बैरगनिया, सीतामढी, जनकपुर रोड, दरभंगा जं., सकरी जं., झंझारपुर, घोघरडीहा, निर्मली, सरायगढ़, सुपौल एवं गढ़ बरुआरी स्टेशन |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | राजेन्द्र नगर | 07:45 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर एवं पटना जं. स्टेशन |
| 05306 | आनन्द विहार (ट.) | 00:20 | छपरा | 22:50 | इटावा, कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी जं., गोण्डा जं., मनकापुर जं., बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर, कप्तानगंज जं., पडरौना, तमकुही रोड, थावे जं. एवं सीवान जं. स्टेशन |
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया जं. | 00:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन |
| 03414 | दिल्ली जं. | 13:35 | मालदा टाउन | 17:30 | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., पटना साहेब, फतुहा, खुसरोपुर, बख्तियारपुर जं., बाढ़, मोकामा, हाथीदा जं., बड़हिया, लक्खीसराय जं., किउल जं., कजरा, अभयपुर, धरहरा, जमालपुर जं., बरियारपुर, सुल्तानगंज, भागलपुर, कहलगांव, साहिबगंज जं., बड़हरवा जं. एवं न्यू फरक्का जं. स्टेशन |
| 09004 | दिल्ली जं. | 13:05 | मुंबई सेन्ट्रल | 13:30 | दिल्ली कैंट, गुड़गांव, रेवाड़ी जं., अलवर, बांदीकुई जं., गांधीनगर जयपुर, जयपुर जं., किशनगढ़, अजमेर जं., ब्यावर, मारवाड़ जं., फालना, पिंडवाड़ा, आबू रोड, पालनपुर जं., महेसाना जं., साबरमती बीजी, वडोदरा जं., उधना जं., वलसाड, वापी एवं बोरीवली स्टेशन |

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट **https://enquiry.indianrail.gov.in** अथवा **NTES App** देखें।

उत्तर रेलवे
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ — पर हमें फॉलो करें

# टिकाऊ जीवनशैली विकल्प सभी के लिए सुलभ और किफायती बनाने की जरूरत



■ 'जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता हानि और प्रदूषण के परस्पर जुड़े संकटों' से निपटने के लिए टिकाऊ जीवनशैली आवश्यक

**नई दिल्ली (भाषा)।** खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रल्हाद जोशी ने शनिवार को ऐसे पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली विकल्पों का आह्वान किया जो सभी उपभोक्ताओं के लिए 'उपलब्ध, सुलभ और किफायती' हों और साथ ही बुनियादी अधिकारों और जरूरतों की रक्षा भी करें। विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस वेबिनार में प्रसारित अपने रिकॉर्ड किए गए वीडियो भाषण में जोशी ने कहा कि 'जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता हानि और प्रदूषण के परस्पर जुड़े संकटों' से निपटने के लिए टिकाऊ जीवनशैली आवश्यक है। उन्होंने कहा, "न्यायोचित परिवर्तन यह सुनिश्चित करता है कि पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली में बदलाव लोगों के बुनियादी अधिकारों और जरूरतों को बरकरार रखे। यह 'सबका साथ सबका विकास' के लिए एक अवसर प्रस्तुत करता है, जो लोगों और धरती दोनों के लिए लाभकारी समाधान प्रदान करता है।" मंत्री ने कहा कि उपभोक्ता संरक्षण और स्थिरता को बढ़ावा देना प्राचीन काल से ही भारतीय संस्कृति का हिस्सा रहा है और यह इसके प्रशासन का मूल आधार रहा है। जोशी ने कहा कि सरकार जिम्मेदार उपभोक्ता नीतियों के माध्यम से स्थिरता को बढ़ावा देने में सबसे आगे रही है। उन्होंने आगे कहा कि सरकार सतत उत्पादों को अधिक किफायती और सुलभ बनाने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रही है। उन्होंने कहा, "हम उद्योगों को पर्यावरण के अनुकूल विनिर्माण प्रक्रियाओं और सतत नवाचारों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। इस कार्यक्रम का विषय 'सतत जीवन शैली के लिए एक न्यायोचित परिवर्तन' था। जोशी ने कहा कि सरकार 'उपभोक्ता संरक्षण' से आगे बढ़कर 'उपभोक्ता हित' और 'उपभोक्ता देखभाल' को बढ़ावा देने की दिशा में काम कर रही है।

### इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग दुनिया का सबसे बड़ा विनिर्माण क्षेत्र बनने की ओर अग्रसर: सचिव

**चेन्नई (भाषा)।** इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) के सचिव एस कृष्णन ने शनिवार को कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग विश्व स्तर पर और भारत में सबसे बड़ा विनिर्माण क्षेत्र बनने की ओर अग्रसर है। वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि तमिलनाडु का 'इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्लस्टर' वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण में देश के अग्रणी के रूप में उभर रहा है।

# एनसीएलटी की चेन्नई पीठ के आदेश के खिलाफ जांच के आदेश

भाषा ▸▸ नई दिल्ली

अपीलीय न्यायाधिकरण एनसीएलएटी ने राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की चेन्नई पीठ के एक आदेश की जांच का निर्देश दिया है। राष्ट्रीय कंपनी कानून अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) ने एनसीएलटी के अध्यक्ष को 15 मार्च, 2022 के उसके एक आदेश की जांच करने का निर्देश दिया है। एनसीएलएटी ने कहा कि वह इस तथ्य की अनदेखी नहीं कर सकता कि जिस तरह से 15 मार्च 2022 का आदेश पारित किया गया है, वह संदिग्ध और भरोसे लायक नहीं लगता है। अपीलीय न्यायाधिकरण ने कहा कि मामले में तथ्य और प्रस्तुतियां "एनसीएलटी के कामकाज पर सवाल उठाती हैं।" न्यायिक सदस्य न्यायमूर्ति शरद कुमार शर्मा और तकनीकी सदस्य जतिंद्रनाथ स्वैन की दो सदस्यीय पीठ ने कहा, "एनसीएलटी के अध्यक्ष से अनुरोध है कि वे इस मुद्दे पर, खास तौर पर एनसीएलटी की कार्यवाही में निष्पक्षता लाने के लिए गौर करें और जांच करें, ताकि इन प्रमुख मुद्दों पर आम जनता में विश्वास कायम हो सके।

**चिकित्सा**

**बिना बताए शराब, अफीम, सिगरेट छुड़ाएं**

दमा, खांसी, नजला, मोटापा होना, कमजोरी, पेट के रोगों व मोटापे का देसी ईलाज।

**हमराज़ क्लीनिक**

11am-5pm Ph: 9811301362
1936, फव्वारा, चाँदनी चौक, दिल्ली - 110006

F-23/101, अवन्तिका चौक, सैक्टर - 3, रोहिणी, दिल्ली - 85
Ph: 9811301362, 9999301362
10am - 9pm

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अमित, पुत्र विनोद निवासी 323, गली नंबर 19, गांव धीर पुर, दिल्ली** ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 139/20 भा.द.सं. की धारा 380/411 के तहत, थाना मुखर्जी नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **अमित** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **अमित** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 139/20 भा.द.सं. की धारा 380/411 के तहत, थाना मुखर्जी नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अमित** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **01.05.2025** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री निहारिका कुमार शर्मा
एलडी. अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी (उत्तर)
कमरा नं.117, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/3011/NW/2025

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**बलूचिस्तान ट्रेन हाईजैक की घटना ने पाकिस्तान के अंतर्कलह को विश्व स्तर पर उजागर कर दिया है। अब यह सवाल उठने लगा है कि क्या पाकिस्तान एक रह पाएगा? क्या पाकिस्तान टूट जाएगा? क्या बलूचिस्तान अलग हो जाएगा या क्या पाक बलूचिस्तान को अपने साथ जोड़ कर रख पाएगा? पाकिस्तान बलूचिस्तान में बलूच स्वतंत्रता सेनानियों के खिलाफ नेशनल एक्शन प्लान (एनएपी या नैप) पार्ट-2 चलाने वाला है,जिसके तहत बलूचिस्तान में बहुत बड़ा सैन्य अभियान चलाया जा सकता है। पाकिस्तानी मीडिया में नैप पार्ट-2 के तहत सभी विदेशी अफगान नागरिकों को हटाने के लिए ऑल ऑउट ऑपरेशन चलाने को लेकर चर्चा हो रही है। पाक हुक्मरान ने पहला नेशनल एक्शन प्लान 2014 में पेशावर सैनिक स्कूल पर हुए हमले के बाद चलाया था। बलूचिस्तान में एक बार फिर से पाकिस्तान फौज नरसंहार की तरफ बढ़ सकती है, जैसा पहले भी वो कर चुकी है। पाकिस्तान में ट्रेन हाइजैक के पीछे विदेशी मदद के आरोप भारत पर लगाया जा रहा है, जिसे भारत सरकार ने सिरे से खारिज कर दिया है। यह पाकिस्तान में अक्सर देखने को मिलता है, जिसमें हर प्रॉब्लेम के लिए भारत पर आरोप मढ़े जाते हैं। पाकिस्तान को बलूच समस्या के कारणों का हल करना चाहिए। पाकिस्तान के आंतरिक हालात का विश्लेषण करता आजकल का यह अंक...**

# पाक में बलूच बगावत का नया दौर



**ट्रेन हाइजैक**
प्रभात कुमार राय
विदेश मामलों के जानकार

**पाकिस्तान हुकूमत के प्रवक्ता ने बयान जारी किया कि पाक में अंजाम दिए जाने वाले प्रत्येक दहशतगर्द आक्रमण की पृष्ठभूमि में भारत का सक्रिय हाथ हुआ करता है और जाफर एक्सप्रेस को अगवा करने की आतंकी वारदात के पीछे भी भारत की साज़िश है। पाक प्रवक्ता का कहना है कि भारत के साथ मिलकर अफगान सरगनाओं का भी इस वारदात को अंजाम देने में सक्रिय किरदार रहा है। पाक हुकूमत द्वारा आयद किए गए बेबुनियाद इल्जामों का भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता द्वारा वाजिब प्रति उत्तर दे भी दिया गया। भारत सरकार के प्रवक्ता ने फरमाया कि समस्त विश्व बखूबी जानता है कि पाकिस्तान वैश्विक जिहादी आतंकवादियों की सबसे बड़ी पनाहगाह रहा है।**

पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में सशस्त्र बगावत यूं तो तकरीबन सत्तर वर्ष पुरानी हो चुकी है और किसी न किसी तौर पर सन् 1948 से निरंतर जारी रही है। किंतु अब तो ऐसा प्रतीत हो रहा है कि बलूच बगावत का एक नया दौर प्रारंभ हो चुका है, क्योंकि जिस बड़े स्तर पर बलूच विद्रोहियों ने गुरिल्ला हमले अंजाम दिए हैं, उससे पाक हुकूमत और उसकी फौज थर्रा उठी है। पाकिस्तान के प्रांत बलूचिस्तान के शहर क्वेटा से पेशावर के मार्ग पर दौड़ रही जाफर एक्सप्रेस ट्रेन के ट्रैक को बलूच बागियों द्वारा उड़ा दिया गया। ट्रेन पर घात लगाकर बलूच बागियों द्वारा तकरीबन 300 से अधिक नागरिकों और सैनिकों को जाफर एक्सप्रेस से अगवा कर लिया गया। पाक फौज द्वारा सैन्य ऑपरेशन में कुछ नागरिकों और अपने सैनिकों को बलूच विद्रोहियों की पकड़ से मुक्त करा लिया गया। विश्वसनीय सूत्रों के मुताबिक अभी तकरीबन सौ से अधिक सैनिक बलूच लिबरेशन आर्मी की पकड़ में विद्यमान हैं। अपनी पुरानी रिवायती फितरत के मुताबिक पाकिस्तान हुकूमत के प्रवक्ता ने बयान जारी कर दिया कि पाकिस्तान में अंजाम दिए जाने वाले प्रत्येक दहशतगर्द आक्रमण की पृष्ठभूमि में भारत का सक्रिय हाथ हुआ करता है और जाफर एक्सप्रेस को अगवा करने की आतंकी वारदात के पीछे भी भारत की साज़िश मौजूद है।



पाक प्रवक्ता का कहना है कि भारत के साथ मिलकर अफगान सरगनाओं का भी इस वारदात को अंजाम देने में सक्रिय किरदार रहा है। पाक हुकूमत द्वारा आयद किए गए बेबुनियाद इल्जामों का भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता द्वारा वाजिब प्रति उत्तर दे भी दिया गया। भारत सरकार के प्रवक्ता ने फरमाया कि समस्त विश्व बखूबी जानता है कि पाकिस्तान वैश्विक जिहादी आतंकवादियों की सबसे बड़ी पनाहगाह रहा है। अपने नृशंस गुनाहों के लिए किसी दूसरे मुल्क पर बेबुनियाद इल्जाम आयद करने से पहले पाकिस्तान को अपने भीतर भी झांक लेना चाहिए।

## अजीत डोभाल के बयान का हवाला

पाकिस्तान को अपने आंतरिक विद्रोह की वारदातों का ठीकरा दूसरे मुल्कों पर नहीं फोड़ना चाहिए। उल्लेखनीय है कि जाफर एक्सप्रेस पर हमला अंजाम देने की जिम्मेदारी बलूच लिबरेशन आर्मी द्वारा बाकायदा ले ली गई है। पाकिस्तान के हुकूमत परस्त राजनीतिक विश्लेषक आजकल अजीत डोभाल के उस बयान का निरंतर हवाला दे रहे हैं, जो कि बलूचिस्तान को लेकर उन्होंने सन् 2014 में दिया था। अजीत डोभाल ने अपने बयान में फरमाया था कि पाकिस्तान भारत पर आतंकवादी हमले तो अंजाम दे सकता है, किंतु भारत के प्रतिशोध में आखिरकार पाकिस्तान द्वारा बलूचिस्तान को गंवाया जा सकता है। 15 अगस्त को लाल किले से अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बलूचिस्तान का बाकायदा उल्लेख किया था। नरेंद्र मोदी ने बलूचों के ऊपर अंजाम दिए जा रहे पाकिस्तानी फौज के जुल्मों सितम का प्रश्न भी प्रबलता से उठाया था। उल्लेखनीय है कि पाक फौज द्वारा तकरीबन एक लाख से अधिक बलूचों का कत्ल ओ गारद अंजाम दिया जा चुका है और एक लाख बलूच नागरिक लापता हैं, जिनके विषय में अनुमान है कि उनको भी पाक फौज ने अगवा करके बंदी बना लिया अथवा हलाक कर दिया है। यूं तो बलूचिस्तान में पाकिस्तानी फौज द्वारा अंजाम दिए जा रहे जा रहे नृशंस जुल्मों सितम की सारी दुनिया में ही निरंतर निंदा की जाती रही है। बलूचों के प्रति प्रकट की गई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हार्दिक संवेदनाओं के प्रति उत्तर में बलूच लीडर ब्रह्मदग बुगती ने नरेंद्र मोदी को हार्दिक धन्यवाद अदा किया था।

## बलूच विद्रोहियों की मदद का इल्जाम

नरेंद्र मोदी द्वारा बलूचिस्तान का उल्लेख करने पर पाक हुक्मरान एकदम बौखला उठे थे। पाकिस्तान के हुक्मरान भारतीय हुकूमत पर खुफिया एजेंसी रॉ के माध्यम से बलूच विद्रोहियों की सक्रिय इमदाद करने का इल्जाम आयद करते रहे हैं। अमेरिकी सीनेट में अमेरिकन सांसदों द्वारा एक प्रस्ताव पेश किया गया था। इस प्रस्ताव में पाकिस्तान की फौज के जुल्मों सितम का विस्तार पूर्वक उल्लेख करने के साथ ही साथ बलूचिस्तान को आत्मनिर्णय का अधिकार प्रदान करने की जबरदस्त पैरवी की गई थी। ह्यूमन राइट वॉच और एमनेस्टी इंटरनेशनल द्वारा अमेरिका कांग्रेस के समक्ष पाक हुकूमत पर यह इल्जाम आयद किया गया था कि विद्रोही प्रांत बलूचिस्तान में दमनकारी नीतियां अख्तियार करके निरंतर नृशंस तौर पर सैन्य बल प्रयोग कर रहा है। 12 मार्च मंगलवार को बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) द्वारा जाफर एक्सप्रेस पर अंजाम दिए गए आक्रमण के विषय में पाकिस्तानी फौज के प्रवक्ता का कहना है कि ट्रेन को अगवा करने वाले सारे बलूच विद्रोही मार दिए गए हैं और 300 से ज्यादा लोगों को उनके कब्जे से आजाद करा लिया गया है, जबकि बलूच लिबरेशन आर्मी के प्रवक्ता ने दावा किया है कि अभी भी पाकिस्तान सेना के 194 सैनिक उनके बंधक हैं। इस संगीन वारदात की वास्तविक सच्चाई कुछ भी हो सकती है, लेकिन यह तथ्य एकदम स्पष्ट है कि विगत 19 वर्षों से जब से सन 2006 में बलूच लीडर नवाब अकबर खान बुगती की हत्या पाक फौज द्वारा अंजाम दी गई है, तभी से बलूच विद्रोह मंथर और तीव्र गति से निरंतर जारी रहा है। बलूचिस्तान का दुर्गम बोलान इलाका बलूच विद्रोहियों का केंद्र रहा है। बलूचिस्तान में ग्वादर बंदरगाह का निर्माण कर रहे चीन के इंजीनियरों के काफिलों पर अनेक दफा बलूच विद्रोहियों ने घात लगाकर आक्रमण अंजाम दिए हैं।

## चीन की गतिविधियों का विरोध

बलूच लिबरेशन आर्मी वस्तुतः बलूचिस्तान में चीन की गतिविधियों की निरंतर सशस्त्र मुख़ालिफ़त करती रही है। ग्वादर बंदरगाह के निर्माण में तकरीबन एक लाख चीनी कार्यरत हैं। बलूचों को चीन द्वारा निवेश किए गए 62 मिलियन डॉलर के इस विराट निर्माण कार्य में कदाचित शामिल नहीं किया जाता है। इस प्रोजेक्ट में चीनी श्रमिकों के अतिरिक्त केवल पाकिस्तान के पंजाबियों का बोलबाला है। पाकिस्तान के प्रांत बलूचिस्तान की सरजमीं में अपार खनिज संपदा विद्यमान रही है, किंतु बलूच नागरिक बेहद गरीब हैं और उनकी औसत प्रतिदिन आमदनी 100 रुपये भी नहीं है। बलूचिस्तान का क्षेत्रफल वस्तुतः पाकिस्तान के कुल क्षेत्रफल का तकरीबन आधा है।

बलूच कबीलों की आबादी पाकिस्तान, अफगानिस्तान और ईरान में फैली हुई है। ऐतिहासिक तौर पर बलूचिस्तान और पाकिस्तान के मध्य कभी भी सामान्य रिश्ते कायम नहीं रहे। बलूच सरदार कलात खान और बलूचिस्तान स्टेट खुद को स्वतंत्र और खुद मुख्तार कायम बनाए रखने का प्रबल पक्षधर रहा था। उल्लेखनीय है कि ब्रिटिश राज के दौर में भी नेपाल और भूटान की तरह बलूचिस्तान को भी स्वायत्तता और आजादी हासिल रही थी। सन् 1947 में भारत के विभाजन के तत्पश्चात निर्मित हुए पाकिस्तान के सर्वोच्च लीडर मोहम्मद अली जिन्ना ने आरंभ में स्वतंत्र बलूचिस्तान स्टेट के अस्तित्व को बाकायदा स्वीकार कर लिया था, किंतु अगले ही वर्ष सन् 1948 में बलूचिस्तान को मोहम्मद अली जिन्ना ने अपनी फौजी ताकत द्वारा जबरन पाकिस्तान में शामिल कर लिया। पाकिस्तान हुकूमत द्वारा अंजाम दिए गए इस जबरन संविलय को कलात शासक मीर खान और बलूचों ने कदाचित स्वीकार नहीं किया था। जबरन विलय के विरुद्ध बलूचों ने सन् 1948 से लेकर सन् 1957 तक पाक फौज के विरुद्ध निरंतर सशस्त्र संग्राम किया था। बलूचों के दस वर्षीय सशस्त्र संग्राम का नेतृत्व नौरोज खान नामक एक क्रांतिकारी गोरिल्ला लीडर द्वारा किया गया था।

## बलूचों की तकरीबन दो करोड़ आबादी

आखिरकार पाक फौज द्वारा अमेरिका और फ्रांस से हासिल किए गए लड़ाकू विमानों द्वारा बलूचिस्तान पर बर्बर तौर पर कारपेट बमबारी अंजाम दी गई। तब कहीं जाकर कलात खान और नौरोज खान के नेतृत्व में विद्रोही बलूचों ने सन् 1957 में पाकिस्तानी फौज के सामने आत्मसमर्पण किया। पाकिस्तान में बलूचों की आबादी तकरीबन एक करोड़ है। कुल मिलाकर बलूचों की आबादी तकरीबन दो करोड़ है, जोकि पाकिस्तान, अफगानिस्तान और ईरान में फैली हुई है बलूचिस्तान में बलूचों के मुख्यतः दो धड़े विद्यमान हैं। बलूचों का एक धड़ा बलूच जुबान बोलता है तो दूसरा धड़ा ब्राहू भाषा बोलता है जो कि एक द्रविड़ भाषा है। बलूचिस्तान का बड़ा हिस्सा एक सर्द रेगिस्तान है, जो ईरानी पठार के पूर्वी छोर पर स्थित है। यही वह इलाका है जहां पर तेल और प्राकृतिक गैस के अकूत भंडार विद्यमान हैं।

बलूचिस्तान के सुई इलाके से समस्त पाकिस्तान को प्राकृतिक गैस की सप्लाई की जाती रही है। सन 1971 में बांग्लादेश के निर्माण के पश्चात बलूचों के अंदर भी फिर से एक नई उम्मीद और एक नया उत्साह उत्पन्न हुआ था। सन् 1973 में पाकिस्तान के जबरन आधिपत्य के विरुद्ध बलूचों ने फिर से हथियार उठा लिए थे। सन् 1973 में बलूच विद्रोहियों का नेतृत्व बलूचिस्तान के मार्क्सवादियों के हाथों में था। मार्क्सवादी बलूच पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट के तकरीबन दस हजार मार्क्सवादी बलूच छापामारों ने पाकिस्तान की 10 डिवीजन फौज के छक्के छुड़ा दिए थे। अमेरिका द्वारा प्रदान किए गए फाइटर जेट्स द्वारा बलूचिस्तान पर नापाक बमों से भयानक बमबारी अंजाम दी गई और बलूचों की बगावत को नृशंसतापूर्वक कुचल दिया गया। बलूच गोरिल्लाओं और पाक फौज के मध्य संघर्ष में हजारों बलूच नागरिक हलाक हो गए थे। पांच हजार से अधिक मार्क्सवादी बलूच विद्रोही और तीन हजार से अधिक पाक सैनिक सन् 1973 से सन् 1975 तक जारी रहे गृहयुद्ध में हताहत हो गए थे। उस वक्त भी पाक हुकूमत ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी पर इल्जाम आयद किया था कि उन्होंने बलूचिस्तान को पाकिस्तान से पृथक करने के लिए अपनी खुफिया एजेंसी रॉ का बाकायदा इस्तेमाल किया था।

## पाक के सैन्य आधिपत्य से आजादी की ललक

कह सकते हैं कि समस्त नृशंस सैन्य जुल्मों सितम और दमन के बावजूद बलूचों में पाकिस्तान के सैन्य आधिपत्य से आजादी हासिल कर लेने की आकांक्षा और ललक कभी भी खत्म नहीं हुई। सन् 2000 में नवाब अकबर खान बुगती के नेतृत्व में एक बार फिर से बलूच विद्रोहियों ने हथियार उठा लिए। सन् 2006 में बलूच लीडर अकबर खान बुगती की पाक फौज द्वारा हत्या कर दी गई। इसके बाद उनके बेटे ब्रह्मदग बुगती ने बलूच विद्रोहियों का नेतृत्व संभाल लिया है। पाक हुकूमत की गुलामी से पूर्णतः मुक्त होकर ही बलूच अब दम लेंगे। ट्रेन हाइजैक इसी दिशा में बलूचों का एक प्रयास है।

# दूसरा बांग्लादेश बनने की राह पर बलूच



**बलूचिस्तान**
सुनील अमर
वरिष्ठ पत्रकार

पाकिस्तान की आजादी के समय से ही वहां चल रहा बलूचिस्तान प्रान्त का अलगाववादी आन्दोलन अपने इतिहास के सबसे खूंखार दौर में पहुंच गया लगता है। गत सप्ताह वहां हुए जाफर एक्सप्रेस ट्रेन अपहरण कांड तथा उसके जवाब में हुए सैन्य ऑपरेशन में सैकड़ों लोग मारे गये बताये जा रहे हैं, जिसमें सेना के जवान और नागरिक शामिल थे। अपने देश के सबसे बड़े प्रान्त के साथ किए जा रहे सौतले और उपेक्षित व्यवहार के चलते पाकिस्तान में यह होना ही था। बलूचिस्तान का यह रक्तरंजित कांड किन्हीं मामलों में उस वक्त के पूर्वी पाकिस्तान (आज के बांग्लादेश) जैसा ही लगता है जहां अपने ही क्रूर शासकों के अत्याचार से आजिज आकर जनता ने विद्रोह कर दिया था और एक लम्बे रक्तरंजित आन्दोलन के बाद बांग्लादेश अस्तित्व में आया था। उसी राह पर बलूचिस्तान भी चल रहा है।


ध्यान रहे कि इसी के साथ वहां सिन्ध, खैबर पख्तूनख्वा तथा गिलगित बाल्टिस्तान प्रान्तों में भी लम्बे अरसे से अलगाववादी आन्दोलन चल रहे हैं। जिसे हम बलूचिस्तान कहते हैं उसका कुछ हिस्सा पड़ोसी देश ईरान व अफगानिस्तान में भी है। ईरान का सिस्तान प्रान्त तथा अफगानिस्तान का निमरुज, हेलमन्द और कान्धार का इलाका भी बलूचिस्तान ही है। इसकी भौगोलिक स्थिति और महत्व इसको पाकिस्तान के लिए जीवन-मरण का प्रश्न बनाता है क्योंकि यह न सिर्फ पाकिस्तान के लिए दुधारु गाय की तरह है बल्कि यही दक्षिण और मध्य एशिया तथा मध्य पूर्व के लिए उसका सम्पर्क मार्ग भी है।

## सामरिक व व्यापारिक महत्व

इसके सामरिक व व्यापारिक महत्व का अनुमान इस बात से लगाया जा सकता है कि यहां ग्वादर बन्दरगाह है जिसे चीन अपने संसाधनों से चीन-पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरीडोर योजना के तहत विकसित कर रहा है। पाकिस्तान का यह इलाका प्राकृतिक सम्पदाओं यथा- कोयला, गैस, सोना, तांबा तथा खनिज से भरपूर है। यहां चागल जिले में स्थित रेको दिक खदान दुनिया की बड़ी सोने और तांबे की खदानों में गिनी जाती है। यहां के डेरा बुगती इलाके में प्राकृतिक गैस का विशाल भंडार है। बावजूद इन सबके, विकास और बुनियादी सुविधाओं के नाम पर यह पाकिस्तान का सबसे पिछड़ा या यूं कहें कि उपेक्षित इलाका है और यही यहां के निवासियों में विद्रोह पनपने का कारण भी है। बता दें कि पाकिस्तान की जीडीपी का 57 प्रतिशत अकेले पंजाब प्रान्त से आता है तो बलूचिस्तान से सिर्फ 05 प्रतिशत! पंजाब और सिन्ध जैसे प्रान्तों में 30 और 25 विश्वविद्यालय हैं तो बलूचिस्तान में सिर्फ 06 और यही वजह है कि पंजाब में साक्षरता दर 66 प्रतिशत है, सिन्ध में 63 और खैबरपख्तूनख्वा में 55 प्रतिशत तो बलूचिस्तान में महज 44 प्रतिशत।

## बलूचिस्तान में बदहाल व्यवस्था

गरीबी का आलम यह है कि यहां 70 प्रतिशत बच्चे स्कूल छोड़कर चले जाते हैं। यहां की राजधानी क्वेटा में भी पेयजल की भारी किल्लत रहती है। स्वास्थ्य आदि की बदहाल व्यवस्था का अनुमान लगाया जा सकता है। लोकतन्त्र के नाम पर सैन्य




तानाशाही ही पाकिस्तान की फितरत है। वही बलूचिस्तान के साथ भी शुरू से होता आया है। असल में सन् 1947 में भारत-पाकिस्तान बनने के समय ही बलूचिस्तान अपने चार प्रिंसली स्टेट- खारन, मकारन, लास बेला और कलात के साथ पाकिस्तान में शामिल होने के बजाय स्वतन्त्र रहना चाहता था लेकिन सेना के बल पर इसे दबा कर पाकिस्तान में शामिल कराया गया। बलूचिस्तान का विद्रोह सन् 1948 से ही शुरू होता है जब मीर अहमद यार खान जिन्हें कलात का खान कहा जाता था, को अपदस्थ कर पाक सेना ने अपना कब्जा जमा लिया। इसके बाद आधा दर्जन से अधिक बार संगठित विद्रोह किया गया और अभी तक हो रहा है।

सन् 1971 में पूर्वी पाकिस्तान में हुए सफल विद्रोह तथा स्वतन्त्र बांग्लादेश बन जाने के बाद बलोच विद्रोहियों को लगा कि वे भी इसी तरह अपने प्रान्त को आजाद करा सकते हैं। इससे भयभीत पाकिस्तानी प्रधानमंत्री ज़ुलफ़िक़ार अली भुट्टो ने वर्ष 1973 में बलूचिस्तान की निर्वाचित अकबर खान बुगती की सरकार को बर्खास्त करके वहां बड़े पैमाने पर सैन्य अभियान चलाया जिसमें 80,000 से अधिक सैनिकों ने भाग लिया। सेना ने अपने ही नागरिक ठिकानों पर बम गिरा कर हजारों नागरिकों को मार डाला। पड़ोसी देश ईरान ने इस डर से पाकिस्तान को समर्थन दे दिया कि कहीं बलोच आन्दोलन का असर उनके अपने देश में भी न फैल जाए। यह लड़ाई चार साल तक चलती रही। भुट्टो को अपदस्थ कर सत्ता पर कब्जा करने वाले जनरल जियाउल हक़ ने बलूचिस्तान से सेना वापस बुलाई। आज बलूचिस्तान में कई विद्रोही गुट हैं जिनमें बलोच लिबरेशन आर्मी (जिसने ट्रेन का अपहरण किया), बलोच रिपब्लिकन आर्मी तथा बलोच लिबरेशन फ्रंट मुख्य हैं। ये सरकार से बलूचिस्तान के लिए स्वायत्तता की मांग करते हैं लेकिन बड़े गुट बांग्लादेश की तरह पूर्ण आजादी की मांग करते हैं। बलूचिस्तान से कई नेता मुख्यमन्त्री व केन्द्रीय मन्त्री भी होते रहे हैं। ऐसे दो नेता - मीर जफरुल्ला खान जमाली वर्ष 2002 में तथा युसुफ रजा गिलानी वर्ष 2008 में पाकिस्तान के प्रधानमन्त्री भी हुए लेकिन ये भी बलूचिस्तान का कोई भला नहीं कर सके।

## गंभीर हो सकता है परिणाम

पूर्वी पाकिस्तान के अलग होकर बांग्लादेश बन जाने के भौगोलिक व राजनीतिक अर्थ अलग थे लेकिन बलूचिस्तान के अलग होने का पाकिस्तान के लिए बहुत गम्भीर परिणाम होगा तथा वह आर्थिक, रणनीतिक व भौगोलिक तौर पर काफी कमजोर हो सकता है। बहरहाल, इस्लामाबाद से ढाका की दूरी 2000 किमी से भी अधिक है और वहां के लिए जमीनी रास्ता न होकर सिर्फ हवाई मार्ग था जो भारत के आसमान से होकर जाता था और महत्वपूर्ण यह था कि भारत और पूर्वी पाकिस्तान की 1600 किमी लम्बी सीमा थी, जिससे ढाका आन्दोलन को भारत से आसानी से मदद मिल जाती थी। लेकिन इस्लामाबाद से क्वेटा की दूरी 900 किमी के करीब है और उसका अपना जमीनी रास्ता है। उत्पीड़न की तमाम समानताओं के बावजूद बांग्लादेश और बलूचिस्तान में रणनीतिक और भौगोलिक अन्तर है। बांग्लादेश के आजाद होते ही सोवियत रूस, भारत, अमेरिका व संयुक्त राष्ट्र ने तत्काल उसे मान्यता दे दी थी लेकिन बलूचिस्तान आजाद हो भी जाता है तो उसके प्रति अन्तरराष्ट्रीय समुदाय का रवैया शायद ऐसा न हो। फिर भी पाकिस्तान को यह याद रखना होगा कि वह लम्बे समय तक इस क्षेत्र की उपेक्षा और दोहन नहीं कर सकता क्योंकि उसके पड़ोस अफगानिस्तान और ईरान में भी राजनीतिक और रणनीतिक परिस्थितियां बदल चुकी हैं और ये दोनों देश बलूचिस्तान को वही मदद करने में सक्षम हैं जो कभी भारत ने पूर्वी पाकिस्तान को दी थी। राजनीति भी आखिर विकट संभावनाओं का ही खेल है!

# चार टुकड़ों में बंट सकता है पाकिस्तान



**बिखराव**
डॉ. चन्द्र त्रिखा
वरिष्ठ पत्रकार व साहित्यकार

क्या यह मान लिया जाए कि देर-सवेर पाकिस्तान भी चार भागों में विभाजित हो जाएगा? बलूचिस्तान में यात्री-रेल का अपहरण इसी आशंका की ओर संकेत करता है। आशंका यह भी व्यक्त की जा सकती है कि एक दशक के बाद पाकिस्तान सिर्फ पाक-पंजाब तक ही सीमित रह जाएगा।

बलूचिस्तान में बदलाव की आग का किस्सा बहुत पुराना है। यह आग दरअसल 1947-48 में ही सुलगनी आरंभ हो गई थी, जब वहां के शासकों ने भारत में विलय का एक प्रस्ताव भारत सरकार को वर्ष 1948 में भेज दिया था। मगर हमारे तत्कालीन प्रधानमंत्री ने इसे स्वीकार नहीं किया था। इस तथ्य का खुलासा वीपी मेनन की नवीनतम कृति में विस्तार से दर्ज है। उधर, बहावलपुर-मुल्तान में भी अलगाववाद की आग सुलगने लगी है। वहां 'सरायकिस्तान' को तत्काल अलग प्रांत का दर्जा देने की मांग पिछले कुछ वर्षों से जारी है। खैबर-पख्तूनवा प्रांत पहले ही अलगाव के तेवर दिखा रहा है। वहां के अनेक संगठन पख्तूनिस्तान की मांग उठा चुके हैं। सिंध कुछ हद तक नियंत्रण में हैं मगर वहां भी 'जीए-सिंध' आंदोलन अभी भी सुलग रहा है।

## सीमाएं लांघ चुका आक्रोश


बलूचिस्तान में व्यापक आक्रोश अपनी सीमाएं लांघ चुका है। वहां स्कूली स्तर पर बच्चों में भी गुस्सा उबल रहा है। वैसे भी पाकिस्तान की सरकार बलूचिस्तान से बलूचों को खदेड़ने के लिए बार-बार सैन्य कार्रवाई करती रही है। इस कार्रवाई की दो बड़ी वजह हैं। पहली- बलूचिस्तान की भौगोलिक स्थिति, जो इसे दुनिया के कुछ सबसे अमीर स्थानों में खड़ा कर देती है। दरअसल, यह इलाका पाक के दक्षिण-पश्चिम में है जिसके क्षेत्रफल में ईरान और अफगानिस्तान की भी जमीनें शामिल हैं। यह 347190 वर्ग किमी में फैला हुआ है।

## पाक का सबसे बड़ा प्रांत बलूच

इस हिसाब से यह पाक का सबसे बड़ा प्रांत है। देश का 44 फीसदी भूभाग यहीं है जबकि इतने बड़े क्षेत्र में पाक की कुल आबादी के सिर्फ (3.6) फीसदी यानी 1.49 करोड़ लोग ही रहते हैं। दूसरी वजह यह है कि इसी जमीन के नीचे मौजूद तांबा, सोना, कोयला, यूरेनियम और अन्य खनिजों का अकूत भंडार है। इसी आधार पर यह पाक का सबसे अमीर राज्य भी है। यहां की 'रेको दिक ' खान दुनिया की सोने और तांबे की बड़ी खदानों में से एक है। यह चगाई जिले में है, जहां 590 करोड़ टन खनिज होने का अनुमान है। इसके प्रति टन भंडार में 0.22 ग्राम सोना और 0.41 फीसदी तांबा है। इस हिसाब से इस खान में 40 करोड़ टन सोना छिपा है जिसकी अनुमानित कीमत 174.42 लाख करोड़ रुपये तक हो सकती है।

## खनिज भंडारों के बावजूद गरीबी

इसके बावजूद यह इलाका पाकिस्तान के सबसे पिछड़े इलाकों में से एक है। पाकिस्तान ये बेशकीमती खदानें चीन को देकर अपनी किस्मत चमकाना चाहता है। उस पर 124.5 अरब डॉलर का विदेशी कर्ज है जो उसकी जीडीपी का 42



फीसदी है। इस एक रेल-अपहरण से ढेरों अन्य तथ्य भी उजागर हुए हैं। एक तथ्य यह भी है कि समृद्ध खनिज भंडारों के बावजूद बलूचिस्तान में गरीबी अपने चरम पर है। कुछेक दूरदराज़ क्षेत्रों में तो बच्चों, बूढ़ों और औरतों को चुराकर ले जाने और उनके अंगों का (किडनी-लिवर-आंख आदि) महंगे दामों पर अरब देशों व कुछ पाक-पंजाब के अस्पतालों में बेचे जाने की खबरें भी आई हैं। वहां की जवान औरतों के अपहरण और कुछ गांवों में सामूहिक बलात्कार व सामूहिक नरसंहार के किस्से भी चर्चा में रहे हैं। बलूचिस्तान में गरीबी व बदहाली के चलते मानव जीवन संकट में है। बीएलए (बलूच लिबरेशन आर्मी) सरीखे संगठन अब इस बात पर आमादा हैं कि वे एक 'स्वतंत्र बलूचिस्तान' लेकर रहेंगे। यहां का प्राचीन इतिहास यहां पर अतीत में हिन्दू साम्राज्य की गवाही भी देता है।

## अलग सरायकिस्तान की मांग

इतना तय है कि बलूच जाति का अतीत इस्लाम से सदियों पहले भी अस्तित्व में था। इनका अपना लिखित इतिहास भी है और साहित्य भी। कमोबेश इसी तर्ज पर अलग सरायकिस्तान प्रांत की मांग भी ज़ोरों पर है। यह मांग भाषा, बोली, संस्कृति, खानपान व पहरावे को लेकर है। पाकिस्तान में इस का प्रभाव क्षेत्र मुल्तान, बहावलपुर व सिंध प्रांत और कुछ पाक-पंजाब का क्षेत्र शामिल है। बाबा फरीद, बाबा बुल्लेशाह, अब्दुल लतीफ मिताई, सचल अलमस्त, 'गुलाम रसूल ' आदि अनेक संत फकीर व अदीब इसी बोली के लोक आधार स्तम्भ हैं।

## बोली आधारित प्रांत की मांग

भारतीय क्षेत्रों में जिनमें बीकानेर, जैसलमेर, श्रीगंगानगर, राजपुरा, पटियाला, सोनीपत, पानीपत, हांसी, रोहतक, कुरुक्षेत्र व कैथल आदि शामिल हैं। कुल मिलाकर लगभग डेढ़ से दो करोड़ लोग इसी भाषा का प्रयोग करते हैं। पाकिस्तान में बहावलपुर, मुल्तान व कुछ सिंधी क्षेत्रों में इस बोली, इस भाषा पर आधारित प्रांत की मांग ज़ोरों पर है। पख़्तूनख़्वा प्रदेश में भी अलग देश की मांग प्रबलता से उठाई जा रही है। भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में भी पख्तूनों की सक्रियता का एक विशिष्ट इतिहास है।

सीमांत गांधी अब्दुल खां को हमने भारत-रत्न का सम्मान भी दिया था। इस क्षेत्र का इतिहास भी ईसा से दो सदी पूर्व का है। इस प्रांत की बोली पश्तो है और इनका भी अपना संगीत, अपना साहित्य व अपनी अलग संस्कृति रही है। पाकिस्तान में इन पख्तूनों की आबादी दो करोड़ से भी ज्यादा है।

## पाक-पंजाब से है शिकायत

इन तीनों क्षेत्रों की मुख्य शिकायत पाक-पंजाब से है। लगभग 55 प्रतिशत संसाधनों, सेना, राजनीति, न्यायपालिका व उद्योग धंधों पर पाक-पंजाब का कब्ज़ा है। सत्ता के सभी सूत्र पाक-पंजाब के हाथों में हैं। शेष तीनों भागों को सिर्फ शोषण व दमन से बांधा जाता रहा है। विद्रोह, विरोध व अलगाव की अवधारणा, बलूचिस्तान व पख्तूनिस्तान में गहरी जड़ें जमा चुकी हैं। इन्हें लम्बी अवधि तक बंधक बनाए रखना पाक-पंजाब के बस में नहीं है।

सारा प्रकरण भारत के लिए भी दुखद है। एक कमज़ोर, कटा फटा, बगावती तेवर वाला पड़ोसी भी कम खतरनाक नहीं होता। दुखद यह भी है कि हमारे अनेक पीर फकीर भी इसी पाक-पंजाब से रहे हैं। यह बाबा नानक की भी धरती रही है और बाबा फरीद, बुल्लेशाह, फैज़, मंटो, उस्ताद दामन की धरती भी रही है। मगर यह ज़िया उल हक, अयूब खां की भी धरती है जिन्हें इस शेअर में बयान कर सकते हैं-

*तुमने खेतों में इन्सानों के सर बोए थे,*
*अब ज़मीं खून उगलती है तो हैरत क्यों है।*

# कर्नाटक में मुस्लिम ठेकेदारों को सरकारी ठेकों में 4 फीसदी आरक्षण

**मुस्लिमों को दिए ये फायदे**

- इमामों को छह हजार रुपये मासिक भत्ता
- लोक निर्माण ठेकों में चार फीसदी आरक्षण
- मुस्लिमों को विवाह के लिए 50 हजार रुपये की वित्तीय सहायता
- वक्फ संपत्तियों और कब्रिस्तानों के विकास के लिए 150 करोड़
- उर्दू स्कूलों के लिए 100 करोड़ रुपये
- मुस्लिम कल्चरल कार्यक्रम के लिए 50 लाख रुपये सहायता
- मुस्लिम बहुल इलाकों में आईटीआई कॉलेज

*ट्रांसपेरेंसी इन पब्लिक प्रोक्योर्मेंट (केटीपीपी) एक्ट में बदलाव का बिल विधानसभा के इसी बजट सेशन में लाया जाएगा। विधानसभा से पारित होने के बाद कर्नाटक के सरकारी टेंडर में मुस्लिमों को चार प्रतिशत आरक्षण देने का रास्ता साफ हो जाएगा।*

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कर्नाटक की कांग्रेस सरकार मुस्लिम कॉन्ट्रैक्टर्स को सरकारी टेंडर में 4 प्रतिशत आरक्षण देगी। सूत्रों के मुताबिक मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कैबिनेट मीटिंग में कर्नाटक ट्रांसपेरेंसी इन पब्लिक प्रोक्योर्मेंट (केटीपीपी) एक्ट में बदलाव का प्रस्ताव रखा, जिसे मंजूर कर लिया गया है। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक ट्रांसपेरेंसी इन पब्लिक प्रोक्योर्मेंट (केटीपीपी) एक्ट में बदलाव का बिल विधानसभा के इसी बजट सेशन में लाया जाएगा। विधानसभा से पारित होने के बाद कर्नाटक के सरकारी टेंडर में मुस्लिमों को 4 प्रतिशत आरक्षण देने का रास्ता साफ हो जाएगा।



» मुस्लिम स्टूडेंट्स के लिए फीस में 50 फीसदी छूट

» उलाल शहर में लड़कियों के लिए रेजिडेंसियल पीयू कॉलेज

» बेंगलुरु शहर में हज भवन का विस्तार करने की घोषणा की

### 1. 1 करोड़ रुपये तक के टेंडर पर आरक्षण

सात मार्च को बजट पेश करते हुए मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने कहा था कि सरकारी विभाग के टेंडर में कैटेगरी-2बी मुस्लिमों के लिए आरक्षित की जाएगी। इसका एकमात्र उद्देश्य राज्य के मुस्लिमों को आर्थिक रूप से मजबूत करना है। सीएम ने कहा कि कर्नाटक सरकार मुस्लिमों के अलावा एससी-एसटी को भी कैटेगरी 1,2 ए और 2 बी में आरक्षण का लाभ देगी।

### एक्सपर्ट कमेटी बनाने का लिया निर्णय

राज्य सरकार ने कर्नाटक लोक सेवा आयोग (केपीएससी) में सुधार के लिए एक एक्सपर्ट कमेटी बनाने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही केपीएससी सदस्यों की नियुक्ति के लिए एक सर्च कमेटी बनाने पर भी सहमति बनी है। सरकार के इस कदम का उद्देश्य भर्ती प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और निष्पक्ष बनाना है।

कैबिनेट मीटिंग में कर्नाटक ग्राम स्वराज और पंचायत राज संशोधन विधेयक को भी मंजूरी दी गई। इस संशोधन से ग्रामीण विकास और प्रशासन को मजबूती मिलेगी, जिससे स्थानीय निकायों की कार्यक्षमता बढ़ेगी। बैठक में हेब्बल स्थित कृषि विभाग की 4.24 एकड़ जमीन को इंटरनेशनल फ्लॉवर ऑक्शन बेंगलुरु को दो साल के लिए किराया मुक्त देने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई। इसके अलावा बेंगलुरु बायोइनोवेशन सेंटर में आग लगने की घटना के बाद वहां उपकरणों के पुनर्निर्माण के लिए 96.77 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता को भी मंजूरी दी गई।

### बजट के दौरान की थी घोषणा

- कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने 7 मार्च को विधानसभा में बजट पेश किया था।
- इस दौरान सरकार ने लोक निर्माण विभाग में 4% ठेकेदारी मुस्लिम समुदाय के लिए रिजर्व करने की घोषणा की थी।
- साथ ही बजट में मस्जिद के इमाम को 6 हजार रुपए मासिक भत्ता, वक्फ संपत्तियों की सुरक्षा के लिए 150 करोड़ रुपए, उर्दू स्कूलों के लिए 100 करोड़ रुपये और अल्पसंख्यक कल्याण के लिए 1 हजार करोड़ रुपये दिए गए हैं।
- भाजपा आईटी सेल चीफ अमित मालवीय ने एक्स पोस्ट में लिखा- धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जा सकता। भारत में कांग्रेस की यह साजिश सफल नहीं होगी।
- उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के बयान का जिक्र करते हुए कहा कि सिद्धारमैया सरकार उसी नीति पर काम कर रही है। इस बजट के जरिए एससी, एसटी और ओबीसी को कमजोर किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### आरक्षण प्रणाली की समीक्षा कर रही समिति



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर की मौजूदा आरक्षण नीति के खिलाफ शिकायतों पर गौर करने के लिए पिछले साल गठित मंत्रिमंडल उप-समिति छह महीने में अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शनिवार को यह जानकारी दी। यह निर्णय अब्दुल्ला द्वारा ''नौकरी के इच्छुक लोगों के एक चिंतित समूह'' से मुलाकात के बाद लिया गया।

### विकसित भारत में आधी आबादी की भूमिका : शर्मा



**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को कहा कि सशक्त और विकसित देश-प्रदेश बनाने में महिलाओं की अहम भूमिका है और आधी आबादी की भागीदारी के बिना विकास की यात्रा अधूरी है। शर्मा यहां जवाहर कला केंद्र में 'शक्ति वंदन-भारत के स्व का अभिनंदन' महोत्सव के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

### असम के सीएम पुलिस का 'दुरुपयोग' कर रहे : गौरव



**गुवाहाटी।** कांग्रेस की असम इकाई के प्रवक्ता रीतम सिंह की शनिवार को सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर हुई गिरफ्तारी के बाद पार्टी नेता गौरव गोगोई ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा राज्य पुलिस बल का 'दुरुपयोग' कर रहे हैं। उन्होंने असम के दौरे पर आए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से पूछा कि क्या उन्हें ऐसी गतिविधियों के बारे में पता है।

### ठुमका नहीं लगाओगे तो सस्पेंड कर दिए जाओगे



**पटना।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सुप्रीमो लालू प्रसाद के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव शनिवार को उस समय एक नये विवाद में घिर गए, जब उन्होंने एक पुलिसकर्मी को आदेश दिया कि अगर उसने ठुमका नहीं लगाया, तो उसे निलंबन का सामना करना पड़ेगा।

### बिहार-झारखंड और पंजाब में दो गुटों में पथराव, वाहनों को भी तोड़ा

# होली-जुमा पर चार राज्यों में भड़की हिंसा एएसआई की मौत, बीरभूम में इंटरनेट बंद

*बिहार के मुंगेर में दो पक्षों के बीच विवाद सुलझाने गए एएसआई संतोष कुमार पर गांव वालों ने हमला कर दिया। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई है। उनके ब्रेन में 7-8 जगहों पर शार्प इंजरी थी। किसी धारदार हथियार से मारा गया था। इससे पहले अररिया में भी ग्रामीणों के हमले में एक एएसआई की मौत हो गई थी।*

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

होली और जुमा पर 4 राज्यों में हिंसक घटनाएं हुईं। बिहार के मुंगेर में ग्रामीणों के हमले में एक एएसआई की मौत हो गई। पटना में दो गुटों में होलिका दहन का विवाद होली के दिन पथराव तक पहुंच गया। पुलिस की गाड़ी के शीशे तोड़ दिए गए। यहां फायरिंग की भी खबर है। झारखंड के गिरिडीह में होली के दिन दो गुटों में पथराव के बाद उपद्रवियों ने दुकानों और बाइक में आग लगा दी। विवाद किस बात को लेकर था, यह साफ नहीं हो पाया है। पुलिस इसकी जांच कर रही है। पंजाब के लुधियाना में दो समुदायों के बीच ईंट-पत्थर और बोतलें चलीं। झड़प में 11 लोग घायल हुए हैं। विशेष समुदाय के लोगों का कहना है कि नमाज अदा करते वक्त पथराव किया गया। वहीं दूसरे पक्ष का कहना है कि पहले मस्जिद की तरफ ईंट फेंकी गई। कई वाहनों में भी तोड़फोड़ हुई है। पश्चिम बंगाल में भी हिंसा हुई है। भाजपा ने नंदीग्राम में मूर्ति तोड़ने का आरोप लगाया है। भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने भी तस्वीरें पोस्ट की हैं।

### उपद्रवियों ने दुकानों और बाइकों में आग लगा दी

- इस साल होली और जुमा दोनों शुक्रवार को एक साथ पड़े
- बंगाल में भाजपा ने नंदीग्राम में मूर्ति तोड़ने का आरोप लगाया
- नमाज अदा कर रहे लोगों पर पथराव करने का आरोप लगाया



### होलिका दहन पर झड़प

पटना के एनटीपीसी थाना क्षेत्र के सहनौरा गांव में होलिका दहन को लेकर दो पक्षों में झड़प हो गई। एक पक्ष के ग्रामीण ने सड़क पर होलिका दहन किया, जिसका दूसरे पक्ष ने विरोध किया। रात से ही दोनों पक्षों में तनाव की स्थिति बनी हुई थी। शनिवार को स्थिति बिगड़ गई और दोनों पक्षों में जमकर पत्थरबाजी हुई। मौके पर पहुंची पुलिस टीम को भी आक्रोशित लोगों ने खदेड़ दिया। पुलिस की गाड़ी पर भी पत्थर फेंके गए। स्थानीय सरपंच कन्हैया कुमार के अनुसार, कुछ शराबी असामाजिक तत्वों ने यह घटना को अंजाम दिया। उन्होंने बताया कि इस घटना में फायरिंग भी हुई। दोनों पक्षों से दर्जनों लोग घायल हुए हैं और कई गाड़ियों के शीशे टूट गए।

### झारखंड : दो पक्षों में पत्थरबाजी

झारखंड के गिरिडीह जिले के घोड़थम्भा में बीती रात दो पक्ष आपस में भिड़ गए। होली के मौके पर हुए इस टकराव के दौरान दो पक्षों के बीच जमकर पत्थरबाजी हुई। इस दौरान न केवल पथराव हुए बल्कि कई दुकानों में आग भी लगा दी गई। दुकानों में आग लगाने के साथ-साथ एक बाइक को भी आग के हवाले कर दिया गया है। दो पक्ष के लोग आप में क्यों भिड़े, इसका पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। हालांकि अभी स्थिति नियंत्रित है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए उपद्रवियों को खदेड़ना शुरू किया। दुकानों और वाहनों में लगी आग को बुझाने के लिए दमकल की टीम को बुलाया गया। देर रात स्थिति सामान्य हो सकी। इसके बाद पूरे इलाके में पुलिस बल तैनात कर दिया गया।



### पंजाब : दोनों पक्षों में ईंट पत्थर और बोतलें चली

पंजाब के लुधियाना की मियां मार्केट में होली और जुमे के दिन 2 पक्ष भिड़ गए। दोनों पक्षों में ईंट-पत्थर और बोतलें चली। झड़प में दोनों पक्षों के 11 लोग घायल हुए हैं। घटनास्थल पर पुलिस के सीनियर अधिकारी पहुंचे गए हैं। सीआईए समेत कई थानों की पुलिस घटना स्थल पर मौजूद है। विशेष समुदाय के लोगों का कहना है कि नमाज अदा करते वक्त कुछ शरारती लोगों ने पथराव करना शुरू कर दिया। इस दौरान कई वाहनों में भी तोड़फोड़ की गई है। वहीं दूसरे पक्ष का कहना है कि मस्जिद की तरफ पहले ईंट फेंकी गई। इसमें पथराव और मस्जिद की खिड़कियों के शीशे टूटने के वीडियो भी सामने आए हैं। मामला शाम साढ़े 4 बजे का है।

### सात दिनों तक जेल का खाना खाया

# कांग्रेस सरकार में मुझे असम में पीटा गया : अमित शाह



एजेंसी ⏭ जोरहाट

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को असम के जोरहाट में कहा- 2016 में भाजपा सरकार बनने से पहले कांग्रेस ने असम को दंगों की आग में झोंक रखा था। मुझे भी असम में कांग्रेस सरकार ने पीटा था। हितेश्वर सैकिया असम के मुख्यमंत्री थे और हम पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के खिलाफ नारे लगाते थे। मैंने भी असम में सात दिनों तक जेल का खाना खाया और पूरे देश से लोग असम को बचाने आए। आज असम विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। शाह ने जोरहाट में पुनर्निर्मित पुलिस अकादमी के पहले चरण का उद्घाटन किया और दूसरे चरण की नींव रखी। शाह ने कहा- लाचित बरफुकन पुलिस अकादमी आने वाले पांच सालों में देशभर में सर्वश्रेष्ठ पुलिस अकादमी बन जाएगी। मैं असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सरमा को आहोम साम्राज्य के सेनापति लाचित बरफुकन के नाम पर इस अकादमी का नाम रखने के लिए धन्यवाद देता हूं। बहादुर योद्धा लाचित बरफुकन ने मुगलों के खिलाफ असम को विजयी होने में मदद की थी।

### पुनर्निर्मित पुलिस अकादमी का किया उद्घाटन

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पूर्वोत्तर के तीन दिवसीय दौरे पर हैं। गृह मंत्री ने अपने एक्स हैंडल पर पोस्ट में लिखा कि वह पूर्वोत्तर राज्यों में तीन नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन की समीक्षा करेंगे और ऑल बोडो स्टूडेंट्स यूनियन के 57वें वार्षिक सम्मेलन में बोडोलैंड प्रादेशिक क्षेत्र में अपने युवा मित्रों से भी मिलेंगे। शाह ने कहा- मैं सभी कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए उत्सुक हूं। शाह ने अत्याधुनिक पुलिस अकादमी का उद्घाटन किया। अधिकारियों ने बताया कि 340 एकड़ में फैली लाचित बरफुकन पुलिस अकादमी का दो चरणों में 1,024 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से नवीनीकरण किया जा रहा है।

### दौरे के चलते सुरक्षा व्यवस्था कड़ी

मिजोरम के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अनिल शुक्ला ने शुक्रवार को बताया कि गृह मंत्री शाह के दौरे से पहले राज्य में सुरक्षा-व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। सुरक्षा बलों को गृह मंत्री के दौरे के दौरान सतर्क रहने के लिए कहा गया है। राज्य पुलिस के अलावा, प्रमुख मार्गों और स्थानों पर कड़ी निगरानी रखने के लिए सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) से अतिरिक्त बल भी बुलाए गए हैं।

### बच्चों के पढ़ाई में बुरे प्रदर्शन से नाराज था पिता

# आंध्र प्रदेश में पिता ने दो बच्चों की हत्या की, खुद भी पंखे से लटका

मौके से सुसाइड नोट भी बरामद

### पानी से भरी बाल्टी में डुबोकर मार डाला

एजेंसी ⏭ अमरावती

आंध्र प्रदेश में एक पिता ने शुक्रवार सुबह अपने दो नाबालिग बच्चों की पानी से भरी बाल्टी में डुबोकर हत्या की। इसके बाद उसने खुद पंखे में लटककर आत्महत्या कर ली। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि वह अपने बच्चों के पढ़ाई में बुरे प्रदर्शन से नाराज था। घटना के समय व्यक्ति की पत्नी घर में मौजूद नहीं थी। वे जब घर पहुंची तो उसने पति का शव बैडरूम के पंखे पर लटका देखा। वहीं, दोनों बच्चों के शव बाल्टी के पास पड़े हुए थे। इसकी सूचना उसने तत्काल ही पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल से एक सुसाइड नोट बरामद किया गया है।



### चिंतित था

घटनास्थल पर फोरेंसिक टीमों को तैनात किया गया है। जो घटना स्थल की जांच में जुट गई हैं। आंध्र प्रदेश पुलिस के मुताबिक, 37 वर्षीय वी चंद्र किशोर काकीनाडा में तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम में कर्मचारी है। उसके बच्चों का पढ़ाई में प्रदर्शन खराब हो रहा था। इस वजह से वो घबरा रखा था। उसे डर था कि अगर वे अपनी पढ़ाई में बेहतर प्रदर्शन नहीं करेंगे तो उन्हें प्रतिस्पर्धी दुनिया में संघर्ष करना पड़ेगा और कष्ट उठाना पड़ेगा।

# गोल्ड स्मगलिंग केस : रान्या का आरोप, कस्टडी में भूखा रखा, थप्पड़ मारे, कोरे कागज पर साइन कराए

## विभाग ने डीजीपी पिता रामचंद्र राव को कंपल्सरी लीव पर भेजा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कर्नाटक गोल्ड स्मगलिंग केस में गिरफ्तार कन्नड़ एक्ट्रेस रान्या राव ने राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) के अधिकारियों पर मारपीट करने और भूखा रखने का आरोप लगाया। रान्या ने डीआरआई के अतिरिक्त महानिदेशक को लेटर लिखकर खुद को निर्दोष बताते हुए कहा कि उसे झूठे मामले में फंसाया गया है। रान्या ने लिखा- डीआरआई अफसर मुझ पर खाली पेजों पर दस्तखत करने का दबाव बना रहे थे। मना करने पर मुझे 10-15 बार थप्पड़ भी मारे गए। मुझ पर बहुत दबाव बनाया गया, इसके बाद 50-60 टाइप किए गए पेज और 40 खाली पेजों पर साइन कराया गया। इधर, रान्या का पिता डीजीपी पिता (सौतेले) रामचंद्र राव को विभाग ने शनिवार को कंपल्सरी लीव पर भेज दिया। शाम में इसके जारी किए गए। आदेश में लीव पर भेजे जाने का खास कारण नहीं बताया गया। दरअसल, रान्या को 3 मार्च को बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर दुबई से लौटते वक्त 14 किलो सोने के साथ डीआरआई ने गिरफ्तार किया गया था। रान्या 14 दिन की न्यायिक हिरासत में है। रान्या ने दावा किया है कि उसे इस मामले में फंसाया गया है। उसके पास से कोई सोना बरामद नहीं हुआ। रान्या ने दावा किया है कि दिल्ली के कुछ लोगों ने मुझसे कहा कि वे अधिकारी हैं। उन लोगों ने इस मामले के दोषियों को बचाने के लिए मुझे फंसाया है। 10 मार्च को कोर्ट में सुनवाई के दौरान भी रान्या रो पड़ी थीं।



### अभी भी 7 मजदूर सुरंग के अंदर फंसे

# तेलंगाना टनल हादसा, सर्च ऑपरेशन के लिए हाइड्रोलिक रोबोट किए तैनात

एजेंसी ⏭ हैदराबाद

तेलंगाना के एसएलबीसी टनल हादसे में फंसे सात मजदूरों की तलाश के लिए ऑटोमैटिक हाइड्रोलिक-एबल रोबोट को तैनात किया गया है। यह रोबोट एक विशेष तकनीकी से लैस है, जो सर्च ऑपरेशन की रफ्तार बढ़ाने में मदद करेगा। अधिकारियों के मुताबिक, इस रोबोट के साथ 30 एचपी क्षमता वाला लिक्विड रिंग वैक्यूम पंप और वैक्यूम टैंक मशीन तैनात की गई है, जिससे मिट्टी हटाने का काम तेजी से हो सकेगा। मैन्युअल खुदाई की बजाय, यह रोबोट ऑटोमैटिक तरीके से मलबा हटाने में सक्षम है।

5 साल पहले चेतावनी दी थी, कोई एक्शन नहीं लिया गया



### 9 मार्च को एक शव बरामद हुआ था

इस हादसे में टनल बोरिंग मशीन ऑपरेटर गुरप्रीत सिंह का शव 9 मार्च को बरामद हुआ था, जिसे पंजाब में उनके परिवार को सौंप दिया गया। अभी भी फंसे हुए सात मजदूरों में मनोज कुमार (उत्तर प्रदेश), सनी सिंह (जम्मू-कश्मीर), गुरप्रीत सिंह (पंजाब), संदीप साहू, जेटा एक्सेस और अनुज साहू (झारखंड) शामिल हैं।

### भाजपा ने घेरा, कहा-ये राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए चिंता का विषय

# भाजपा ने पूछा- राहुल बार-बार वियतनाम क्यों जा रहे, वे नेता प्रतिपक्ष, दौरों की जानकारी क्यों नहीं देते

रविशंकर प्रसाद ने कहा- राहुल गांधी कहां हैं?

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

राहुल गांधी विदेश यात्राओं पर एक बार फिर भाजपा ने सवाल उठाया है। भाजपा नेता और सांसद रविशंकर प्रसाद ने शनिवार को कहा- राहुल गांधी कहां हैं? मैंने सुना है कि वे वियतनाम गए हैं। वे नए साल के दौरान भी दक्षिण-पूर्व एशियाई देश वियतनाम में थे। वहां 22 दिन रुके, इतना तो वे अपने निर्वाचन क्षेत्र (रायबरेली) में नहीं बिताते। प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रसाद ने कहा, 'राहुल लगातार वियतनाम और दूसरे देशों की यात्रा कर कर रहे हैं। वियतनाम के प्रति उनके इतने प्रेम का कारण अचानक क्या है? राहुल गांधी विपक्ष के नेता हैं, उन्हें भारत में उपलब्ध रहना चाहिए। भाजपा आईटी सेल चीफ अमित मालवीय ने कहा, 'विपक्ष के नेता के रूप में राहुल गांधी एक महत्वपूर्ण पद पर हैं। और उनकी कई गुप्त विदेश यात्राएं खासकर जब संसद सत्र चल रहा हो, औचित्य और राष्ट्रीय सुरक्षा के बारे में गंभीर सवाल उठाती हैं।'

### मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार के तुरंत बाद वियतनाम गए थे राहुल



### यह सवाल भी उठाया

दरअसल, 26 दिसंबर 2024 को पूर्व प्रधानमंत्री और कांग्रेस नेता मनमोहन सिंह का निधन हुआ था। सिंह के अंतिम संस्कार के तुरंत बाद राहुल गांधी वियतनाम यात्रा पर निकल गए थे। अमित मालवीय ने तब कहा था- जब पूरा देश सिंह के निधन पर शोक मना रहा था, तब गांधी नए साल का जश्न मनाने के लिए वियतनाम गए थे।

**दक्षिण पूर्वी एशियाई देश के प्रति 'असाधारण लगाव**

भाजपा ने दावा किया कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी अपने संसदीय क्षेत्र की तुलना में वियतनाम में अधिक समय बिता रहे हैं और उन्हें दक्षिण पूर्वी एशियाई इस देश के प्रति 'असाधारण लगाव' के बारे में स्पष्टीकरण देना चाहिए। भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने राहुल को घेरा।

### नए साल पर भी गए थे

प्रसाद ने कहा कि गांधी नए साल के दौरान भी दक्षिण-पूर्वी एशियाई देश में थे और उन्होंने वहां करीब 22 दिन बिताए थे। भाजपा नेता ने सवाल किया, ''वह अपने निर्वाचन क्षेत्र में ज्यादा दिन नहीं बिताते। अचानक वियतनाम के प्रति उनके इतने प्रेम का क्या कारण है?'' उन्होंने कहा कि गांधी नेता प्रतिपक्ष हैं और उन्हें भारत में उपलब्ध रहना चाहिए। प्रसाद ने कहा, ''राहुल गांधी को वियतनाम के प्रति अपने असाधारण लगाव के बारे में बताना चाहिए। उस देश की उनकी बार-बार यात्रा बहुत ही आश्चर्यजनक है।'' भाजपा लंबे समय से गांधी की विदेश यात्राएं को निशाना बना रही है।



# जल्द पूरे कर लें टैक्स से जुड़े कुछ जरूरी काम वरना लगेगा जुर्माना

**सुझाव** | **बिजनेस डेस्क**

मार्च का महीना समाप्त होने वाला है और इसके साथ ही वित्तीय वर्ष 2024-25 (वित्त वर्ष 25) भी अपने अंतिम चरण में है। इस महीने के खत्म होते ही कई टैक्स से जुड़ी अहम समय-सीमाएं भी पूरी हो जाएंगी, जिनमें टीडीएस भुगतान, आईटीआर फाइलिंग और अन्य टैक्स दायित्व शामिल हैं। ऐसे में किसी भी तकनीकी गड़बड़ी या पेनल्टी से बचने के लिए समय पर सभी टैक्स संबंधित कार्य पूरे कर लेना बेहद जरूरी है। टैक्सपेयर्स के लिए जरूरी है कि वे महत्वपूर्ण टैक्स डेडलाइंस पर नज़र रखें, जिससे सभी दायित्वों को सही समय पर पूरा किया जा सके और अंतिम समय की परेशानी से बचा जा सके। मार्च में कई अहम टैक्स डेडलाइंस हैं, जिन पर ध्यान देना जरूरी है। मार्च 2025 में कई अहम टैक्स डेडलाइन्स आ रही हैं, जिनका पालन करना जरूरी है। समय पर टैक्स भरने से पेनल्टी और अन्य दिक्कतों से बचा जा सकता है। इस रिपोर्ट में जानते हैं इस महीने की प्रमुख टैक्स समय-सीमाएं।

### 15 मार्च: एडवांस टैक्स और फॉर्म 24 जी

असेसमेंट ईयर 2025-26 के लिए एडवांस टैक्स की चौथी और आखिरी किस्त भरने की अंतिम तारीख 15 मार्च है। जो टैक्सपेयर्स प्रेजम्पटिव टैक्सेशन स्कीम (सेक्शन 44एडी/44एडीए) के तहत आते हैं, उन्हें पूरे साल का एडवांस टैक्स 15 मार्च तक भरना होगा। सरकारी दफ्तरों को, जिन्होंने फरवरी में बिना चालान के टीडीएस/टीसीएस काटा है, उन्हें इस दिन तक फॉर्म 24जी जमा करना होगा।

### 17 मार्च: टीडीएस सर्टिफिकेट

सेक्शन 194-आईए, 194-आईबी और 194एस के तहत जनवरी 2025 में काटे गए टीडीएस का सर्टिफिकेट जारी करने की आखिरी तारीख 17 मार्च है।

### 30 मार्च: चालान-कम-स्टेटमेंट

फरवरी 2025 के लिए सेक्शन 194-आईए, 194-आईबी, 194एम और 194एस के तहत काटे गए टैक्स की रिपोर्टिंग चालान-कम-स्टेटमेंट के जरिए करनी होगी। इसकी अंतिम तारीख 30 मार्च है।

### 31 मार्च: फॉर्म 3सीईएडी, फॉर्म 67 और अपडेटेड आईटीआर

-फॉर्म 3सीईएडी : मल्टीनेशनल कंपनियों को फाइनेंशियल ईयर 2023-24 के लिए कंट्री बाई कंट्री फाइल करनी होगी। यह रिपोर्ट पैरेंट एंटिटी या भारत में किसी अल्टरनेटिव रिपोर्टिंग एंटिटी द्वारा सबमिट की जा सकती है। अगर पैरेंट एंटिटी सेक्शन 286(2) के तहत छूट प्राप्त है या किसी ऐसे देश में स्थित है जहां भारत के साथ टैक्स जानकारी साझा करने का समझौता नहीं है, तो कंपनी की अन्य संबंधित एंटिटी यह रिपोर्ट फाइल कर सकती है।

#### फॉर्म 67

अगर किसी टैक्सपेयर ने 2022-23 के लिए फॉरिजन टैक्स क्रेडिट का दावा किया है, तो उन्हें यह फॉर्म 31 मार्च तक भरना होगा। यह उन लोगों के लिए जरूरी है, जिन्होंने सेक्शन 139(1) या 139(4) के तहत समय पर अपना इनकम टैक्स रिटर्न फाइल किया था।

#### अपडेटेड आईटीआर

असेसमेंट ईयर 2022-23 के लिए अपडेटेड इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करने की आखिरी तारीख भी 31 मार्च है।

*नोट : इन जरूरी तारीखों को ध्यान में रखते हुए टैक्सपेयर्स को सभी दस्तावेज समय पर फाइल कर लेने चाहिए, ताकि किसी भी तरह की पेनल्टी या लीगल कार्रवाई से बचा जा सके।*

## ऐसे करें निवेश, चक्रवृद्धि ब्याज का जादू दिखाएगा कमला, सात पुश्तें भी जिंदगीभर बैठकर खाएंगी



# एसडब्ल्यूपी निवेश का बेहतरीन फॉर्मूला, भविष्य होगा चकाचक

**निवेश मंत्रा**
बिजनेस डेस्क

- बिना काम किए जिंदगीभर एक निश्चित रकम आती रहेगी
- एक करोड़ के बन जाएंगे तीस करोड़, सभी खर्चें होंगे पूरे

*इसका सबसे अच्छा तरीका एसडब्ल्यूपी है। जैसे एसआईपी होता है, उसका उलट एसडब्ल्यूपी है। आपको एसडब्ल्यूपी के जरिए किसी म्यूचुअल फंड में एक करोड़ रुपये निवेश करने होंगे। फिर वहां से आप हर महीने अपने खर्चे लायक एक फिक्स रकम निकाल सकते हैं। इसके बाद भी ये एक करोड़ लगातार बढ़ते रहेंगे। धीरे-धीरे यह रकम इतनी बढ़ जाएगी कि सात पुश्तों तो क्या, इसके आगे की पीढ़ी भी घर बैठकर खाती रहेगी।*

अगर आपके पास बड़ी रकम है और चाहते हैं कि बिना काम किए जिंदगीभर एक निश्चित रकम आती रहे तो यह संभव है। इसके लिए आपको एक प्लान के तहत निवेश करना होगा। इससे आपका और आपके बच्चों तक का भविष्य सुरक्षित हो जाएगा। आपकी सात पुश्तें भी आराम से बैठकर खा सकती हैं। आपको इसके लिए लक्ष्य तय कर निवेश करना होगा। ऐसे निवेश के लिए सबसे बेहतर तरीका एसडब्ल्यूपी है। यह एसआई के विपरीत अच्छा मुनाफा देने में सक्षम है। इस योजना में आपको चक्रवृद्धि ब्याज का जादू देखने को मिलेगा और आप मालामाल हो जाएंगे और कमाने के लिए बाहर नही जाना पड़ेगा बिना कुछ किए ही एक निश्चित रकम आपको हर महीने मिलती रहेगी। ऐसा बिलकुल संभव है इसे संभव बनाता है म्यूचुअल फंड। इसमें बड़ी रकम निवेश करके न केवल आप बल्कि आपकी सात पुश्तें भी जिंदगीभर बैठकर खा सकती हैं। काफी लोग ऐसे हैं जिनके पास काफी पैसा है। वह उस पैसे को कई जगह निवेश करते हैं। काफी ऐसी स्कीम हैं, जिनमें एक फिक्स रिटर्न मिलता है। इनमें एफडी, एनपीएस शामिल हैं। हालांकि इनसे मिलने वाला रिटर्न काफी कम होता है। वहीं, अगर आपके पास एक करोड़ रुपये हैं तो इससे न केवल आप बल्कि आपकी सात पुश्तें भी जिंदगीभर बैठकर खा सकती हैं, लेकिन इसके लिए इस एक करोड़ रुपये को भी सही जगह निवेश करना होगा।




### कैसे काम करता है एसडब्ल्यूपी

*हर म्यूचुअल फंड सालाना कुछ न कुछ रिटर्न देता है। डेटा के मुताबिक सालाना रिटर्न 15 फीसदी या इससे ज्यादा तक मिलता है। जब आप एक करोड़ रुपये किसी म्यूचुअल फंड में निवेश करेंगे तो इस पर भी आपको रिटर्न मिलेगा। जानकारों के मुताबिक एसडब्ल्यूपी में सालाना रिटर्न 8 फीसदी से ज्यादा मानकर नहीं चलना चाहिए। हालांकि रिटर्न इससे ज्यादा मिल सकता है। ऐसे में न केवल आप हर महीने कुछ रकम निकाल सकेंगे, बल्कि आपकी रकम भी बढ़ती जाएगी।*

### हर महीने कितने रुपये मिलेंगे

एसडब्ल्यूपी के दौरान आपको इस बात का ध्यान रखना होगा कि वर्षों तक के लिए आप हर महीने बहुत ज्यादा रकम नहीं निकाल सकते। मान लें कि कोई म्यूचुअल फंड 8 फीसदी सालाना रिटर्न दे रहा है। इसमें एक करोड़ रुपये निवेश करके आप हर महीने 50 हजार रुपये जिंदगीभर निकाल सकते हैं। अगर आप 30 साल तक 50 हजार रुपये महीने निकालते हैं तब भी 30 साल बाद भी आपकी यह रकम बढ़कर 3 करोड़ रुपये से ज्यादा की बचेगी।

### कैसे कमाई करेंगी सात पुश्तें

चूंकि आपके पास अभी 3 करोड़ रुपये हैं। आप चाहें तो जिंदगीभर हर महीने 50 हजार या इससे ज्यादा की रकम और ले सकते हैं। मान लें कि आप ये 30 करोड़ रुपये अपने बच्चों के लिए छोड़ जाते हैं। 30 साल बाद महंगाई बढ़ेगी। साथ ही म्यूचुअल फंड का रिटर्न भी बढ़ने की उम्मीद रहेगी। अगर आपकी पीढ़ी उन 3 करोड़ रुपये को किसी ऐसे म्यूचुअल फंड में निवेश करती है जो 10 फीसदी सालाना का रिटर्न दे रहा हो। तो ऐसे में आपकी वह पीढ़ी 30 साल तक एक लाख रुपये महीने निकाल सकती है। इसके बाद भी ये 3 करोड़ रुपये बढ़कर 30 करोड़ रुपये से ज्यादा हो चुके होंगे। ऐसे ही अगली पीढ़ी भी इस रकम का इस्तेमाल कर सकेगी।

### चक्रवृद्धि ब्याज का चलता है जादू

एसडब्ल्यूपी में चक्रवृद्धि ब्याज का जादू चलता है। जानकार कहते हैं कि म्यूचुअल फंड में लॉन्ग टर्म निवेश करने पर ज्यादा फायदा मिलने की उम्मीद होती है। ऐसे में कुल रकम मूल रकम से कहीं ज्यादा हो जाती है। ऊपर के उदाहरणों में हमने बताया है कि किस प्रकार एक करोड़ रुपये की रकम 30 करोड़ रुपये हो गई, वह भी तब जब उसमें से हर महीने कभी 50 हजार तो कभी एक लाख रुपये निकलते रहे। म्यूचुअल फंड में निवेश करने से पहले किसी जानकार की सलाह जरूर लें।

# वॉरेन बफे की ये 5 बातें बच्चों को जरूर सिखाएं, पैसों की कभी नहीं होगी तंगी

**बच्चों को कारोबार शुरू करने में भी मिलेगी मदद, वित्तीय शिक्षा जल्दी शुरू करने के फायदों पर बफे का जोर**

**छोटी बचत से बढ़ती संपत्ति और स्मार्ट खर्च की आदतें विकसित करें**

**जानकारी** | **बिजनेस डेस्क**

*यह शो 26 एपिसोड तक चला। इसमें कुछ बच्चों की कहानी दिखाई गई जो पैसे के मामलों में बफे से सलाह लेते थे। साल 2013 में उन्होंने एक कार्यक्रम में कहा था कि बच्चों को पैसों के बारे में समझाना कभी भी जल्दी नहीं होता। चाहे वो नए खिलौने की कीमत समझना हो या पैसे बचाने का महत्व। यहां 5 ऐसी बातें दी गई हैं जिन्हें बफे ने अपने बच्चों को सिखाया था। आप भी अपने बच्चों को ये बातें सिखा सकते हैं।*

वॉरेन बफे दुनिया के अमीर लोगों में शुमार हैं। उन्होंने धैर्य, स्मार्ट निवेश और आर्थिक अनुशासन के सिद्धांतों पर अपना भाग्य बनाया है। बफे सिर्फ अपने बिजनेस में ही कामयाब नहीं हैं, बल्कि बच्चों को पैसे के बारे में महत्वपूर्ण सबक सिखाने को भी प्राथमिकता देते हैं। साल 2011 में बफे ने सीक्रेट मिलिनेयर्स क्लब नामक एक एनिमेटेड सीरीज बनाने में मदद की। इसका उद्देश्य बच्चों को व्यवसाय, निवेश और वित्तीय साक्षरता की मूल बातें सिखाना था। यह शो 26 एपिसोड तक चला। इसमें कुछ बच्चों की कहानी दिखाई गई जो पैसे के मामलों में बफे से सलाह लेते थे। साल 2013 में उन्होंने एक कार्यक्रम में कहा था कि बच्चों को पैसों के बारे में समझाना कभी भी जल्दी नहीं होता। चाहे वो नए खिलौने की कीमत समझना हो या पैसे बचाने का महत्व। यहां 5 ऐसी बातें दी गई हैं जिन्हें बफे ने अपने बच्चों को सिखाया था। आप भी अपने बच्चों को ये बातें सिखा सकते हैं।

### जल्दी शुरुआत करें

बफे हमेशा कम उम्र से ही वित्तीय शिक्षा के महत्व पर जोर देते रहे हैं। साल 2013 में एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा था, 'कभी-कभी माता-पिता अपने बच्चों के किशोरावस्था में पहुंचने पर ही पैसे का सही इस्तेमाल करने के बारे में बात करना शुरू करते हैं। जबकि वे प्री-स्कूल से ही शुरू कर सकते हैं।' कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी की एक स्टडी के मुताबिक बच्चे 7 साल की उम्र से ही पैसे से जुड़ी आदतें विकसित करने लगते हैं। कम उम्र में ही बच्चों को बचत, खर्च और कमाई जैसी बुनियादी बातें बताकर पेरेंट्स उन्हें दीर्घकालिक वित्तीय सफलता के लिए तैयार कर सकते हैं।




### छोटी-छोटी बचत का भी महत्व

बफे सिखाते हैं कि ब्याज की शक्ति के कारण समय के साथ छोटी-छोटी बचत भी बढ़ सकती है। सीक्रेट मिलिनेयर्स क्लब में बफे ने कहा है कि नियमित रूप से थोड़े से पैसे बचाने से भी फायदा होता है। इस सबक को सिखाने का एक व्यावहारिक तरीका बच्चों को उनका अपना गुल्लक या बैंक अकाउंट देना है। पैरेंट्स ऐसे ऐप्स भी इस्तेमाल कर सकते हैं जिनसे बच्चे अपनी बचत पर नजर रख सकें और जमा राशि पर ब्याज भी कमा सकें।

### स्मार्ट खर्च करने की आदत डालें

बच्चों को सबसे पहले यह सीखना चाहिए कि जरूरतों और चाहतों में अंतर कैसे करें। बफे एक आसान तरीका बताते हैं कि अपने बच्चों से उन चीजों की सूची बनाने को कहें जो वे खरीदना चाहते हैं। फिर, हर चीज को एक साथ देखें और तय करें कि यह जरूरी है या फिजूलखर्ची। यह आदत जल्दी डालने से माता-पिता अपने बच्चों को बड़े होने पर बेहतर खर्च करने की आदतें विकसित करने में मदद कर सकते हैं।

### स्किल निखारकर संपत्ति बढ़ाएं

बफे खुद जीवन भर सीखते रहे। वह अक्सर सेल्फ स्टडी के महत्व पर जोर देते हैं। सीक्रेट मिलिनेयर्स क्लब के एक एपिसोड में उन्होंने कहा है कि सबसे अच्छा निवेश जो आप कर सकते हैं वह खुद में है। जितना अधिक आप सीखेंगे, उतना ही अधिक आप कमाएंगे। बफेट खुद रोजाना कई अखबार पढ़ते हैं और बच्चों को ज्ञान के प्रति जुनून विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। निरंतर सीखना लॉन्ग टर्म के लिए वित्तीय सफलता की कुंजी है। बफे ने सिर्फ छह साल की उम्र में च्यूइंग गम और कोक की बोतलें बेचकर पैसा कमाना शुरू कर दिया था। बच्चों को अपने खुद के बिजनेस आइडिया तलाशने के लिए प्रोत्साहित करें। फिर चाहे वह नींबू पानी का स्टॉल हो या ऑनलाइन स्टोर। इससे बच्चों को वित्तीय सिद्धांतों को जल्दी समझने में मदद मिलती है। पैरेंट्स मार्गदर्शन और यहां तक कि छोटा बिजनेस शुरू करने में मदद करने के लिए शुरुआती पैसा देकर बच्चों को प्रोत्साहित कर सकते हैं।



# सीनियर सिटीजन्स सेविंग्स स्कीम में टैक्स छूट और बेहतर रिटर्न

**बिजनेस डेस्क**

वित्त वर्ष 2024-25 का आखिरी महीना यानी मार्च शुरू हो चुका है। इस महीने आपको कई जरूरी काम निपटाने हैं। इन्हीं कामों में से एक है वित्त वर्ष 2024-27 के लिए टैक्स सेविंग इन्वेस्टमेंट। ये इन्वेस्टमेंट आपको 31 मार्च 2024 तक करना है। अगर आप सीनियर सिटिजन हैं और सेफ इन्वेस्टमेंट के साथ टैक्स भी बचाना चाहते हैं तो पोस्ट ऑफिस सीनियर सिटिजंस सेविंग्स स्कीम अकाउंट (एससीएसएस) में पैसा लगा सकते हैं। इस स्कीम में अभी 8.20% सालाना ब्याज दिया जा रहा है। इस योजना में निवेश कर आप टैक्स भी बचा सकते हैं और अच्छा रिटर्न भी प्राप्त कर सकते हैं। इसलिए इसमें निवेश करना आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकता है।

### अधिकतम 30 लाख रुपये कर सकते हैं निवेश

पोस्ट ऑफिस सीनियर सिटिजंस सेविंग्स स्कीम के तहत सिर्फ 1000 रुपये में अकाउंट खोला जा सकता है। इस स्कीम में ज्यादा से ज्यादा 30 लाख रुपये तक निवेश कर सकते हैं। इस स्कीम पर 8.2% सालाना ब्याज मिल रहा है। वहीं देश के सबसे बड़े बैंक एसबीआई 5 साल की फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) पर सीनियर सिटिजंस को 6.50% ब्याज दे रहा है। यानी इस स्कीम में एफडी से ज्यादा ब्याज दिया जा रहा है।

### 5 साल का मैच्योरिटी पीरियड

इस स्कीम का मैच्योरिटी पीरियड 5 साल का रहता है। यानी इस स्कीम में आपको 5 साल के लिए निवेश करना होता। हालांकि आप 5 साल से पहले भी अकाउंट बंद कर सकते हैं, लेकिन ऐसा करने पर आपको पेनल्टी देनी होती है।

### इनकम टैक्स छूट का मिलता है लाभ

इस योजना में निवेश करने पर इनकम टैक्स एक्ट के सेक्शन 80C के तहत आप अपनी कुल आय से 1.5 लाख रुपये की कटौती का दावा कर सकते हैं। आसान भाषा में इसे ऐसे समझें, आप सेक्शन 80C के माध्यम से अपनी कुल कर योग्य आय से 1.5 लाख तक कम कर सकते हैं।

### तिमाही आधार पर मिलता है ब्याज

इस योजना के तहत ब्याज तिमाही आधार पर मिलता है और अप्रैल, जुलाई, अक्टूबर व जनवरी के पहले वर्किंग डे को क्रेडिट कर दिया जाता है। सीनियर सिटीजन्स सेविंग्स स्कीम अकाउंट किसी भी पोस्ट ऑफिस में खुलवा सकते हैं। 60 साल या उससे अधिक उम्र के बाद अकाउंट पोस्ट ऑफिस जाकर खुलवाया जा सकता है। हालांकि वीआरएस लेने वाला व्यक्ति जो 55 वर्ष से अधिक लेकिन 60 वर्ष से कम है वो भी इस अकाउंट को खोल सकता है। इसके अलावा डिफेंस (रक्षा विभाग) से रिटायर्ड हुए हो वो 50 साल से अधिक और 60 वर्ष से कम उम्र के लोग भी इस योजना में निवेश कर सकते हैं। हालांकि इस स्थिति में रिटायर होने के 1 महीने के भीतर निवेश करना होता है।

### कितना फायदा होगा

अगर आप इस योजना में 1 लाख रुपये निवेश करते हैं तो 5 साल बाद आपको कुल 1 लाख 50 हजार रुपए मिलेंगे। वहीं 2 लाख रुपये का निवेश करने पर 3 लाख रुपये मिलेंगे।

# फरवरी में घटे म्यूचुअल फंड में निवेश, जनवरी के मुकाबले 2% की गिरावट

**काम की बात** | **बिजनेस डेस्क**

- म्यूचुअल फंड एसआईपी में पैसा लगाने वालों की संख्या घटी, फरवरी में एसआईपी में 25,999 करोड़ रुपये आए
- यह पिछले तीन महीनों में सबसे कम

शेयर बाजार में पिछले कुछ महीनों से लगातार गिरावट ही गिरावट का दौर जारी है। इससे सभी निवेश माइनस में हैं। इससे सिस्टमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान या एसआईपी के जरिए निवेश करने वालों की संख्या में भी कमी हुई है। जी हां, बीते फरवरी महीने में एसआईपी के जरिए निवेश थोड़ा कम हुआ है। इस साल जनवरी में जहां एसआईपी के जरिए 26,400 करोड़ रुपये का निवेश आया था, वहीं फरवरी में यह घटकर 25,999 करोड़ रुपये रह गया। यह तीन महीने का सबसे कम है। दिसंबर में भी इस तरीके से 26,459 करोड़ रुपये का निवेश आया था। यह जानकारी एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया या एम्फी के आंकड़ों से मिली है।

## एम्फी के आंकड़ों में हुआ खुलासा, कम दिलचस्पी दिखा रहे निवेशक

### म्यूचुअल फंड के कितने फोलियो

फरवरी 2025 तक म्यूचुअल फंड के कुल फोलियो या खाते 23,22,80,804 हो गए हैं। रिटेल म्यूचुअल फंड खातों (इक्विटी + हाइब्रिड + सॉल्यूशन-ओरिएंटेड स्कीम्स) की संख्या फरवरी में बढ़कर 18,42,02,267 हो गई, जो जनवरी में 18,22,23,078 थी। रिटेल एयूएम (इक्विटी + हाइब्रिड + सॉल्यूशन-ओरिएंटेड स्कीम्स) फरवरी में घटकर 36,44,112 करोड़ रुपये रह गया, जबकि जनवरी में यह 38,77,595 करोड़ रुपये था। मतलब बाजार में उतार-चढ़ाव का असर दिखा है।

### फरवरी में भी बढ़े सिप अकाउंट

फरवरी 2025 में 44,56,425 नए एसआईपी रजिस्टर हुए। इस महीने एसआईपी का कुल एयूएम 12,37,783.57 करोड़ रुपये रहा। इसमें 8.26 करोड़ एसआईपी खाते नियमित रूप से योगदान दे रहे थे। फरवरी 2025 में 29 नई स्कीम्स लॉन्च हुईं, जिनसे कुल मिलाकर 4,029 करोड़ रुपये जुटाए गए। ये स्कीम्स अलग-अलग कैटेगरी की थीं।

### म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री में मजबूती

एम्फी के चीफ एक्जीक्यूटिव वेंकट चलसानी ने बताया, भारतीय म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री लगातार मजबूती दिखा रही है। सभी कैटेगरी में निवेशक लगातार पैसा लगा रहे हैं। उनका कहना है ₹बाजार में उतार-चढ़ाव के बावजूद, निवेशकों का भरोसा बना हुआ है। 40,063 करोड़ रुपये का नेट इनफ्लो इस बात का सबूत है कि निवेशक लंबी अवधि के लिए निवेश करने में यकीन रखते हैं।

### फरवरी में एयूएम में क्यों हुई गिरावट

उन्होंने बताया कि जनवरी से फरवरी में एयूएम में गिरावट की मुख्य वजह इक्विटी फंड में मार्केट का उतार-चढ़ाव है। लेकिन एसआईपी में निवेश लगातार आ रहा है, जिससे पता चलता है कि लोग अब भी नियमित निवेश को तरजीह दे रहे हैं। चलसानी ने निवेशकों को शिक्षित करने और जागरूकता फैलाने के लिए एम्फी की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने हर तरह के बाजार में वित्तीय अनुशासन के महत्व पर जोर दिया।

### नेट इनफ्लो में गिरावट

फरवरी महीने के दौरान म्यूचुअल फंड में कुल नेट इनफ्लो 79% गिर गया। इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश 26% घटकर 29,303 करोड़ रुपये रह गया, जबकि जनवरी में यह 39,687 करोड़ रुपये था। डेट म्यूचुअल फंड में फरवरी में 6,525 करोड़ रुपये का आउटफ्लो हुआ, जबकि जनवरी में 1.28 लाख करोड़ रुपये का इनफ्लो हुआ था।

### क्या है म्यूचुअल फंड

म्यूचुअल फंड की परिभाषा एक ऐसा निवेश है जो आपके पैसे को कई अन्य लोगों के पैसे के साथ जोड़ता है जो समान निवेश लक्ष्य साझा करते हैं। पेशेवर मनी मैनेजर्स पैसे के पूल का उपयोग सिक्योरिटीज खरीदने के लिए करते हैं जो म्यूचुअल फंड के निर्दिष्ट उद्देश्यों को प्राप्त करने में मदद कर सकते हैं। म्यूचुअल फंड एक उपयुक्त रिटायरमेंट निवेश हो सकता है क्योंकि वे पेशेवर प्रबंधन और विविधीकरण प्रदान करते हैं। वे एफडीआईसी बीमाकृत नहीं हैं और उनमें निवेश जोखिम शामिल हैं, जिसमें मूलधन की संभावित हानि और मूल्य में उतार-चढ़ाव शामिल है।

### म्यूचुअल फंड के प्रकार

इक्विटी (स्टॉक) फंड : ये वे फंड हैं जो सार्वजनिक रूप से कारोबार करने वाली कंपनियों के कॉर्पोरेट स्टॉक में निवेश किए जाते हैं। इन फंडों को कंपनी के आकार, उद्योग या क्षेत्र के प्रकार या संभावित विकास और मूल्य सहित विभिन्न घटकों के आधार पर वर्गीकृत किया जा सकता है।

**बॉन्ड फंड :** ये ऋण साधनों से बने होते हैं जिन्हें सरकार या निगम निवेशकों को पूंजी जुटाने के लिए जारी करते हैं। वे अक्सर स्टॉक फंड की तुलना में कम जोखिम उठाते हैं। हालांकि, उनमें वृद्धि की संभावना कम हो सकती है।

**मनी मार्केट फंड :** इस प्रकार के म्यूचुअल फंड सरकार या निगमों जैसी संस्थाओं से नकदी या नकदी-समतुल्य अल्पकालिक ऋण में निवेश करते हैं। मनी मार्केट फंड को आम तौर पर कम जोखिम वाला निवेश माना जाता है।

**हाइब्रिड फंड :** हाइब्रिड फंड में कम से कम दो या उससे ज्यादा एसेट क्लास शामिल होते हैं - आम तौर पर स्टॉक और बॉन्ड का मिश्रण। हाइब्रिड फंड के सबसे लोकप्रिय रूपों में से एक को बैलेंस्ड फंड कहा जाता है, जो एक प्रकार का पोर्टफोलियो है जो 60% स्टॉक में और 40% बॉन्ड में निवेश करता है।

# ‘कोई घोषणा नहीं कर रहा हूं’ कोहली ने संन्यास की अफवाहों को किया खारिज

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु



- कोहली ने दुबई में हाल में भारत की चैंपियंस ट्रॉफी जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई
- जिसके बाद कप्तान रोहित शर्मा ने भी उनके बारे में संन्यास की चर्चाओं को खारिज कर दिया था

भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने शनिवार को स्पष्ट रूप से कहा कि वह फिलहाल संन्यास के बारे में नहीं सोच रहे हैं क्योंकि वह खेल का आनंद ले रहे हैं और उनके अंदर ‘प्रतिस्पर्धी भावना’ पूरी तरह से बरकरार है। कोहली ने दुबई में हाल में भारत की चैंपियंस ट्रॉफी जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जिसके बाद कप्तान रोहित शर्मा ने भी उनके बारे में संन्यास की चर्चाओं को खारिज कर दिया। कोहली ने ‘आरसीबी इनोवेशन लैब’ में एक बातचीत सत्र के दौरान कहा, ‘‘घबराइए नहीं। मैं कोई घोषणा नहीं कर रहा हूं। अभी तक सब कुछ ठीक है। मुझे अब भी खेलना पसंद है।’’ कोहली ने कहा कि उन्हें उपलब्धियां हासिल करने की इच्छा नहीं है लेकिन वह पूरी तरह क्रिकेट का आनंद लेने के लिए खेल रहे हैं। उन्होंने कहा, ‘‘मेरे लिए खेलना अब पूरी तरह से आनंद, प्रतिस्पर्धी भावना और खेल के प्रति प्रेम है। और जब तक यह है, मैं खेलना जारी रखूंगा। जैसा कि मैंने आज कहा कि मैं किसी उपलब्धि के लिए नहीं खेल रहा हूं।’’ कोहली ने कहा कि ‘प्रतिस्पर्धी भावना’ के कारण खिलाड़ी के लिए खेल से दूर जाने का सही समय ढूंढना मुश्किल हो जाता है। उन्होंने कहा, ‘‘आप जानते हैं कि प्रतिस्पर्धी भावना आपको संन्यास के सवाल का जवाब नहीं ढूंढने देती है। इस बारे में राहुल द्रविड़ से मेरी बहुत दिलचस्प बातचीत हुई।’’

### मैं ऊर्जा को सही जगह पर रखना चाहता हूं

कोहली ने कहा, ‘‘उन्होंने कहा कि आप अपने जीवन में किस जगह हैं, इसका पता लगाएं और इसका जवाब इतना आसान नहीं है। हो सकता है कि आप एक बुरे दौर से गुजर रहे हों और आपको लगे कि बस यही है। लेकिन हो सकता है कि ऐसा नहीं हो। लेकिन जब भी समय आएगा तो मेरी प्रतिस्पर्धी भावना मुझे इसे स्वीकार करने की अनुमति नहीं देगी।’’ उन्होंने कहा, ‘‘शायद एक और महीना। शायद छह और महीने। इसलिए मुझे लगता है कि यह एक अच्छा संतुलन है। अपने जीवन के इस समय में मैं बहुत खुश महसूस कर रहा हूं।’’ लेकिन कोहली ने माना कि बढ़ती उम्र ने उनके खेल के शीर्ष पर बने रहने की पूरी प्रक्रिया को थोड़ा और कठिन बना दिया है। उन्होंने कहा, ‘‘मैं अपनी ऊर्जा को सही जगह पर रखना चाहता हूं। अब इसमें बहुत अधिक प्रयास की जरूरत होती है और जो लोग लंबे समय तक खेल चुके हैं, वे इसे समझते हैं। आप 30 की उम्र के बाद इतने सारे काम नहीं कर सकते जितना आप 20 की उम्र में कर सकते हैं। मैं भी अपने जीवन में थोड़ा अलग मुकाम पर हूं।’’इस 36 साल के खिलाड़ी ने कहा, ‘‘मुझे लगता है कि यह नैसर्गिक प्रगति है। मुझे भरोसा है कि ये सभी युवा खिलाड़ी भी इसी मुकाम पर पहुंचेंगे। लेकिन अब मेरे अंदर की ऊर्जा से मैं बहुत शांत महसूस करता हूं।’’

## ओलंपिक चैम्पियन बनना शानदार होगा और आईपीएल की इसमें भूमिका अहम

**बेंगलुरू (भाषा)।** चैम्पियन बल्लेबाज विराट कोहली लॉस एंजिलिस ओलंपिक में क्रिकेट के शामिल होने से रोमांचित हैं और उन्होंने कहा कि खेल को ओलंपिक में जगह दिलाने में इंडियन प्रीमियर लीग की बड़ी भूमिका रही है। पेरिस ओलंपिक 1900 के बाद पहली बार क्रिकेट की ओलंपिक में वापसी होगी। कोहली ने आरसीबी इनोवेशन लैब टॉक शो में शनिवार को कहा ,‘‘ ओलंपिक चैम्पियन बनना शानदार अनुभव होगा। आईपीएल की इसमें बड़ी भूमिका रही है। इसने क्रिकेट को ऐसे मुकाम पर पहुंचाया कि अब वह ओलंपिक का हिस्सा है। हमारे कुछ खिलाड़ियों के लिये यह बड़ा मौका है।’’ उन्होंने कहा ,‘‘ खिलाड़ियों को इसका अनुभव पहली बार होगा। मुझे यकीन है कि हम उस पदक के करीब होंगे । दोनों महिला और पुरूष टीमें।’’ कोहली 2028 तक 40 बरस के हो जायेंगे और उनका ओलंपिक में खेलना मुश्किल है। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा,‘‘ ओलंपिक में , पता नहीं। अगर हम स्वर्ण पदक के लिये खेल रहे हैं तो मैं एक मैच खेलकर, पदक लेकर वापिस लौट आऊंगा। लेकिन मुझे लगता है कि यह खेल के लिये बहुत अच्छी बात है।’’ कोहली ने यह भी कहा कि महिला प्रीमियर लीग से देश में महिला क्रिकेट में काफी बदलाव आया है। उन्होंने कहा,‘‘ अब नजरिया बदल गया है। मुझे लगता है कि बाकी खेलों में भी खिलाड़ी बहुत अच्छा कर रहे हैं और देश से उनको सराहना भी मिल रही है।’’ कोहली ने यह भी कहा कि मैदान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते समय भावनाओं में बह जाना उनकी आदत हो गई है। उन्होंने कहा ,‘‘ यह मेरी आदत है। मैंने इससे कभी इनकार नहीं किया। मेरी प्रतिस्पर्धिता कम नहीं हुई है।

## खबर संक्षेप



### लाहिड़ी संयुक्त 31वें स्थान पर खिसके

**सिंगापुर।** भारतीय गोल्फर अनिर्बान लाहिड़ी शनिवार को यहां लिव गोल्फ सिंगापुर टूनामेंट के दूसरे दौर में एक ओवर 72 का कार्ड खेलने से संयुक्त 31वें स्थान पर खिसक गए। वहीं डस्टिन जॉनसन और जोक्विन निमान खिताब के मुख्य दावेदार बने हुए हैं। लाहिड़ी ने सातवें होल में बर्डी से शुरूआत की, आठवें में डबल बोगी कर बैठे। उन्होंने फिर 16वें और 17वें होल में बोगी कर दी। पर 18वें होल में बर्डी लगाई और अपने अंतिम सातवेंहोल में भी एक बर्डी लगाई। इस तरह वह 54 खिलाड़ियों में संयुक्त 31वें स्थान पर बने हुए हैं।

### आईएसएल ने प्लेऑफ का कार्यक्रम जारी

**मुंबई।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) ने शनिवार को वर्तमान सत्र के प्लेऑफ का कार्यक्रम जारी किया, जिसमें दो चरणों में होने वाले सेमीफाइनल दो से छह अप्रैल के बीच होंगे जबकि फाइनल 12 अप्रैल को खेला जाएगा। इस फुटबाल टूर्नामेंट का लीग चरण 12 मार्च को समाप्त हुआ था।प्लेऑफ के कार्यक्रम के अनुसार नॉकआउट के मैच 29 और 30 मार्च को खेले जाएंगे और सेमीफाइनल दो, तीन, छह और सात अप्रैल को होंगे। मोहन बागान एसजी ने लगातार दूसरे सत्र में लीग शील्ड जीतकर इतिहास रचा।

### गोकुलम केरला ने ओडिशा एफसी को 3-1 से हराया

**भुवनेश्वर।** गोकुलम केरला ने शनिवार को यहां कलिंगा स्टेडियम में गत चैंपियन ओडिशा एफसी को 3-1 से शिकस्त दी जिससे वह इंडियन वुमेन्स लीग 2024-25 खिताब की दौड़ में बरकरार है। फजीला इक्वापुट (42वें और 59वें मिनट) ने ओडिशा के खिलाफ दो गोल करके अपने गोलों की संख्या 15 तक पहुंचाई जबकि ओडिशा एफसी की स्ट्राइकर प्यारी खाका (32वें मिनट) ने आत्मघाती गोल किया। मेजबान टीम के लिए एकमात्र गोल स्थानापन्न खिलाड़ी नेहा ने 50वें मिनट में गोल किया।

### अवनि और प्रणवी ने कट हासिल किया

**कोफ्स हार्बर।** भारतीय गोल्फर अवनि प्रशांत और प्रणवी उर्स ने यहां बारिश से प्रभावित ऑस्ट्रेलियन वुमेन्स क्लासिक में कट हासिल किया जबकि इनसे ज्यादा अनुभवी दीक्षा डागर ऐसा करने में विफल रहीं। पहले दौर में 72 का कार्ड खेलने वाली अवनि ने दूसरे दौर में इवन पार 70 का स्कोर बनाया जिससे 36 होल में वह दो ओवर पर थीं। अपने पहले ही सत्र में खेल रही अवनि संयुक्त 40वें स्थान पर बनी हुई हैं।

### लुई हैमिल्टन क्वालीफाइंग में आठवें स्थान पर रहे

**मेलबर्न।** लुई हैमिल्टन ने फॉर्मूला वन में फेरारी की तरफ से पदार्पण करते हुए शनिवार को यहां वर्ष की पहली रेस ऑस्ट्रेलिया ओपन के क्वालीफाइंग में आठवां स्थान हासिल किया जबकि मैकलेरन के लैंडो नॉरिस पोल पोजीशन हासिल करने में सफल रहे।

## हॉकी इंडिया के 7वें सालाना पुरस्कार में वर्ष 2024 के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी सम्मानित

# हरियाणा की सविता व हरमनप्रीत को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार

### अजितपाल की कप्तानी वाली टीम को ध्यानचंद लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार दिया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली





पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह को हॉकी इंडिया सातवें सालाना पुरस्कार में वर्ष 2024 के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी और दिग्गज गोलकीपर सविता को सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार मिला। पचास वर्ष पहले 15 मार्च को ही कुआलालम्पुर में भारत को एकमात्र विश्व कप जिताने वाली अजितपाल सिंह की कप्तानी वाली भारतीय टीम को ध्यानचंद लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार प्रदान किया गया। हॉकी इंडिया ने यह समारोह आज भारत की विश्व कप जीत के 50 साल और इस वर्ष भारतीय हॉकी के सौ साल पूरे होने के अवसर पर आयोजित किया था। पिछले साल पेरिस ओलंपिक में दस गोल करके भारत को लगातार दूसरा ओलंपिक कांस्य पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह ने कहा ,‘पुरस्कार काफी मायने रखते हैं और युवाओं को इससे प्रेरणा मिलती है। मैं उन्हें इतना ही कहूंगा कि नतीजे का दबाव लिये बिना कड़ी मेहनत करते रहें।’ उन्होंने कहा,‘ इतने महान खिलाड़ियों के सामने आज के खास दिन पुरस्कार पाना बहुत गर्व की बात है। हम कोशिश करेंगे कि अगले साल विश्व कप में एक बार और भारत को खिताब दिलायें।’ उन्हें यह पुरस्कार तीन बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता दिवंगत बलबीर सिंह सीनियर के नाती कबीर सिंह भोमिया, हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की और महासचिव भोलानाथ सिंह ने प्रदान किया । वहीं तीसरी बार पुरस्कार जीतने वाली पूर्व कप्तान सविता ने वीडियो संदेश में कहा ,‘इस पुरस्कार से मुझे आगे और मेहनत करने की प्रेरणा मिलेगी। यह मेरे साथी खिलाड़ियों को समर्पित है ।’’ तोक्यो ओलंपिक 2021 में ऐतिहासिक चौथे स्थान पर रही भारतीय टीम की सदस्य सविता को वर्ष के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का बलजीत सिंह पुरस्कार भी मिला। सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर का परगट सिंह पुरस्कार अमित रोहिदास ने जीता जबकि सर्वश्रेष्ठ मिडफील्डर का अजितपाल सिंह पुरस्कार हार्दिक सिंह को मिला। सर्वश्रेष्ठ फॉरवर्ड का धनराज पिल्लै पुरस्कार अभिषेक को दिया गया। वर्ष 2024 की सर्वश्रेष्ठ अंडर 21 महिला खिलाड़ी का असुंथा लाकड़ा पुरस्कार ड्रैग फ्लिकर दीपिका को मिला जबकि पुरूष वर्ग में जुगराज सिंह पुरस्कार अराइजीत सिंह हुंडल ने जीता।

### ईनामी राशि बढ़कर 12 करोड़ रुपये हुई

इस मौके पर केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू और केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने पेरिस ओलंपिक 2024 में लगातार दूसरा कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय पुरूष टीम को सम्मानित किया। प्रत्येक खिलाड़ी को पंद्रह लाख रूपये और सहयोगी स्टाफ को 7.5 लाख रूपये के चेक दिये गए। हॉकी इंडिया ने इस वर्ष कुल पुरस्कार राशि बढाकर 12 करोड़ रूपये कर दी थी।

### व्यक्तिगत उपलब्धि के लिए पुरस्कार दिया गया

हरमनप्रीत को वर्ष 2024 का एफआईएच पुरूष खिलाड़ी और अब खेल को अलविदा कह चुके पी आर श्रीजेश को सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का पुरस्कार मिलने पर व्यक्तिगत उपलब्धि के लिये पुरस्कार दिया गया। दीपिका को बिहार के राजगीर में हुई महिला एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी में सर्वाधिक गोल करने, प्लेयर आफ द टूर्नामेंट रहने और मस्कट में जूनियर एशिया कप में सर्वाधिक गोल करने के लिये पुरस्कार दिया गया। हरमनप्रीत को चीन में हुई पुरूष एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी में प्लेयर आफ द टूर्नामेंट रहने और अराइजीत सिंह को मस्कट में जूनियर एशिया कप में प्लेयर आफ द टूर्नामेंट रहने के लिये पुरस्कार मिला। एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी और जूनियर एशिया कप जीतने वाली भारतीय महिला और पुरुष दोनों टीमों को भी पुरस्कार दिये गए।

## शुरुआती मैच में बांग्लादेश से भिड़ेगा

# भारत का लक्ष्य मालदीव और बांग्लादेश को हराना



- भारत 19 मार्च को अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच में मालदीव की करेगा मेजबानी
- मालदीव के खिलाफ मैच में अपने अंतरराष्ट्रीय संन्यास से करेंगे वापसी

एजेंसी ▶▶ शिलांग

सीनियर डिफेंडर संदेश झिंगन ने शनिवार को कहा कि भारतीय फुटबॉल टीम का लक्ष्य यहां होने वाले आगामी अंतरराष्ट्रीय मैचों में बिना कोई गोल खाए मालदीव और बांग्लादेश को हराना है। भारत 19 मार्च को अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच में मालदीव की मेजबानी करेगा। इसके बाद 25 मार्च को 2027 एएफसी एशियाई कप क्वालीफाइंग के तीसरे दौर के अपने शुरुआती मैच में बांग्लादेश से भिड़ेगा। दोनों मैच यहां जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में होंगे, मेघालय की राजधानी अपने पहले अंतरराष्ट्रीय मैचों की मेजबानी कर रही है। भारत के करिश्माई स्ट्राइकर सुनील छेत्री 19 मार्च को मालदीव के खिलाफ मैच में अपने अंतरराष्ट्रीय संन्यास से वापसी करेंगे। झिंगन (31 वर्ष) ने कहा, ‘‘हमारा लक्ष्य बांग्लादेश के खिलाफ मैच में अच्छा नतीजा प्राप्त करना है क्योंकि इससे हमें एशियाई कप क्वालीफायर में अच्छी शुरुआत मिलेगी और मुझे लगता है कि इससे पहले 10 दिवसीय ट्रेनिंग शिविर और साथ ही मालदीव के खिलाफ मैत्री मैच हमें तैयारी में बहुत मदद करेगा।’’ उन्होंने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की विज्ञप्ति में कहा, ‘‘हमारा लक्ष्य दो ‘क्लीन शीट’ (बिना गोल गंवाए) जीत हासिल करना है।’’ छेत्री (40 वर्ष) ने 2005 में भारत के लिए पदार्पण करने के बाद जून 2024 में अपने शानदार अंतरराष्ट्रीय करियर से संन्यास ले लिया था।

## स्पेशल ओलंपिक शीतकालीन खेलों में भारतीय खिलाड़ियों का अच्छा प्रदर्शन जारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय खिलाड़ियों ने इटली के तूरिन में चल रहे स्पेशल ओलंपिक शीतकालीन खेलों में अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखते हुए 15 और पदक जीते। इस तरह से भारत की कुल पदक संख्या अब 24 हो गई है। अल्पाइन स्कीइंग में दीपक ठाकुर और गिरिधर ने असाधारण कौशल का प्रदर्शन करते हुए क्रमशः इंटरमीडिएट सुपर जी एम04 और एम05 श्रेणियों में स्वर्ण पदक जीते, जबकि अभिषेक कुमार ने नोविस सुपर जी एम01 श्रेणी में रजत पदक हासिल किया। राधा देवी ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए इंटरमीडिएट सुपर जी एफ03 स्पर्धा में रजत पदक जीता। जियारा पोर्टर ने शॉर्ट ट्रैक स्पीड स्केटिंग के 111एम एफ1 और 222एम एफ2 में रजत पदक जीते, जबकि तंशु ने 777एम एमश्रेणी में कांस्य और 500एम एम3 श्रेणी में रजत पदक जीता। क्रॉस कंट्री स्कीइंग में आकृति ने 50 मीटर क्लासिकल तकनीक फाइनल एफ03 में कांस्य पदक हासिल किया। भारत के स्नोशूइंग खिलाड़ियों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। वासु तिवारी ने 50 मीटर रेस एम03 स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल किया, जबकि जहांगीर और तान्या ने क्रमशः 50 मीटर रेस एम04 और एफ02 श्रेणियों में रजत पदक जीते। शालिनी चौहान ने 50 मीटर रेस एफ03 श्रेणी में कांस्य पदक जीता। 200 मीटर दौड़ में अनिल कुमार ने एमपी 12 डिवीजन में स्वर्ण पदक जबकि हरलीन कौर ने एफ 12 डिवीजन में रजत पदक जीता।



## चोटिल नेमार अर्जेंटीना के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर से बाहर

**रियो डी जनेरियो।** ब्राजील के स्टार स्ट्राइकर नेमार चोटिल होने के कारण इस महीने कोलंबिया और अर्जेंटीना के खिलाफ होने वाले विश्व कप फुटबॉल क्वालीफायर मैचों में नहीं खेल पाएंगे। ब्राजील फुटबॉल परिसंघ द्वारा जारी किए गए एक वीडियो में कोच डोरिवल जूनियर ने कहा कि नेमार, गोलकीपर एडर्सन और डिफेंडर डैनिलो विभिन्न कारणों से खेलने के लिए फिट नहीं हैं। जनवरी में अपने बचपन के क्लब सैंटोस से फिर से जुड़ने वाले 33 वर्षीय नेमार ने अपना पिछला मैच दो मार्च को खेला था लेकिन बायीं जांघ में दर्द के कारण उन्हें आधे मैच से हटना पड़ा था। नेमार की जगह रियाल मैड्रिड के स्ट्राइकर एंड्रिक को ब्राजील की टीम में शामिल किया गया है। दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग में पांचवें स्थान पर मौजूद ब्राजील 20 मार्च को कोलंबिया की मेजबानी करेगा और इसके पांच दिन बाद ब्यूनस आयर्स में तालिका में शीर्ष पर काबिज अर्जेंटीना का सामना करेगा।

## रूस की 17 वर्षीय एंड्रीवा इंडियन वेल्स के फाइनल में, अब मुकाबला सबालेंका से


एजेंसी ▶▶ इंडियन वेल्स



रूस की किशोरी मीरा एंड्रीवा ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शनिवार को यहां सर्द परिस्थितियों में गत चैंपियन इगा स्वियातेक को 7-6 (1), 1-6, 6-3 से हराकर बीएनपी परिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। नौवीं वरीयता प्राप्त 17 वर्षीय एंड्रीवा 2001 के बाद इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी है। फाइनल में उनका मुकाबला शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका होगा। सबालेंका ने दूसरे सेमीफाइनल में पांचवीं वरीयता प्राप्त मैडिसन कीज़ को 51 मिनट में 6-0, 6-1 से हराया। सबालेंका ने इस तरह से कीज के पिछले 16 मैच से चले आ रहे विजय अभियान पर रोक लगाकर उनसे ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में मिली हार का बदला भी चुकता कर दिया। एंड्रीवा ने टूर में अपनी जीत का सिलसिला 11 मैच तक पहुंचा दिया है। उन्होंने स्वियातेक का इंडियन वेल्स में पिछले 10 मैच से चला आ रहा विजय अभियान भी रोक दिया। रूस की खिलाड़ी ने पिछले महीने दुबई में अपना पहला डब्ल्यूटीए टूर खिताब जीता था। वह तब डब्ल्यूटीए 1000 प्रतियोगिता जीतने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बन गई थी। किम क्लाइस्टर्स भी 2001 में 17 साल की थीं जब वह इंडियन वेल्स के फाइनल में सेरेना विलियम्स से हार गईं थीं।

## भारतीय निशानेबाजों ने विश्व कप से पहले राष्ट्रीय शिविर में तैयारी शुरू की

भाषा ▶▶ नई दिल्ली



- कुछ निशानेबाजों को छोड़कर 35 सदस्यीय दल के अधिकांश निशानेबाज शिविर में पहुंचे


अर्जेंटीना और पेरू में होने वाले विश्व कप के लिए चुने गए भारतीय निशानेबाज यहां डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में राष्ट्रीय शिविर में शामिल हो गए हैं जो शनिवार से आगामी सत्र की तैयारियों का अपना अंतिम चरण शुरू कर रहे हैं। कुछ निशानेबाजों को छोड़कर 35 सदस्यीय दल के अधिकांश निशानेबाज शुक्रवार को शिविर में पहुंच गए और अपने-अपने कोचों के साथ अभ्यास करना शुरू कर दिया है। निशानेबाजों का पहला बैच 26 मार्च को अर्जेंटीना की राजधानी ब्यूनस आयर्स के लिए रवाना होगा जो इस साल के पहले अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) विश्व कप राइफल, पिस्टल, शॉटगन (एक से 11 अप्रैल) चरण का आयोजन स्थल है। इसके बाद दक्षिण अमेरिकी चरण पेरू के लीमा में शुरू होगा जिसमें दूसरा आईएसएसएफ संयुक्त विश्व कप 13-22 अप्रैल तक होगा। दो बार की ओलंपिक कांस्य पदक विजेता मनु भाकर दो व्यक्तिगत स्पर्धाओं, महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल और महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल में भाग लेने वाली एकमात्र भारतीय निशानेबाज होंगी। भारतीय निशानेबाज राइफल, पिस्टल और शॉटगन की 15 स्पर्धाओं में भाग लेंगे, जिसमें 12 व्यक्तिगत और तीन मिश्रित टीम स्पर्धा शामिल हैं।

## आईपीएल के मध्य में अंतिम फैसला बीसीसीआई करेगा

# रोहित अब बरकरार रह सकते हैं टेस्ट टीम के कप्तान

- 20 जून से शुरू होने वाले दौरे के लिए अभी तक कोई फैसला नहीं
- दुबई में खिताब ने निश्चित रूप से कप्तान को राहत दी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



चैंपियंस ट्रॉफी की जीत ने रोहित शर्मा की चमक बढ़ा दी है और अगर वह टेस्ट कप्तान बरकरार रहें और इंग्लैंड दौरे पर टीम के कप्तान के तौर पर जाएं तो यह हैरानी की बात नहीं होगी, हालांकि चयनकर्ताओं ने 20 जून से शुरू होने वाले दौरे के लिए अभी तक कोई फैसला नहीं किया है। रोहित पर दुबई में अच्छा प्रदर्शन करने का दबाव था, दुबई में खिताब ने निश्चित रूप से कप्तान को राहत दी है। लेकिन सवाल यह है कि क्या राष्ट्रीय चयन समिति चुनौतीपूर्ण टेस्ट प्रारूप पर फैसला लेते समय वनडे प्रारूप में सफलता पर विचार करेगी। टीम को पिछले डब्ल्यूटीसी (विश्व टेस्ट चैंपियनशिप) चक्र में छह शिकस्त मिली थी। भारत के लिए नया चक्र इंग्लैंड श्रृंखला से शुरू होगा जहां पहला टेस्ट लीड्स में खेला जाएगा।

बीसीसीआई के एक सूत्र ने नाम नहीं बताने की शर्त पर बताया, ‘‘तकनीकी रूप से रोहित टेस्ट कप्तान हैं। उन्होंने सिडनी में आखिरी टेस्ट से खुद को स्वेच्छा से बाहर रखा, जहां उन्होंने समझाने की कोशिश की कि एक टीम खराब फॉर्म में चल रहे कई बल्लेबाजों के साथ खेलना जारी नहीं रख सकती।’’ उन्होंने कहा, ‘‘ऑस्ट्रेलिया टेस्ट के बाद भारत ने कोई टेस्ट नहीं खेला है, इसलिए टेस्ट कप्तानी में कोई बदलाव नहीं हुआ है। साथ ही रोहित ने कभी नहीं कहा कि वह टेस्ट नहीं खेलना चाहते हैं। ’’हालांकि सूत्र ने कहा कि राष्ट्रीय चयन समिति ने अभी तक इंग्लैंड श्रृंखला पर फैसला नहीं किया है।

### इंग्लैंड श्रृंखला के लिए खाका तैयार किया जाएगा

उन्होंने कहा, ‘‘चयन समिति को आईपीएल के दौरान छुट्टी मिलती है। जाहिर है सभी मैचों का टेलीविजन पर प्रसारण होने के कारण उन्हें हमेशा यात्रा करने की जरूरत नहीं होती है। जब तक कि उनके पास कोई विशिष्ट रणनीति नहीं हो या वे किसी विशेष खिलाड़ी को करीब से देखना नहीं चाहें, वे यात्रा नहीं करते।’’ सूत्र ने कहा, ‘‘इसलिए एक बार जब आईपीएल शुरू हो जाएगा तो इंग्लैंड श्रृंखला के लिए खाका किसी भी समय तैयार किया जाएगा। लेकिन कोच गौतम गंभीर के दृष्टिकोण का बहुत महत्व होगा।’’

## खबर संक्षेप

### 94 साल के असमिया संगीतकार का निधन

**गुवाहाटी (भाषा)।** मशहूर असमिया संगीतकार लक्ष्यीरा दास का शनिवार को आयु संबंधी बीमारियों के कारण निधन हो गया। लक्ष्यीरा के परिवार ने यह जानकारी दी। दास (94) के तीन बेटे हैं। दास कॉटन कॉलेज में शिक्षा विभाग की प्रोफेसर रही हैं। वर्ष 1948 में, जब वह कॉलेज में पढ़ाई कर रही थीं, तो वह पहली महिला कलाकार बनीं जिन्हें ऑल इंडिया रेडियो से गीतकार, संगीतकार और गायिका के रूप में स्वीकृति मिली थी।

### रूस को शांति से किसी तरह के खिलवाड़ की इजाजत नहीं : स्टार्मर

**लंदन (भाषा)।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर ने रूस के खिलाफ तथाकथित 'गठबंधन' को मजबूत करने के लिए शनिवार को 25 देशों के नेताओं के साथ डिजिटल तरीके से हुई एक बैठक की मेजबानी की। रूस तीन वर्ष से अधिक समय से यूक्रेन से युद्ध लड़ रहा है। स्टॉर्मर ने लंदन में '10 डाउनिंग स्ट्रीट' से कहा, "हम पुतिन को राष्ट्रपति ट्रंप के समझौते से खिलवाड़ करने की अनुमति नहीं दे सकते।"

### इजराइली हवाई हमलों में आठ लोगों की मौत

**काहिरा (एजेंसी)** गाजा पट्टी में इजराइली हवाई हमलों में कम से कम आठ लोग मारे गए, जिनमें एक स्थानीय रिपोर्टर भी शामिल है। फलस्तीनी चिकित्सकों ने यह जानकारी दी। इंडोनेशियाई अस्पताल ने बताया कि शनिवार को उत्तरी शहर बेत लाहिया के एक ही क्षेत्र में हुए दो हवाई हमलों में जान गंवाने वाले आठ लोगों के शव लाये गये। उत्तरी गाजा में आपातकालीन सेवाओं के प्रमुख फरेस अवाद ने मृतकों में से एक की पहचान स्थानीय पत्रकार महमूद इस्लाम के रूप में की, जो ड्रोन उड़ा रहा था।

### 64 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया

**हैदराबाद (भाषा)।** प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) के कुल 64 सदस्यों ने तेलंगाना के भद्राद्री कोठागुडेम जिले में पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना के सीमावर्ती गांवों के एक एरिया कमेटी सदस्य (एसीएम) सहित विभिन्न कैडर के 64 माओवादियों ने नक्सलवाद का रास्ता छोड़कर अपने परिवारों के साथ शांतिपूर्ण जीवन जीने का फैसला किया।

### श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के न्यासियों की महत्वपूर्ण बैठक आज

**अयोध्या (भाषा)।** श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के ट्रस्टियों की महत्वपूर्ण बैठक आज दोपहर मणिराम छावनी मंदिर में ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास के निवास स्थान पर होगी और बैठक की अध्यक्षता भी वही करेंगे। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र, कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरि, ट्रस्ट के सदस्य - स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती, स्वामी विश्वप्रसन्न तीर्थ, अनिल मिश्र, केंद्र और राज्य सरकारों के प्रतिनिधि और अयोध्या जिले के अधिकारियों के भाग लेने की उम्मीद है।

## श्रीनगर में भारी बर्फबारी



श्रीनगर। बाहरी इलाके में शनिवार को हल्की बर्फबारी के बाद स्थानीय लोग सड़क से गुजरते हुए।

### कश्मीर घाटी में ताजा हिमपात मैदानी इलाकों में भी गिरी बर्फ

**श्रीनगर (भाषा)।** कश्मीर के कई इलाकों में शनिवार को हिमपात हुआ जबकि कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। अधिकारियों ने बताया कि अनंतनाग, कुलगाम, शोपियां और पुलवामा जिलों के मैदानी इलाकों में बर्फबारी हुई। इसके अलावा, गुलमर्ग, सोनमर्ग और पहलगाम जैसे पर्यटन स्थलों पर भी हिमपात दर्ज किया गया। उन्होंने कहा कि बांदीपोरा जिले के गुरेज, कुपवाड़ा के कुछ इलाकों और घाटी के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भी बर्फबारी हुई। कश्मीर के अन्य हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार, अधिकांश स्थानों पर शनिवार को रुक-रुककर हल्की से मध्यम बारिश होगी जबकि ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी जारी रह सकती है। कई इलाकों में रविवार सुबह हल्की बारिश हो सकती है।

### राजस्थान में कई जगह बारिश

**जयपुर (भाषा)।** राजस्थान में एक नए पश्चिमी विक्षोभ के असर के चलते बीते 24 घंटे में कई जगह बादल छाए रहे और हल्की बारिश दर्ज की गई। मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार, शनिवार सुबह तक पिछले 24 घंटों में राज्य में कहीं-कहीं मेघ गर्जन के साथ हल्की वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान राज्य में सर्वाधिक अधिकतम तापमान चित्तौड़गढ़ में 38.5 डिग्री दर्ज किया गया जो सामान्य से 5.4 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है।

दोनों पक्षों ने 100 से अधिक ड्रोन देखे जाने की सूचना दी

# पुतिन की संघर्ष विराम शर्तों के बाद भी रूस और यूक्रेन ने एक-दूसरे पर किए हवाई हमले

एजेंसी ▸▸ कीव

रूस और यूक्रेन ने शनिवार रात को एक दूसरे पर बड़े पैमाने पर हवाई हमले किए और दोनों पक्षों ने अपने-अपने क्षेत्रों में दुश्मन के 100 से अधिक ड्रोन देखे जाने की सूचना दी। यह हमला रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन द्वारा अमेरिकी राजदूत स्टीव विटकॉफ से यूक्रेन के साथ युद्ध में 30 दिन के युद्ध विराम के अमेरिकी प्रस्ताव के विवरण पर चर्चा करने के 24 घंटे से भी कम समय बाद हुआ है। पुतिन ने बृहस्पतिवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि वह सैद्धांतिक रूप में संघर्ष विराम का समर्थन करते हैं, लेकिन उन्होंने कुछ ऐसे मुद्दे भी उठाए जिन्हें इस पर सहमति बनने से पहले स्पष्ट किए जाने की आवश्यकता है। यूक्रेन ने पहले ही युद्धविराम प्रस्ताव का समर्थन कर दिया है। यूक्रेन के अधिकारियों ने सार्वजनिक रूप से संदेह जताया है कि क्या मॉस्को इस तरह के समझौते के लिए प्रतिबद्ध होगा। ब्रिटेन के पीएम केअर स्टॉर्मर की मेजबानी में पश्चिमी सहयोगियों के बीच हुई ऑनलाइन बातचीत के बाद शनिवार को कीव में पत्रकारों से बात करते हुए राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने दीर्घकालिक शांति योजना पर चर्चा के लिए 30 दिन के पूर्ण युद्धविराम प्रस्ताव को अपना समर्थन दिया।



### रूस-यूक्रेन युद्ध 24 घंटे में खत्म करने का वादा 'थोड़ा व्यंग्यात्मक' था: ट्रंप

**वेस्ट पाम बीच।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने चुनाव प्रचार के दौरान दावा किया था कि वह रूस-यूक्रेन युद्ध को 24 घंटे के भीतर सुलझा सकते हैं, लेकिन उनका यह कथन "थोड़ा व्यंग्यात्मक" था। ट्रंप से संबंधित बयान पर सवाल किया गया जिसे उन्होंने चुनाव प्रचार के दौरान कई बार दोहराया था। 'फुल मेजर' टेलीविजन कार्यक्रम के लिए एक साक्षात्कार के दौरान उनसे पूछा गया कि उनके प्रशासन को सत्ता संभाले 54 दिन हो चुके हैं, लेकिन युद्ध का समाधान अभी तक नहीं हो पाया है। रविवार को प्रसारित होने वाले कार्यक्रम से पूर्व जारी क्लिप में ट्रंप ने कहा कि जब मैंने यह कहा था, तो मैं थोड़ा व्यंग्यात्मक था। मेरा मतलब यह था कि मैं इस युद्ध को समाप्त कराना चाहता हूं और मुझे लगता है कि मैं सफल हो जाऊंगा।"

यूएन में इस्लामोफोबिया के खिलाफ प्रस्ताव को भारत का समर्थन

# धार्मिक भेदभाव, सभी धर्मों पर असर डालता है: भारत

अंतरराष्ट्रीय दिवस मनाने के लिए महासभा में पूर्ण सत्र की अनौपचारिक बैठक हुई

भाषा ▸▸ संयुक्त राष्ट्र

- संरा में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी हरीश ने कहा कि भारत विविधता और बहुलता का देश
- 20 करोड़ से ज्यादा लोग इस्लाम का पालन करते हैं, इसलिए दुनिया की सबसे बड़ी मुस्लिम आबादी वाले देशों में से एक भारत

भारत ने कहा है कि वह मुसलमानों के खिलाफ धार्मिक असहिष्णुता की घटनाओं की निंदा करने में संयुक्त राष्ट्र के सदस्यों के साथ खड़ा है। साथ ही इस तथ्य को स्वीकार करने की आवश्यकता को रेखांकित किया कि धार्मिक भेदभाव एक व्यापक चुनौती है जो सभी धर्मों के अनुयायियों को प्रभावित कर रही है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी हरीश ने कहा कि भारत विविधता और बहुलता का देश है। हम दुनिया के लगभग हर बड़े धर्म के अनुयायियों का घर हैं और भारत चार विश्व धर्मों अर्थात हिंदू धर्म, बौद्ध धर्म, जैन धर्म और सिख धर्म का जन्मस्थान रहा है। 20 करोड़ से ज्यादा नागरिक इस्लाम का पालन करते हैं, इसलिए भारत दुनिया की सबसे बड़ी मुस्लिम आबादी वाले देशों में से एक है।" हरीश ने इस्लामोफोबिया (इस्लाम को लेकर अनावश्यक भय दिखाना) का मुकाबला करने के लिए अंतरराष्ट्रीय दिवस मनाने के लिए संयुक्त राष्ट्र महासभा में पूर्ण अधिवेशन की अनौपचारिक बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि धार्मिक भेदभाव, घृणा और हिंसा से मुक्त विश्व का निर्माण करना अनादि काल से भारत की जीवन पद्धति रही है।



### भारत ने यूएनजीए में जम्मू-कश्मीर के 'अनुचित' जिक्र के लिए पाकिस्तान की आलोचना की

**संयुक्त राष्ट्र (भाषा)** > भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में जम्मू-कश्मीर के "अनुचित" जिक्र के लिए पाकिस्तान की आलोचना की, साथ ही कहा कि इस तरह की टिप्पणियों से न तो पाकिस्तान के दावे वैध हो जाते हैं और न ही सीमा पार आतंकवाद की उसकी गतिविधियां न्यायसंगत।" संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पी हरीश ने 'इंटरनेशनल डे टू कॉम्बैट इस्लामोफोबिया' पर महासभा की एक अनौपचारिक बैठक में शुक्रवार को कहा," जैसा कि उनकी आदत है, पाकिस्तान के पूर्व विदेश सचिव ने आज केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर का अनुचित संदर्भ दिया है।" हरीश ने कहा कि पाकिस्तान की ओर से बार-बार उल्लेख किए जाने से "न तो उसके दावे वैध हो जाते है और न ही सीमा पार आतंकवाद की उसकी गतिविधियां न्यायसंगत।" उन्होंने कहा, " उस देश की कट्टरपंथी मानसिकता और कट्टरता का इतिहास सर्वविदित है। इस तरह के प्रयासों से यह वास्तविकता नहीं बदलेगी कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग था, है और हमेशा रहेगा।" दरअसल 'इंटरनेशनल डे टू कॉम्बैट इस्लामोफोबिया' पर महासभा की एक अनौपचारिक बैठक में पाकिस्तान की पूर्व विदेश सचिव तहमीना जंजुआ ने जम्मू-कश्मीर का उल्लेख किया था जिसके बाद हरीश ने यह कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की।

### होली के साथ रमजान के पवित्र महीने की बधाई दी

धार्मिक समुदायों को निशाना बनाना चिंताजनक

हरीश ने शुक्रवार को अपने अभिभाषण की शुरुआत रमजान के पवित्र महीने की बधाई देने के साथ-साथ होली की शुभकामनाएं देकर की, क्योंकि रंगों का यह त्योहार पूरे भारत और दुनिया भर में मनाया जाता है। भारत ने पूजा स्थलों और धार्मिक समुदायों को निशाना बनाकर की जाने वाली हिंसा में चिंताजनक वृद्धि पर चिंता व्यक्त की। । हरीश ने कहा कि इसका मुकाबला केवल सभी सदस्य देशों द्वारा सभी धर्मों के लिए समान सम्मान के सिद्धांत के प्रति सतत प्रतिबद्धता और ठोस कार्रवाई से ही किया जा सकता है।

### शिक्षा प्रणाली रूढ़िवादिता या चरमपंथ को बढ़ावा न दें

हरीश ने कहा कि सभी देशों को अपने सभी नागरिकों के साथ समान व्यवहार करने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए और ऐसी नीतियों का पालन नहीं करना चाहिए जो धार्मिक भेदभाव को बढ़ावा देती हों। हमें यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि शिक्षा प्रणाली रूढ़िवादिता या चरमपंथ को बढ़ावा न दे।" हरीश ने कहा कि चूंकि अंतरराष्ट्रीय समुदाय इस दिवस को मना रहा है, इसलिए यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि "इस्लामोफोबिया के खिलाफ लड़ाई, सभी रूपों में धार्मिक भेदभाव के खिलाफ व्यापक संघर्ष से अविभाज्य है।"

### संरा में बांग्लादेश में चुनाव कराने का मुद्दा छाया रहा

**ढाका (भाषा)।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की पार्टी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस से कहा कि वह बांग्लादेश में जल्द से जल्द चुनाव कराने के पक्षधर हैं। बांग्लादेश की चार दिवसीय यात्रा पर आए गुतारेस ने यहां चुनाव कराने से संबंधित सुधार प्रस्तावों पर आयोजित गोलमेज सम्मेलन में भाग लिया, जिसमें राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और 'नेशनल कन्सेन्सस बिल्डिंग कमीशन' सहित विभिन्न हितधारक शामिल हुए थे। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद युनूस 'नेशनल कन्सेन्सस बिल्डिंग कमीशन' का नेतृत्व कर रहे हैं। बैठक में विभिन्न दलों के नेताओं ने अवामी लीग और उसके सहयोगियों को शामिल नहीं किया। बीएनपी के महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर ने इस बैठक में शामिल होने के बाद कहा कि हमने उनसे (गुतारेस) कहा कि हम चाहते हैं कि अंतरिम सरकार बांग्लादेश में चुनाव कराने से संबंधित सुधारों को पूरा करने के बाद जल्द चुनाव कराए। बीएनपी की सर्वोच्च नीति निर्धारण स्थायी समिति के सदस्य सलाहुद्दीनभी आलमगीर के साथ बैठक में शामिल हुए थे।

- संयुक्त राष्ट्र और बांग्लादेश के बीच घनिष्ठ सहयोग की सराहना की
- संरा प्रमुख गुतारेस और बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार यूनुस के बीच चर्चा



## नासा के फंसे यात्रियों का स्थान लेने को नया दल अंतरिक्ष स्टेशन भेजा

एजेंसी ▸▸ केप कैनवेरल (अमेरिका)

अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में लंबे समय से फंसे नासा के दो अंतरिक्ष यात्रियों बुच विल्मोर और सुनीता विलियम्स के स्थान पर अन्य अंतरिक्ष यात्रियों को तैनात करने के लिए शुक्रवार रात एक यान को रवाना किया गया। इसके साथ ही विलियम्स और विल्मोर की वापसी का रास्ता साफ हो गया। नासा चाहता है कि अंतरिक्ष स्टेशन में यह नया दल वहां मौजूद विलियम्स और विल्मोर से मुलाकात करे ताकि विल्मोर और विलियम्स 'ऑर्बिटिंग लैब' में होने वाली घटनाओं के बारे में नए लोगों को बता सकें। माना जा रहा है कि अगर मौसम सही रहा तो दोनों फंसे अंतरिक्ष यात्रियों को अगले सप्ताह फ्लोरिडा के तट के निकट जलक्षेत्र में उतारा जाएगा। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी के कैनेडी स्पेस सेंटर से कक्षा में पहुंचने वाले इस नए दल में नासा के ऐनी मैक्लेन और निकोल एयर्स शामिल हैं तथा दोनों सैन्य पायलट हैं। इनके अलावा जापान के ताकुया ओनिशी और रूस के किरिल पेस्कोव भी रवाना हुए हैं और दोनों एयरलाइन कंपनियों के पूर्व पायलट हैं। ये चारों लोग विल्मोर और विलियम्स के धरती के लिए रवाना होने के बाद अगले छह महीने अंतरिक्ष स्टेशन में बिताएंगे, जिसे सामान्य अवधि माना जाता है। उड़ान के कुछ ही मिनटों बाद मैक्लेन ने कहा, "अंतरिक्ष उड़ान मुश्किल है, लेकिन इंसान उससे भी अधिक जटिल है।"

### इसरो ने क्रायोजेनिक इंजन का स्वीकृति तप्त परीक्षण किया

*बेंगलुरु (भाषा)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शनिवार को कहा कि उसने तमिलनाडु के महेंद्रगिरि स्थित अपने प्रणोदन परिसर में एलवीएम 3 प्रक्षेपण यान (एलवीएम-एम 6) के छठे परिचालन मिशन के लिए क्रायोजेनिक इंजन का उड़ान स्वीकृति तप्त परीक्षण सफलतापूर्वक किया है। इन परीक्षणों के जरिए इंजन की गुणवत्ता और उप-प्रणालियों के कामकाज का आकलन किया जाता है। इसरो ने कहा कि प्रत्येक मिशन में क्रायोजेनिक इंजन को उड़ान के लिए स्वीकृति प्रक्रिया के हिस्से के रूप में तप्त परीक्षण से गुजरना पड़ता है।*

### कनाडा: मंत्रिमंडल में भारतीय मूल की दो मंत्री

**ओटावा (भाषा)।** भारतीय-कनाडाई अनीता आनंद और दिल्ली में जन्मी कमल खेड़ा कनाडा के नए प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के मंत्रिमंडल में शामिल हैं। पूर्व केंद्रीय बैंकर मार्क कार्नी ने शुक्रवार को कनाडा के नए प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी। कार्नी (59) ने प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की जगह ली, जिन्होंने जनवरी में अपने इस्तीफे की घोषणा की थी। लिबरल पार्टी द्वारा नया नेता चुने जाने तक ट्रूडो सत्ता में बने रहे। आनंद को (58) नवाचार, विज्ञान और उद्योग मंत्री बनाया गया है जबकि 36 वर्षीय खेड़ा स्वास्थ्य मंत्री हैं। दिल्ली में जन्मी खेड़ा का परिवार उस समय कनाडा चला गया था जब वह स्कूल की शिक्षा ग्रहण कर थीं। बाद में उन्होंने टोरंटो के यॉर्क विश्वविद्यालय से विज्ञान स्नातक की डिग्री हासिल की। कनाडा के प्रधानमंत्री की वेबसाइट पर उल्लेख है कि खेड़ा को पहली बार 2015 में ब्रैम्पटन वेस्ट से संसद सदस्य के रूप में चुना गया था। इसमें कहा गया है, "मंत्री खेड़ा संसद के लिए चुनी गई सबसे कम उम्र की महिलाओं में से एक हैं।



### नई दिल्ली रेलवे स्टेशन भगदड़ मामला: स्थानांतरित पांच अधिकारियों में से दो की एनएफआर मुख्यालय में तैनाती

**नई दिल्ली (भाषा)।** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर फरवरी में भगदड़ की घटना के बाद हटाए गए पांच रेलवे अधिकारियों में से दो को उत्तर रेलवे मुख्यालय में नयी तैनाती दी गई है। भगदड़ की घटना में 18 यात्री मारे गए थे। अधिकारियों ने कहा कि इन तैनाती को दंडात्मक पदस्थापना माना जाता है, क्योंकि इनके पास रेल परिचालन संबंधी कोई अहम अधिकार नहीं होता है। रेलवे स्टेशन पर भगदड़ की घटना के बाद रेल प्रशासन ने 4 मार्च 2025 को चार अलग-अलग आदेश जारी करके पांच अधिकारियों को हटा दिया था। स्टेशन निदेशक के पद से हटाए गए महेश यादव को नयी दिल्ली स्थित उत्तर रेलवे मुख्यालय में माल परिचालन सूचना प्रणाली (एफओआईएस) के लिए उप मुख्य परिचालन प्रबंधक (डिप्टी सीओएम) के पद पर पुनः नियुक्त किया गया है। उत्तर रेलवे (एनआर) द्वारा 12 मार्च 2025 को जारी एक नोटिस के अनुसार, दिल्ली डिवीजन के वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक (सीनियर डीओएम जी) का पद एनआर मुख्यालय में स्थानांतरित कर दिया गया और इसे डिप्टी सीओएम (एफओआईएस) एनआर के रूप में पुनः नामित किया गया।

- भगदड़ की घटना में 18 यात्री मारे गए थे

### मोदी अगले महीने श्रीलंका की यात्रा करेंगे

**कोलंबो (भाषा)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पिछले वर्ष श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके की दिल्ली यात्रा के दौरान हुए समझौतों को अंतिम रूप देने के लिए अगले महीने की शुरुआत में श्रीलंका की यात्रा करेंगे। विदेश मंत्री विजिता हेराथ ने यहां संसद में बजट आवंटन को लेकर हुई चर्चा पर एक सवाल के जवाब में यह बयान दिया। हेराथ ने कहा, "हमने अपने पड़ोसी देश भारत के साथ घनिष्ठ संबंध बनाए रखे हैं। हमारी पहली कूटनीतिक यात्रा भारत की थी, जहां हमने द्विपक्षीय सहयोग पर कई समझौते किए।" उन्होंने कहा, "भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अप्रैल की शुरुआत में यहां आएंगे। हेराथ ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा के दौरान सामपुर सौर ऊर्जा स्टेशन के उद्घाटन के अलावा कई नए समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। सरकारी विद्युत इकाई सीलोन विद्युत बोर्ड और भारत की एनटीपीसी ने 2023 में पूर्वी त्रिंकोमाली जिले के सामपुर शहर में 135 मेगावाट का सौर ऊर्जा संयंत्र बनाने पर सहमति व्यक्त की थी। हेराथ ने कहा, "हम अपनी विदेश नीति में किसी का पक्ष लिए बिना तटस्थ रहेंगे।



कोलंबिया विश्वविद्यालय से पीएचडी कर रही थी

## 'हमास के समर्थन' की वजह से वीजा गंवाने वाली भारतीय छात्रा लौटी



भाषा ▸▸ न्यूयॉर्क/वाशिंगटन

अमेरिका के कोलंबिया विश्वविद्यालय से पीएचडी कर रही वह भारतीय छात्रा स्वदेश लौट आई है, जिसका वीजा कथित तौर पर "हिंसा और आतंकवाद की वकालत" करने तथा हमास समर्थित गतिविधियों में शामिल होने के कारण रद्द कर दिया गया था। होमलैंड सुरक्षा विभाग ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि भारतीय नागरिक रंजनी श्रीनिवासन ने एफ-1 छात्र वीजा पर कोलंबिया विश्वविद्यालय में शहरी नियोजन में डॉक्टरेट की छात्रा के रूप में अमेरिका में कदम रखा था। बयान में कहा गया है कि रंजिनी आतंकवादी संगठन हमास को समर्थन देने वाली गतिविधियों में शामिल थी और विदेश विभाग ने पांच मार्च को उसका वीजा रद्द कर दिया था। इसमें बताया गया है कि होमलैंड सुरक्षा विभाग को रंजनी का 11 मार्च का एक वीडियो मिला है, जिसमें वह स्व-निर्वासन के लिए सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा (सीबीपी) के स्मार्टफोन ऐप का इस्तेमाल करती नजर आ रही है। होमलैंड सुरक्षा विभाग की सचिव क्रिस्टी नोएम ने बयान में कहा कि "अमेरिका में रहने और पढ़ाई करने के लिए वीजा हासिल करना एक विशेषाधिकार है।

ग्राम पंचायतों में महिलाओं के आरक्षण की सराहना की

# सरकारों का पक्ष रखने वाले विधि अधिकारियों में 30 प्रतिशत महिलाएं होनी चाहिए : न्यायमूर्ति नागरत्ना

भाषा ▸▸ मुंबई

उच्चतम न्यायालय की न्यायाधीश न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना ने ग्राम पंचायतों में महिलाओं के आरक्षण की सराहना करते हुए कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों का प्रतिनिधित्व करने वाले विधि अधिकारियों में भी कम से कम 30 प्रतिशत महिलाएं होनी चाहिए। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के रूप में सक्षम महिला अधिवक्ताओं की पदोन्नति का आह्वान किया ताकि न्यायाधीशों में अधिक विविधता लाई जा सके। शीर्ष अदालत की न्यायाधीश ने यहां मुंबई विवि द्वारा 'ब्रेकिंग ग्लास सीलिंग: वूमेन हू मेड इट' विषय पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए सवाल किया कि यदि 45 वर्ष से कम आयु के पुरुष अधिवक्ताओं को उच्च न्यायालयों में नियुक्त किया जा सकता है, तो सक्षम महिला अधिवक्ताओं को क्यों नहीं।

न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना ने कहा कि सफलतापूर्वक बंदिशों को तोड़ने के लिए, हमें कल की लड़कियों और महिलाओं को लिंग-भूमिकाओं और गुणों के पूर्वाग्रहों से नहीं गुजरने देना चाहिए। सफलता के लिए कोई ऐसा गुण नहीं है जो केवल पुरुषों के लिए हो और महिलाओं में न हो।" न्यायमूर्ति नागरत्ना ने रेखांकित किया कि युवा महिलाओं के पास ऐसे आदर्श और मार्गदर्शकों का अभाव है जो उन्हें कानूनी पेशे में आगे बढ़ने और सफल होने के लिए प्रेरित, प्रोत्साहित और मदद कर सकें। उन्होंने कहा कि यह अहम है कि हम उन महिलाओं के महत्व को पहचानें जिन्होंने बंदिशों को तोड़ दिया और उनके मार्ग का अनुसरण करें। साथ ही, हमें उन महिलाओं को भी याद रखना चाहिए जिन्होंने भले ही उच्च-स्तरीय उपलब्धियों के माध्यम से सुर्खियां नहीं बटोरीं, लेकिन उनका योगदान महत्वपूर्ण है और जिन्होंने अपने आसपास के लोगों के जीवन पर अपनी छाप छोड़ी है।" न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा कि आम

### महिलाओं के महत्व को पहचानें



महिलाओं के जीवन को भी मान्यता दी जानी चाहिए, जिनकी प्राथमिक भूमिकाएं मां, पत्नी और देखभाल करने वाली की हैं। उन्होंने कहा, "उनका महत्व हमेशा दिखाई नहीं देता, लेकिन कई मायनों में, ये महिलाएं ही हैं जो अपने परिवार के सदस्यों के लिए बाहरी दुनिया पर विजय पाने का आधार बनाती हैं। बच्चों की परवरिश और घर-परिवार को संभालने के लिए भी काफी नेतृत्व, बौद्धिक क्षमता और रचनात्मकता की आवश्यकता होती है।" न्यायमूर्ति नागरत्ना ने रेखांकित किया कि न्यायपालिका को हर स्तर पर संवेदनशील, स्वतंत्र और पूर्वाग्रहों से मुक्त होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हालांकि अग्रणी विधि विद्यालयों और विश्वविद्यालयों से स्नातक होकर जूनियर स्तर पर काम करने वाली महिला स्नातकों की संख्या उनके पुरुष समकक्षों के लगभग बराबर है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109